डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार | 25 फरवरी 2025 | वर्ष-31, अंक- 132, पृष्ठ-12 | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 12, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

₹80200 10 ग्राम
₹100000 01 किलो

| सेंसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 74,454.41 | 86.642 |
| -856.66 | +0.070 |


ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 10

## एक नजर

### राशन कार्ड धारक अब 31 मार्च तक करा सकते हैं ई-केवाईसी

**रांची।** झारखंड के राशन कार्ड धारकों के लिए एक अच्छी खबर है! केंद्र सरकार ने राशन कार्डधारकों के लिए ई-केवाईसी कराने की तिथि 31 मार्च तक बढ़ा दी है। इससे राज्य के 61,03,667 परिवारों को अपने राशन कार्ड का ई-केवाईसी कराने के लिए एक माह का अतिरिक्त समय मिलेगा। सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पीएच, एएवाई के अलावा राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत आनेवाले हरे राशन कार्ड और अन्य सभी कार्डधारी परिवारों के सभी सदस्यों की ई-केवाईसी को अनिवार्य किया है। इसका मकसद यह है कि वास्तविक लाभुकों को ही सरकारी योजनाओं का लाभ मिले। झारखंड सरकार ने पहले ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी करने के लिए 28 फरवरी तक की तिथि तय की थी। लेकिन अब इस तिथि को बढ़ा दिया गया है। राज्य में 61,03,667 परिवार के 2,63,86,726 सदस्यों का ई-केवाईसी कराना है।

## आज / कल

क्रिकेट मैच पर करोड़ों का सट्टा पकड़ा, दो धरे




### राज्यपाल के अभिभाषण से झारखंड विधानसभा का बजट सत्र शुरू

# मंईयां सम्मान और अबुआ आवास शानदार योजना : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से शुरू हो गया। सत्र के पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण हुआ। जिसमें उन्होंने राज्य सरकार के उपलब्धियों का बखान किया। बजट सत्र से पहले राज्यपाल संतोष गंगवार को गार्ड ऑफ ऑनर देकर स्वागत किया गया। विपक्ष के विरोध के बीच सदन में राज्यपाल का अभिभाषण शुरू हुआ। जिसमें उन्होंने सरकार की मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना और अबुआ आवास योजना की तारीफ करते हुए इसे एक शानदार योजना बताया। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सरकार भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कार्य कर रही है सरकार :** राज्यपाल संतोष गंगवार ने अपने अभिभाषण कहा कि हमारी सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। इसके तहत फूलो झानो आशीर्वाद योजना, मंईयां सम्मान योजना की शुरूआत की गई। इसके अलावा हमारी सरकार अबुआ आवास योजना के तहत 31 मीटर में 3 कमरों वाला मकान बनाने के लिए 2 लाख रुपये की सहायता राशि देती है। साथ ही साथ किसानों के 2 लाख रुपये तक लोन कृषि ऋण माफी योजना के तहत माफ कर दिए गए।

**रोजगार के लिए 81 भर्ती कैंप का आयोजन :** झारखंड विधानसभा के सदन में राज्यपाल संतोष गंगवार ने सरकार द्वारा रोजगार की दिशा में किए गए कार्यों का भी बखान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार के अवसर सुनिश्चित करने को लेकर हमारी सरकार ने 63 रोजगार मेले में 81 भर्ती कैंप आयोजित किए। साथ ही सरकारी क्षेत्र में भी हर संभव लोगों को राजगार दिलाने का प्रयास जारी है। खादी ग्राम योजना के तहत भी लोगों को रोजगार दिलाने का प्रयास जारी है।

**राज्य व राजधानी के विकास पर राज्यपाल ने डाला प्रकाश :** राज्यपाल ने झारखंड के विकास में बदलते इंफ्रास्ट्रक्चर का बखान करते हुए रांची में बन रहे कांटाटोली फ्लाइओवर का जिक्र किया।

शेष पेज 11 पर



### 3 मार्च को पेश होगा झारखंड का बजट

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र का कार्यक्रम तय कर दिया गया है। 28 फरवरी को तृतीय अनुपूरक बजट पर चर्चा होगी और विनियोग विधेयक को पारित कराया जाएगा। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर 3 मार्च को वर्ष 2025-26 का बजट पेश करेंगे। इसके बाद बजट पर सामान्य वाद-विवाद में पक्ष-विपक्ष के सदस्य अपनी बातों को रखेंगे।

### अनुदान मांग पर चर्चा

5, 6 और 7 मार्च को विभिन्न विभागों की अनुदान मांग पर चर्चा होगी। इसके अलावा, 10 और 11 मार्च को भी अनुदान मांग पर चर्चा होगी।

**अवकाश के कारण स्थगित**

12 से 16 मार्च तक होली और अन्य अवकाश के कारण सदन स्थगित रहेगी। इसके बाद, 17 से 21 मार्च के बीच भी विभिन्न विभागों की अनुदान मांग पर चर्चा होगी।

### बजट सत्र के पहले दिन दिवंगत हस्तियों को झारखंड विधानसभा में दी गई श्रद्धांजलि

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान हाल ही में दिवंगत हुई कई प्रतिष्ठित हस्तियों और आम नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संवेदना पारित की गई। विधानसभा में सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव को पारित किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित लोगों के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया गया। सदन ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शोक प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि राज्य ने कई महत्वपूर्ण व्यक्तियों को खो दिया है, जिनका योगदान सदैव याद रखा जाएगा। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की और उनके दुख में राज्य सरकार की सहभागिता जताई। विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने भी अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि यह क्षति अपूरणीय है और हम सभी उनकी यादों को संजोकर आगे बढ़ेंगे। इस अवसर पर विभिन्न दलों के नेताओं ने भी शोक संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की।

**इन हस्तियों को दी गयी श्रद्धांजलि :** विधानसभा के बजट सत्र में जिन हस्तियों को याद किया गया, इनमें मनमोहन सिंह, रतन नवल टाटा, सीताराम येचुरी, ओम प्रकाश चौटाला, एस एम कृष्णा, कुंवर नटवर सिंह, सधनु भगत, बच्चा सिंह, छत्रुराम महतो, बैरागी शेष पेज 11 पर

### ऐसा है बजट सत्र का कार्यक्रम

- 25 फरवरी: प्रश्नकाल, राज्यपाल के अभिभाषण पर वाद-विवाद
- 26 फरवरी: अवकाश
- 27 फरवरी: प्रश्नकाल, वित्तीय वर्ष 2024-25 का तीसरा अनुपूरक बजट, राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा
- 28 फरवरी: प्रश्नकाल, अनुपूरक पर चर्चा
- 01 और 02 मार्च: अवकाश
- 03 मार्च: वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट
- 04 मार्च: प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद
- 05 मार्च: प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद
- 06 मार्च: प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद
- 07 मार्च: प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद
- 08 और 09 मार्च: अवकाश
- 10 मार्च: प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद
- 11 मार्च: प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद
- 12 से 16 मार्च: अवकाश
- 17 मार्च: प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद
- 18 मार्च: प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद
- 19 मार्च: प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद
- 20 मार्च: प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद
- 21 मार्च: प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद
- 22 और 23 मार्च: अवकाश
- 24 मार्च: प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद, विनियोग विधेयक
- 25 मार्च: प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक
- 26 मार्च: प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक और अत्य राजकीय कार्य
- 27 मार्च: प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक, गैर सरकारी संकल्प

## भाजपा के सांकेतिक विरोध के बीच सरकार की उपलब्धियां गिनाई राज्यपाल ने

**सुनील बादल**

झारखंड विधानसभा के छठे बजट सत्र की शुरूआत समय पर हुई और अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने अपील की कि हम सभी साढ़े तीन करोड़ झारखंडियों का प्रतिनिधितित्व करते हैं और 27 मार्च तक चलने वाले सत्र के निर्बाध चलने से बहुत सारे जनता के मुद्दे उठाए जा सकते हैं राज्यपाल के अभिभाषण को भी उन्होने एक बड़ा अवसर बताया। 11.30 बजे राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाईं और सरकार के आगे की कार्य योजनाओं का भी जिक्र किया। इस बार विपक्षी खेमे में पिछले विधानसभा के दिग्गज वक्ताओं की कमी महसूस की जा रही थी और जब राज्यपाल संतोष गंगवार ने अपने संबोधन जब सरकार के कार्यों की तारीफ कर रहे थे तो बीजेपी के वरिष्ठ नेता सीपी सिंह ने सांकेतिक विरोध किया जिसका भाजपा विधायकों ने समर्थन किया बीच में विधायक नीरा यादव ने भी टोका टोकी की बीच-बीच में व्यवधान के बावजूद राज्यपाल अपना अभिभाषण पढ़ते रहे। राज्यपाल ने कहा कि नव वर्ष पर सुख समृद्धि की कामना के साथ शांतिपूर्ण मतदान के लिए मतदाताओं ,प्रशासन और मीडिया के प्रति आभार प्रकट किया । सभी विधायकों से अपील है कि वह अपने सकारात्मक विचार दें। राज्यपाल ने कहा सरकार को अपार जनादेश मिला है, इससे यह साबित होता है कि वह जनता के दिलों में बसती है। राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान ही भाजपा विधायकों ने टोका टोकी शुरू की और भाजपा विधायक सीपी सिंह ने कहा कि आपसे गलत पढ़ाया जा रहा है, आपसे असत्य पढ़ाया जा रहा है। हालांकि, बीजेपी विधायक अपनी आपत्ति के बाद बैठ गए और राज्यपाल अपना अभी भाषण देते रहे। राज्यपाल ने अबुआ आवास योजना, मंईयां सम्मान योजना की चर्चा की तो फिर भाजपा विधायकों ने टोका टोकी शुरू कर दी। राज्यपाल ने कहा कि राज्य में अपराध मुक्त राज है, कानून का राज स्थापित किया गया है, नक्सली अभियानों में 248 नक्सलियों की गिरफ्तारी की गई है। साइबर अपराध समाज के लिए खतरा है और इस पर भी सरकार गंभीर है और इसको लेकर एक्शन प्लान बनाया जा रहा है। राज्यपाल ने कहा कि उग्रवादी हिंसा में मृतक के परिजनों को अब एक के बजाय तीन लाख का मुआवजा दिया जा रहा है। सभी कार्यालयों में सीसीटीवी समेत अन्य सुरक्षा के उपाय किए जा रहे हैं। राज्यपाल ने कहा, अनुग्रह अनुदान से जिलों को 26 करोड़ से ज्यादा उपलब्ध करा दिया गया है, जबकि प्रवासी श्रमिकों को सहायता और घर वापसी के लिए भी सरकार प्रयासरत है। 162 प्रवासी मजदूरों के मृत्यु पर भी मुआवजा का भुगतान भी किया गया है। 122 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया है और इन बच्चों का स्कूलों में नामांकन भी कराया गया है। लगभग घंटा भर चले अभिभाषण में राज्यपाल ने कहा कि औद्योगिक विकास को लेकर राज्य सरकार बेहद गंभीर है और एमएसएमई क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रही है। एक जिला एक उत्पाद की नीति बनाई गई है। खादी भारत की पहचान है उनकी योजनाओं को कार्यालय निमित्त किया जा रहा है। 22 खदान नीलामी के लिए चिन्हित किए गए हैं। अवैध खनन पर पूर्ण रूप से रोक लगाने की भी पहल की गई है।

### बगैर नेता प्रतिपक्ष सदन की कार्यवाही हुई शुरू

रांची। बजट सत्र से पहले यह संभावना जताई जा रही थी कि नेता प्रतिपक्ष का चयन सदन शुरू होने से पहले हो जाएगा, मगर ऐसा नहीं हुआ। प्रमुख विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी विधायक दल के नेता का चयन करने में अब तक उदासीन है। इस वजह से नेता प्रतिपक्ष सदन को नहीं मिल पाया है। इन सब गहमागहमी के बीच बजट सत्र की शुरुआत हुई। बजट सत्र में सदन के नेता और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी विधायक पत्नी कल्पना सोरेन के साथ सदन की कार्यवाही में भाग लेने पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री को संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर, मुख्य सचिव अलका तिवारी, कार्मिक सचिव वंदना दादेल, झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव मणिक लाल हेम्ब्रम ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इसके अलावे सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष के सभी प्रमुख विधायक मंत्री मौजूद थे।


**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।




षष्ठम झारखंड विधान सभा के द्वितीय (बजट) सत्र प्रारंभ होने से पूर्व विधान सभा स्थित स्पीकर कक्ष में विधान सभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो का अभिवादन करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

## सीएम के आदेश पर टनल में फंसे श्रमिकों के परिजन हवाई जहाज से तेलंगाना रवाना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के आदेश पर तेलंगाना के निर्माणाधीन टनल में फंसे झारखंड के श्रमिकों के परिजनों को लेकर पदाधिकारी तेलंगाना रवाना हो गए। गुमला जिला प्रशासन के नेतृत्व में चार परिवारों के एक-एक सदस्य, पुलिस अधिकारी और गुमला जिला प्रशासन का कर्मी बिरसा मुंडा हवाई अड्डा से तेलंगाना के लिए प्रस्थान किया। वहीं दूसरी ओर, मुख्यमंत्री के निर्देश पर श्रम विभाग के अधिकारी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

**यह है वर्तमान स्थिति :** तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में स्थित श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल कुल 8 श्रमिक फंसे हुए हैं, जिनमें झारखंड के चार, उत्तर प्रदेश के दो, जम्मू-कश्मीर और पंजाब का एक एक श्रमिक शामिल है। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की टीम बचाव अभियान में जुटी हुई है। नियंत्रण कक्ष ने एडिशनल लेबर ऑफिसर, नागरकुरनूल एवं फंसे हुए झारखंड के श्रमिकों के साथ तेलंगाना गए अन्य श्रमिकों से संपर्क किया है। श्रमिकों ने बताया कि वे जयप्रकाश एसोसिएट्स एलटीएस के अंतर्गत श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल प्रोज्क्ट में कार्य कर रहें हैं।



**लगातार ली जा रही है रिपोर्ट :** राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष तेलंगाना प्रशासन एवं वहां मौजूद अन्य श्रमिकों के साथ निरंतर संपर्क में है। एनडीआरएफ की टीम द्वारा किए जा रहे बचाव कार्यों की नियमित रिपोर्ट ली जा रही है। गुमला जिला प्रशासन के नेतृत्व में गई टीम भी वहां पहुंच कर नियंत्रण कक्ष को वस्तुस्थिति से अवगत कराएगा।

## इंडिया

# पर्यावरण को रौंदता अंधाधुंध विकास और अनियंत्रित आबादी





सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

झारखंड के ग्रामीण और जनजातीय समुदाय के अधिकांश सदस्य जंगलों की अंधाधुंध कटाई और औद्योगिकरण का विरोध करते रहे हैं क्योंकि सदियों से वे इन्हें अपने रक्षक या पालनकर्ता के रूप में देखते रहे हैं। इनको बचपन से सिखाया जाता था कि पेड़ को प्रणाम कर आवश्यकता भर ही सूखी या अन्य लकड़ी पेड़ को बिना नुकसान पहुंचाए काटनी चाहिए। आधुनिक पश्चिमी संस्कृति में धीरे धीरे इन बातों को गंवारू या अंधविश्वास तक कहा जाने लगा जिससे बहुत से लोग पर्यावरण रक्षा की अनूठी और ऐतिहासिक परंपरा से दूर हो गए। इतिहासकार एरिक हॉब्सबॉम ने अपनी किताब 'द एज ऑफ एक्सट्रीम्स' में लिखा है, "यह कोई संयोग नहीं है कि पारिस्थितिक नीतियों के लिए समर्थन प्रमुख रूप से व्यापारियों को छोड़कर उन अमीर देशों और मध्यम वर्गों से आता है, जो प्रदूषणकारी गतिविधियों से पैसा कमाते हैं।" गरीब अधिक भौतिक साधन और आर्थिक विकास चाहते थे और बाधा बनती थी पर्यावरण रक्षा की शर्तें। विशेषज्ञ मानते हैं कि पर्यावरण की पूर्ण रक्षा और कड़े प्रतिबंध वैचारिक और व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। 'हिमालय में किसान विरोध आंदोलन', जिसे 'चिपको' चला था पर बाद में यह समाप्त हो गया । इसमें सामाजिक न्याय की चिंता को खत्म करते हुए वन क्षेत्र को बढ़ाने में रुचि पर बल दिया गया था। 'चिपको आंदोलन' की शुरुआत 1973 में हुई। इस आंदोलन ने जंगलों, पानी और चारागाहों में सामुदायिक अधिकारों की रक्षा के लिए पूरे भारत में इसी तरह के आंदोलनों को प्रेरित किया।'चिपको आंदोलन' में शामिल रहे विज्ञानी माधव गाडगिल का मानना था कि भारत जैसे देश के पास पर्यावरणीय स्थिरता की चिंता के अन्य भी कई कारण हैं। भारत उच्च जनसंख्या घनत्व, औपनिवेशिक अधीनता के इतिहास और अपनी नाजुक पारिस्थितिकी के साथ यूरोप और उत्तरी अमेरिका द्वारा शुरू किए गए औद्योगीकरण के ऊर्जा, पूंजी और संसाधन-गहन मॉडल की नकल नहीं कर सकता।

'चिपको' के बाद से भारत में इस बात पर जोरदार बहस चल रही है कि क्या देश को आर्थिक विकास के लिए अधिक पर्यावरण अनुकूल विकल्प तैयार करना चाहिए? यह बहस उच्च सिद्धांतों के स्तर पर न होकर छोटे-छोटे टुकड़ों में बांटकर होती है। क्या जंगलों पर सामुदायिक नियंत्रण हो जाने से वुडलैंड पर राज्य के अधिकार वाले मौजूदा मॉडल की तुलना में अधिक पर्यावरण अनुकूल और न्यायसंगत परिणाम मिलेंगे? क्या राजमार्गों और बांधों जैसी बड़े बुनियादी ढांचे वाली परियोजनाओं की वजह से विस्थापित होने वाले किसानों और आदिवासियों को केवल मौद्रिक मुआवजा दिया जाना चाहिए या उनकी आजीविका और रोजगार के लिए वैकल्पिक उपाय किए जाने चाहिए? क्या शहरीकरण की इन प्रक्रियाओं से ग्रामीण इलाकों के संसाधनों का अत्यधिक दोहन हो जाएगा? क्या वन्यजीव संरक्षण ने दलदली जमीन, झाड़ीदार जंगलों और अन्य लुप्तप्राय आवासों की कीमत पर बाघ और हाथी जैसी बड़ी प्रजातियों पर अत्यधिक ध्यान केंद्रित किया है? ऐसे ही सवालों पर वैज्ञानिक पत्रिकाओं, लोकप्रिय वेबसाइट्स और कार्यकर्ता मंचों पर चर्चा की जाती है। लेकिन भारत के प्रभावशाली वर्गों के बीच यह भ्रम बना हुआ है कि जंगलों के विकास के मामले में हम अब भी बहुत पीछे हैं। इसमें भारत के प्रचलित सिद्धांतों के विपरीत मुक्त-बाजार अर्थशास्त्री ही हैं, जो पर्यावरणवाद को देश के वर्तमान और भविष्य के लिए कथित तौर पर अप्रासंगिक बताकर विरोध करते हैं।यदि भारत के लोगों के मन में पर्यावरण से जुड़े मुद्दे उठते हैं तो इसका संबंध जलवायु परिवर्तन से है। यहां भी सिर्फ दावा करके इस मामले को किनारे कर दिया गया है कि अमीर देशों को जीवाश्म ईंधन पर हमारी निर्भरता को छोड़ने और उसे स्वच्छ ऊर्जा में स्थानांतरित करने के बारे में उपदेश देने का कोई मतलब नहीं है। इस बात में कोई संदेह नहीं कि यूरोप और उत्तरी अमेरिका के देश इस संबंध में काफी पाखंडी रहे हैं। जीवाश्म ईंधन का निष्कर्षण और उसका उपयोग कर अपनी संपत्ति बनाने के बाद अब वे वैश्विक दक्षिण के गरीब देशों से तेल क्षेत्रों और कोयला संयंत्रों को बंद करने के लिए तो कह रहे हैं, लेकिन वे ऊर्जा के स्वच्छ स्त्रोतों की ओर कैसे बढ़ें, इसके लिए पर्याप्त वित्तीय और तकनीकी सहायता की अनुमति प्रदान करने से इनकार कर रहे हैं। इसमें सबसे बड़ी बात यह है कि लोग स्वयं इस बात की गंभीरता को समझें कि हमारे आसपास के नदी तालाब या तो लुप्त हो गए हैं या इतने प्रदूषित हैं कि छठ पूजा तक नहीं कर सकते तो यह एक चेतावनी है कि हम पर्यावरण संतुलन के बजाय विकास के नाम पर जनसंख्या विस्फोट और साधनों की कमी के मुहाने पर खड़े हैं।भारत के सामने जो पर्यावरणीय चुनौतियां मौजूद हैं, जलवायु परिवर्तन उनमें से एक है। दिल्ली और अन्य उत्तर भारतीय शहरों में वायु प्रदूषण का स्तर दुनिया में सबसे अधिक है। अधिकांश भारतीय नदियों का पानी मनुष्यों और घरेलू जानवरों के पीने लायक नहीं है। देश में प्राकृतिक जल स्त्रोत तेजी से कम हो रहे हैं, जिसमें पंजाब जैसे राज्य भी शामिल हैं, जिसे लंबे समय से देश के लिए 'रोटी की टोकरी' माना जाता रहा है। खेती वाली जमीन अनुमान से अधिक रसायनों से दूषित है। हर जगह के प्राकृतिक जंगलों में बड़ी मात्रा में 'लैंटाना' जैसे विदेशी खरपतवार पाए गए हैं, जिनसे जैव विविधता में तेजी से कमी आई है।

### प्रधानमंत्री ने भागलपुर में विरोधियों पर जमकर साधा निशाना, कहा

## महाकुंभ' को गाली देने वालों को कभी माफ नहीं करेगा बिहार

**एजेंसी। भागलपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को बिना किसी का नाम लिए विरोधियों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने महाकुंभ पर सवाल उठाने वाले लोगों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अयोध्या के राम मंदिर से चिढ़ने वाले अब महाकुंभ को भी कोस रहे हैं। उन्होंने बिहार के भागलपुर में पीएम किसान सम्मान समारोह में आए लोगों को संबोधित करते हुए राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव पर सियासी हमला बोलते हुए कहा कि जो लोग पशुओं का चारा खा सकते हैं, वे किसानों की भलाई नहीं सोच सकते।



प्रधानमंत्री मोदी ने यहां से देश भर के किसानों को खुशियों की सौगात देते हुए पीएम किसान सम्मान योजना की 19वीं किस्त जारी की। इसके तहत 9.7 करोड़ से अधिक किसानों को 21,500 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता दी गई। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार किसानों के कल्याण के लिए लगातार काम कर रही है। लाल किले से मैंने कहा है कि विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभ हैं, जिनमें गरीब, हमारे अन्नदाता किसान, हमारे नौजवान और नारी शक्ति हैं। एनडीए सरकार चाहे केंद्र में हो या फिर यहां नीतीश कुमार के नेतृत्व में चल रही राज्य सरकार हो, किसान कल्याण हमारी प्राथमिकता में है। पहले जब बाढ़ आती थी, सूखा पड़ता और ओला पड़ता था, तो ये लोग किसानों को अपने हाल पर छोड़ देते थे। साल 2014 में जब आपने एनडीए को आशीर्वाद दिया, तब पीएम फसल बीमा योजना बनाई। उन्होंने कहा कि

शेष पेज 11 पर

## क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** अनुमंडल अंतर्गत नौडीहा-खजूरी मैदान में युवा क्रिकेट क्लब द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का सोमवार को शुभारंभ किया गया। क्रिकेट मैच का उद्घाटन समाज सेवी लाल बिहारी यादव, नगर पंचायत के पूर्व प्रत्याशी अरविंद गुप्ता उर्फ चुनमुन,धर्मेंद्र कुमार उर्फ रिंकू, छतरपुर राजद के प्रखंड अध्यक्ष लवलेश यादव, नौडीहा के पूर्व मुखिया शंभू यादव,समाज सेवी जग्रनाथ सिंह, युवा क्लब के अध्यक्ष प्रवेश यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। क्रिकेट मैच की शुरूआत भरवाडीह बनाम बारा के बीच खेला गया। टॉस भरवाडीह ने जीता और क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। बारा की टीम ने 12 ओवर में तीन विकेट पर 236 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर 237 का लक्ष्य दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी भरवाडीह की टीम ने 10 ओवर में छह विकेट खोकर 88 रन बनाकर खेली। युवा क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष ने बताया कि इस क्रिकेट टूर्नामेंट में 16 टीम भाग ली है। इसमें विजेता टीम को 51 हजार रुपए, जबकि उपविजेता टीम को 25 हजार रुपए सहित कप दिया जाएगा। आयोजन में मुख्य रूप से उपाध्यक्ष गौरव गुप्ता, सचिव सचिन सिंह, उप सचिव मनमोहन यादव,संरक्षक मुन्ना सिंह, निर्देशक प्रवीण सिंह, सदस्य आशीष ठाकुर, चित्रांश सिंह, भोलू कुमार, अभिमन्यु शर्मा, शिवम पासवान, अंकित सिंह, अमरचित पासवान सहित युवा क्रिकेट क्लब के सभी सदस्य मौजूद थे।

# महाकुंभ की भीड़ को लेकर पलामू से गुजरने वाली कई ट्रेनों का परिचालन स्थगित

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** महाकुंभ स्पेशल ट्रेन परिचालन को लेकर सीआईसी रेलखंड के पलामू से गुजरने वाली लंबी दूरी की कई सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन रद्द किये जाने से आम यात्रियों को परेशानी बढ़ी है। पलामू, लातेहार, टोरी, बरवाडीह, गढ़वा रोड स्टेशन से संबधित यात्रियों के लिये उक्त ट्रेनें के लाइफ लाइन मानी जाती हैं। इस संबध में पीडीडीयू के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने रेलवे की ओर से विधिवत अधिसूचना भी जारी कर दी है। जिसमें बताया गया है कि पूर्व मध्य रेलवे ने 19 जबकि पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार के कुल 51 ट्रेनों का परिचालन महाकुंभ जाने वले



यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रद्द किया है। झारखंड रेल यूजर्स एसोसियेशन के सदस्य अंकू सिंह राणा ने कहा कि इस रेलमार्ग पर आजादी से अब तक गिनी चुनी ट्रेनों की सुविधा आम यात्रियों को है। इसमें भी कऔती कर आम यात्रियों को मानसिक व आर्थिक परेशानी झेलना पड़ रहा है। इससे इस रेलखंड के हजारों यात्री को प्रतिदिन देश के विभिन्न हिस्सों का आवागमन बाधित हो गया है। रेलवे की जारी अधिसूचना के मुताबिक पलामू से होकर गुजरने वाली ट्रेन नं. 18102 जम्मूतवी -टाटा एक्सप्रेस 24 व 26 फरवरी, ट्रेन नं. 18101 टाटा - जम्मूतवी एक्सप्रेस 28 फरवरी को रद्द किया गया है। वहीं संबलपुर - जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन नं. 18309 इस मार्ग पर 25 व 27 फरवरी, वापसी में जम्मूतवी - संबलपुर एक्सप्रेस ट्रेन नं. 18310 इस रुट पर 25 फरवरी को रद्द रहेगी। जबकि आनंद विहार-हटिया एक्सप्रेस 25 व 26 फरवरी, वापसी में हटिया-आनंद विहार एक्सप्रेस 27 फरवरी को रद्द किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी रद्द ट्रेनें प्रयागराज के रास्ते गुजरने से उक्त जिलों के यात्रियों के लिये लाइफ लाइन मानी जाती है।

## न्यूज बॉक्स

### पीएम किसान सम्मान निधि के तहत किसान सम्मान समारोह का आयोजन



**उंटारी रोड।** प्रखंड सभागार में सोमवार को प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 19वीं किश्त की राशि रिलीज के अवसर पर किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर सांसद के प्रतिनिधि राजा राम, मोहन मेहता, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनुज कुमार पासवान, सहायक तकनीकी प्रबंधक अनिल कुमार मेहता, किसान मित्र शंकर मेहता, शंकर राम,रमेश चौधरी उपस्थित थे। राजा राम मेहता ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की सरकार किसानों की हितैषी है और हमेशा किसानों के साथ खड़ा है। सरकार किसानों को खेती करने के लिए सहायता के रूप में एक साल में 6000 हजार रुपए देती है। इस राशि से किसान खाद, बीज व अन्य कृषि उपकरण खरीद कर अपना आय में वृद्धि कर सकते हैं। सहायक तकनीकी एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने कहा कि सरकार की मंशा है, किसानों की आय दोगुनी हो। इस दिशा में सरकार लगातार कार्य कार्य कर रही है। मौके पर कई किसान मौजूद थे।

### कौशल किशोर ह्यूमन राइट्स सेफ्टी ऑर्गनाइजेशन के झारखंड सचिव मनोनीत

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला के हैदरनगर अंतर्गत हेमजा गांव निवासी जिले के सक्रिय आरटीआई कार्यकर्ता कौशल किशोर बादल की सक्रियता को देखते हुए ह्यूमन राइट्स सेफ्टी ऑर्गनाइजेशन के झारखंड प्रदेश सचिव मनोनीत किए गए हैं। उन्हें ऑर्गनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इस मनोनयन का पत्र उन्हें दिया है। कौशल किशोर बादल पलामू में गरीबों मजलूमों की आवाज बनकर उन्हें इंसाफ दिलाने का लगातार 15 वर्षों से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आरटीआई के माध्यम से पलामू जिला के विभिन्न विभागों के कई मामलों को उजागर किया है। वह मामले को उजागर करने के साथ साथ कार्रवाई के लिए झारखंड व भारत सरकार को मामले से अवगत कराने का काम भी करते हैं। जिले के विभिन्न प्रखंडों में मनरेगा व अन्य मद की राशि के घाल मेल संबंधित मामलों को उजागर कर राज्यपाल व राष्ट्रपति तक पहुंचाने का काम उन्होंने किया है। कौशल किशोर को ह्यूमन राइट्स सेफ्टी ऑर्गनाइजेशन का झारखंड प्रदेश सचिव मनोनीत होने से कई सामाजिक व आरटीआई कार्यकताओं ने खुशी का इजहार करते हुए उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालों में समाजसेवी विवेकानंद सिंह, समाजसेवी राजू खान, पंचायत समिति सदस्य राजीव शर्मा, डाक्टर अजय जायसवाल के अलावा कई शामिल हैं।

### महाशिवरात्रि पर भक्तों के आराधना और अभिषेक को लेकर मंदिरों में तैयारी पूरी

**मोहम्मदगंज।** महाशिवरात्रि पर भक्तों के विशेष आराधना और अभिषेक को लेकर इलाके के भीमचूल्हा, कादलकुर्मी, शिलापर, सिंचाई कॉलोनी, बिचलाडीह, नहर चौक, रेलवे कैंपस, देवीधाम,गीता भवन, करडंडा, गोलापत्थर, भजनियां, रानीदेवा और पंसा सहित अन्य कई गांवों के मंदिरों और स्थलों में तैयारी पूरी कर ली गई है। बताया गया कि इन सभी मंदिरों में नियमित पूजा-अर्चना के बाद महाशिवरात्रि पर महादेव के अभिषेक को लेकर भक्तों का विशेष उत्साह और आस्था के साथ तांता लग जाता है। इनमें पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के बाद से भीमचूल्हा स्थित मंदिर में भगवान शिव के अभिषेक को लेकर श्रद्धालुओं की अधिक संख्या जुटने की बात पुजारी गंगा तिवारी ने कही। उन्होंने बताया कि मंदिर और पार्क एरिया की सफाई के साथ ही पटवन करा दिया गया है। इससे श्रद्धालुओं को उपवास की स्थिति में पीपल वृक्ष की शीतल छाया तले सुकून मिलेगा। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि के पावन अवसर में इस स्थान पर भगवान शिव के अभिषेक को लेकर कई गांवों के श्रद्धालुओं की आस्था उमड़ पड़ती है। वहीं, अन्य जगहों के शिव मंदिरों और स्थलों में भी महाशिवरात्रि पर अभिषेक को लेकर अन्य दिनों की अपेक्षा विशेष तैयारी करने की जानकारी मिली है। इस वजह से दुग्ध फलाहारी और अन्य पूजा सामाग्रियों की खरीदारी को लेकर बाजार में अन्य दिनों की अपेक्षा चहल-पहल बढ़ गई है। पुजारी गंगा तिवारी ने बताया कि महाशिवरात्रि पर शिव को जलाभिषेक का विशेष महत्व है। वैसे तो शिवरात्रि हर महीने में एक बार आती है। जिसे मासिक शिवरात्रि कहा जाता है। जबकि महाशिवरात्रि एक बार ही आती है। जिसका शिवरात्रि से कई गुणा अधिक महत्व है। इस दिन व्रत रखने, रात्रि जागरण और भगवान शिव की पूजा करने से वैवाहिक जीवन की समस्याएं दूर होती हैं। परिवार में सुख-शांति आती है। जीवन में सफलता मिलती है। इस साल बुधवार सुबह 6 बजकर 47 मिनट से 9 बजकर 42 मिनट तक जल चढाया जा सकता है। इसके बाद मध्यान्ह काल में भी 11 बजकर 6 मिनट से दोपहर 12 बजकर 35 मिनट और इसके बाद 3 बजकर 25 मिनट से शाम 6 बजकर 8 मिनट तक भी जलाभिषेक किया जा सकता है।

## एक नजर

### रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष बने बल्लू बलराम

**हरिहरगंज।** रामनवमी पूजा महोत्सव मनाने के लिए मेन रोड स्थित संकट हरण हनुमान मंदिर में रामनवमी पूजा समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता विमलेश पाठक ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से नए पदाधिकारी का चयन किया गया। इनमें अध्यक्ष बल्लू बलराम, सचिव सोनू जायसवाल, कोषाध्यक्ष करण राजवीर, अखाड़ा मंत्री रामजी सिंह, पूजा मंत्री सौरभ पाठक, भंडारा प्रभारी पुरुषोत्तम जायसवाल, सतीश गुप्ता, उपाध्यक्ष दिलीप रजक, राजेश शौंडिक, उपसचिव उत्कर्ष जायसवाल, मिठू गुप्ता, पवन कुमार तथा उप कोषाध्यक्ष अमित आर्य को बनाया गया है। बाद में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने रामनवमी पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया। इस अवसर पर निरंजन प्रसाद, सन्नी गुप्ता, चंदन जायसवाल, रिंकू शौंडिक ,रविकांत रवि, विकास विश्वकर्मा, प्रेम गौरव सहित कई लोग उपस्थित थे।

### हुसैनाबाद में महाशिवरात्रि को लेकर तैयारी पूरी

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में महाशिवरात्रि को लेकर तैयारी पूरी कर दी गई है। जिसमें रेलवे स्टेशन परिसर स्थित आशुतोष धाम मंदिर, बाबा विश्वनाथ भास्कर मंदिर, श्री चारधाम मंदिर, लंगरकोट के मुरली पहाड़ पर अवस्थित महाकालेश्वर धाम मंदिर, बराही धाम, ऊपरी स्थित प्राचीन शिव मंदिर, देवरी व देवरी खुर्द शिव मंदिर, मंगलडीह शिव मंदिर आदि क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में महाशिवरात्रि को लेकर मंदिर समिति व ग्रामीणों द्वारा तैयारी पूरी कर दी गई है। रेलवे कॉलोनी स्थित आशुतोष धाम मंदिर परिसर में अनवरत 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया है। जबकि 26 फरवरी को महाशिवरात्रि मनाया जाएगा।

## भजनियां के राजस्व कैंप में दिखी पंचायत प्रतिनिधियों की उदासीनता

**मात्र 2 आवेदन मिले, चेकस्लिप निष्पादित, लगान रसीद लंबित**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** भजनियां पंचायत सचिवालय में सोमवार को निर्धारित दिवस पर आयोजित राजस्व कैंप में पंचायत प्रतिनिधियों की उदासीनता देखने को मिली है। इसे लेकर ग्रामीणों की शिकायत है कि इसकी जानकारी उन्हें पंचायत प्रतिनिधियों के स्तर से नहीं मिली थी। इसी वजह से मात्र दो ही आवेदन जमा किया गया। इसमें मौजूद राजस्व उपनिरीक्षक प्रेमचंद कुमार ने बताया कि अंचल अधिकारी रणवीर कुमार के निर्देश पर राजस्व कैंप आयोजित किया जा रहा है। मगर इसके संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार नहीं किया गया। इसे लेकर प्रखंड के सोशल मीडिया ग्रुप में काफी पहले ही सूचना शेयर किया गया था। उन्होंने बताया कि भजनियां के इस राजस्व



कैंप में चेकस्लिप के लिए प्राप्त आवेदन पत्र को ऑन स्पॉट निष्पादित कर दिया गया। जबकि लगान रसीद के लिए निष्पादन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जल्द ही आवेदक को लगान रसीद प्राप्त करा दिया जाएगा। इस कैंप में उनके अलावा अंचल अमीन विनय यादव और ग्रामीण मौजूद थे। उन्होंने बताया कि भजनियां के बाद 27 फरवरी को कादलकुर्मी पंचायत में पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक आयोजित कैंप में भूमि संबंधित मामलों के आवेदन प्राप्त किया जाएगा। इसके साथ ही चालू माह में सोमवार, गुरुवार और शनिवार को निर्धारित राजस्व कैंप का समापन हो जाएगा। उन्होंने भूमि संबंधित समस्याओं के समाधान को लेकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को आगामी राजस्व कैंप में संबंधित पंचायत के ग्रामीणों से उपस्थित होने का आग्रह किया है। उन्होंने भी माना कि इसे लेकर प्रचार-प्रसार करने को गंभीरता से नहीं लिए जाने के कारण ही लगातार आयोजित राजस्व कैंपों में काफी कम ग्रामीणों ने उपस्थिति दर्ज कराई है।

## पोषण ट्रैकर ऐप को लेकर आंगनबाड़ी सेविकाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय हुसैनाबाद के सभागार में सोमवार को पोषण ट्रैकर ऐप के सफल क्रियान्वयन को लेकर आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका कांति देवी ने बताया कि विभागीय निर्देश के आलोक में लाभार्थियों को लाभ पहुंचाने में हो रहे देरी को खत्म करने के लिए पोषण ट्रैकर ऐप के माध्यम से समय पर संपन्न कराना है। प्रशिक्षण के उपरांत सभी सेविकाओं को काम करने में काफी सहूलियत होगी। उन्होंने बताया कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विकसित, पोशन ट्रैकर एप सभी आंगनबाड़ी केंद्र, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और लाभुकों की वास्तविक समय की निगरानी और ट्रैकिंग सक्षम बनाता है। पर्यवेक्षिका प्रेमलता कुजूर ने बताया कि सेविकाओं को आंगनबाड़ी केन्द्रों पर चलाए जा रहे पोषण कार्यक्रम के लाभार्थियों से संबंधित जानकारी को पोषण ट्रैकर एप पर अपलोड करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान सेविकाओं को मोबाइल पर पोषण कार्यक्रम लॉगिन कर विस्तार से जानकारी, गर्भवती महिलाएं, छह माह से उपर के बच्चों, तीन से छह आयु वर्ष के बच्चों तथा किशोरियों आदि के लिए संचालित पोषण कार्यक्रम के तहत अलग-अलग निबंधित लाभार्थियों के विवरण को पोषण ट्रैकर एप पर ऑनलाइन करने का तरीका बताया गया। इस मौके पर सेविका रश्मि देवी, अमविया प्रवीण,शम्मा प्रवीण, बबिता कुमारी, पूनम देवी, शारदा कुंवर, विद्योत्तमा देवी, प्रीति सिंह, रिंकी देवी,मंजू देवी,अनिता देवी, बबिता देवी समेत कई सेविका मौजूद थी।

## पुलिस को सहयोग करें, सुरक्षा की गारंटी देगी पुलिस: थाना प्रभारी



**सीटीवी कैमरे से अपराधियों व असामाजिक तत्वों पर रखी जा रही पैनी नजर**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के लिए चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाकर निगरानी शुरू कर दी है। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य बाजार के तीन मुहाने और चौक-चौराहे पर सीसीटीवी कैमरे लगाकर अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है। इसको थाना से कंट्रोल किया जा रहा है। जहां से इसके केंद्र विंदू में बैंक, रेलवे स्टेशन और अन्य संवेदनशील जगह हैं। उन्होंने बताया कि इसके माध्यम से अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने और अमन चैन कायम रखने की दिशा में एक मजबूत व्यस्था की गई है। उन्होंने कहा कि पब्लिक के के साथ संबंधों को प्रगाढ बनाए रखने के प्रति भी कर्त्तव्य का सजगतापूर्वक पालन करते हुए दायित्व पर डटी हुई है। उन्होंने आम-आवाम से आपराधिक कृत्यों में संलिप्त असामाजिक तत्वों की सूचना देने की अपील करते हुए इसमें सहयोग पर सुरक्षा की पूरी गारंटी देने की बात कही है।

### शांति समिति की बैठक

## कानून तोड़ने पर होगी कड़ी कार्रवाई : थाना प्रभारी




**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** लेस्लीगंज थाना परिसर में सोमवार को क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के अलावा स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि छोटेलाल सोनी ने की। संचालन तनवीर आलम ने किया। मौके परअंचल अधिकारी सुनिल कुमार सिंह ने कहा कि शिवरात्रि के अवसर पर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। पूजा-पाठ और शोभायात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क रहेगा। उन्होंने समिति के सदस्यों से शांतिपूर्वक मनाने, सहयोग की अपील की। बैठक में लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व को लोग शांति पूर्वक मनाये। कानून हाथ में लेने की अनुमति किसी को नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी अप्रिय घटनाएं समाज की शांति और व्यवस्था को प्रभावित करती हैं, इसलिए यदि किसी को किसी पर संदेह है, तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। संदिग्ध लोगों पर पुलिस तुरंत कार्रवाई करेगी। वही बैठक कि अध्यक्षता कर रहे छोटेलाल सोनी ने महाशिवरात्रि का पर्व सभी लोग को भाईचारे और एकता के साथ मनाने का आग्रह किया। इस दौरान शांति समिति की बैठक में मृत्युंजय शुक्ला,फिरोज अंसारी, भोला साव, सुर्दशन कुमार, दीपक गिरी, जयनन्दन सिंह, महेन्द्र पासवान, प्रवीण तिवारी, भागेवर राम, सत्यदेव राम ,शमीम अहमद, जितेन्द्र तिवारी, उमेश प्रसाद सोनी, अनुप कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### भक्ति

## शिवजी की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बाजे-गाजे के साथ निकाली कलश यात्रा

# वैदिक मंत्रोच्चारण व हर-हर महादेव के नारों से गुंजा क्षेत्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र के ग्राम कुकही टोला मुगलजान वासियों ने सोमवार को श्री श्री शिव जी के प्राण प्रतिष्ठा के लिए कलशयात्रा निकाली गई। हैदरनगर प्रखण्ड प्रमुख श्री मती कलावती देवी ,कुकही ग्राम पंचायत के मुखिया श्रीमती रेनू देवी, पूर्व सैनिक महेन्द्र प्रसाद, आचार्य दिनेश पाठक, पूर्व सैनिक प्रसाद सिंह, पूर्व सैनिक सुरेश तातवा, राजेंद्र प्रसाद, दिनेश प्रसाद, मिथलेश प्रसाद, मृत्युंजय प्रसाद, अजय प्रसाद, कृष्णा प्रसाद ने मुख्य रूप से मुख्य यजमान लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद, पत्नी आरती देवी को कलश देकर यात्रा की शुरूआत की। आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण एवं शिव जी, पार्वती जी, हर हर महादेव एवं अन्य सभी देवी-देवता के जयकारे लगाते हुए मंदिर स्थल से क्षेत्र के कुकही नदी मे जल उठाव कराई गई। प्रखंड प्रमुख एवं पंचायत के मुखिया ने शिव जी की महिमा को बताते हुए अपनी श्रद्धा व्यक्त किया साथ ही सभी नगर वासियों को कलश यात्रा में शामिल होने पर हर्ष व्यक्त किया। मौके पर लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने कहा कि टोला मोगलजान छोटा है, लेकिन यहां के सभी ग्राम निवासी देवी देवताओं के पूजा पाठ मे काफी रुचि रखते हैं ।यहीं कारण है कि छोटे से गांव में देवी जी का मंदिर जो पूर्व से स्थापित है, और अब शिव जी का भी मंदिर के लिए प्राण प्रतिष्ठा कर रहे हैं। जलयात्रा में ग्राम भैंसाना, कुकही, नैकाडीह, मीर बीघा इत्यादि गांवों के सभी ग्रामीण महिला व पुरूष भक्तों ने उल्लास के साथ यात्रा में शामिल हुए। यात्रा में मुख्य रूप से पूर्व मुखिया जग नारायण मेहता, विनोद मेहता, राजेंद्र प्रसाद, राजेश मेहता, भोला पासवान , अंजनी सिंह, नरेश मेहता, बनारसी मेहता ,उज्जवल मेहता एवं कई महिलाएं बच्चे शामिल हुए। यात्रा के अंत में लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने सभी भक्तों से आग्रह किया कि आगे भी नगर भ्रमण अखंड कीर्तन एवं महा भंडारा में शामिल होकर पुण्य की भागी बनें।

### हनुमान पूजा, सुंदरकांड पाठ के साथ शुरू होगी कार्यक्रम

**सतबरवा** प्रखंड के लोहारा पोखरी मलय नदी के तट पर भगवान शिव प्राण प्रतिष्ठा सह महाशिवरात्रि पूजा महोत्सव की शुरूआत जिप सदस्य सुधा कुमारी, धावाडीह मुखिया रिंकी यादव ने किया। मुख्य यजमान संतोष साव व पत्नी को कलश देकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु जन लोहड़ी,नौरंगा गांव होते हुए सतबरवा काली मंदिर, मेला टांड़, महाबीर चौक बाजार, एनएच 39 मुख्य मार्ग होते शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के पास झरना से वैदिक मंत्रोच्चार के बाद कलश में जल भरा गया। वहां से श्रद्धालु यज्ञ मंडप पहुंचे। श्रद्धालुओं को वैदिक मंत्रोचार के बीच कलश की स्थापना कराई गई। कार्यक्रम के अध्यक्ष सत्य प्रकाश प्रसाद ने बताया कि रविवार को हनुमान पूजा, सुंदरकांड पाठ के साथ कार्यक्रम की शुरूआत कर दी गई है। संध्या से मंगलवार तक अधिवास निर्धारित है। रात्रि में समीक्षा पांडेय, अखिलेश पाठक का प्रवचन होगा। 26 फरवरी को प्राण प्रतिष्ठा, भव्य भंडारा व रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाएगा। मौके पर पांकी विधायक के सतबरवा प्रतिनिधि अजय उरांव, महेश यादव, समाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष उदय कुमार साव, राजेंद्र शर्मा, सुरेंद्र साव, सचिव करमचंद साहू, उपसचिव मंदिर साहू विनोद साहू, संरक्षक बलराम पाठक, उपकोषाध्यक्ष पंकज कुमार साहू, विकास तिवारी, सुनिल साव समेत सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।


## श्री रामचरित्र मानस नवाह्न महायज्ञ 28 से, अभिषेक सिंह बने अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पूणाडीह में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री रामचरित्र मानस नवाह्न पारायण पाठ महायज्ञ के 41 वीं अधिवेशन को लेकर सोमवार को बैठक किया गया। बैठक में समाज सेवी नवल किशोर राय उर्फ डब्लू राय मुख्य अतिथि तौर पर उपस्थित थे। बैठक में यज्ञ पूजा समिति का गठन किया गया। अध्यक्ष अभिषेक सिंह,सचिव ब्यास अंकू राय,कोषाध्यक्ष रजनीश सिंह,मुख्य संयोजक वेद प्रकाश को बयाना गया। साथ ही यज्ञ की रूप रेखा तैयार की गई। महायज्ञ का कलश यात्रा शुक्रवार को निकाली जायेगी। 1 से 9 मार्च तक प्रातः 8 बजे से महायज्ञ के मुख्य पाठकर्ता एवं यज्ञाचार्य पं. प्रवीन मिश्रा द्वारा यज्ञ पूजन व पाठ प्रारंभ होगा। साथ ही संध्या भजन गायक प्रेम गिरी व ब्यास अंकू राय द्वारा प्रस्तुति होगी। रात्रि 8 बजे से मानस वक्त प्रियंका द्विवेदी कुशीनगर उत्तर प्रदेश तथा पं.महिमानंद दुबे पलामू द्वारा कथा का आयोजन किया गया है। मौके पर सोनू राम,मिथिलेश राय,बलराम सिंह,अमित सिंह,राजू राय,रोहित राय,दिलीप सिंह,गणेश सिंह, अरविंद पासवान, सुदर्शन राय, रौशन सिंह, हरिओम सिंह, विश्वजीत सिंह, संदीप चंद्रवंशी, आशीष सिंह, मुन्ना राम, रौशन पासवान सहित दर्जनों लोग बैठक में शामिल थे।

## युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या की



**हरिहरगंज।** शहर के झंडा चौक के समीप रहने वाले गोपाल प्रसाद का 26 वर्षीय पुत्र गोविंद कुमार ने सोमवार की सुबह अपने घर में आत्महत्या कर लिया। उसका शव छत की हुक पर फंदा से झुलता हुआ पाया गया। मृतक गांव गांव फेरी लगाकर कपड़ा बेचता था। घटना की सूचना मिलने पर हरिहरगंज थाना के एसआई बिगेश कुमार राय पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जा में कर अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया है। मृतक के पिता के बयान पर हरिहरगंज थाना में मामला दर्ज किया गया है। मृतक के पिता ने इस घटना के लिए किसी पर कोई शक या दोष नहीं बताया है।

## इंटर परीक्षा कदाचार मुक्त संपन्न, 200 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित



**मेदिनीनगर।** इंटरमीडिएट परीक्षा की दूसरी पाली सोमवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। जिले में बनाए गए 40 परीक्षा केंद्रों पर कुल 10,629 परीक्षार्थियों में से 10,429 ने परीक्षा दी, जबकि 200 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान कदाचार रोकने के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। प्रत्येक केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट और पुलिस बल तैनात रहे। इस दिन कला संकाय के जियोग्राफी, कॉमर्स संकाय के बिजनेस मैथमेटिक्स और विज्ञान संकाय के जियोलॉजी विषय की परीक्षा आयोजित हुई, जो दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चली। परीक्षा केंद्रों पर अनुशासन बनाए रखने के लिए विशेष निर्देश दिए गए थे। परीक्षार्थियों को स्मार्ट वॉच, मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स लेकर आने की अनुमति नहीं थी। किसी भी परीक्षार्थी को कदाचार के आरोप में निष्कासित नहीं किया गया, जिससे परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता और निष्पक्षता बनी रही।

### रोजगार सृजन मेला में 363 युवाओं को मिला ऑफर लेटर

# सफलता के लिए सूचना, विश्लेषण और अनुप्रयोग जरूरी : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला-2025 का आयोजन रविवार को टाउन हॉल, मेदिनीनगर में किया गया। इसमें विभिन्न कंपनियों ने भाग लिया और योग्य युवाओं को नौकरी के अवसर प्रदान किए।उपायुक्त शशि रंजन ने मेला का उद्घाटन करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। इसके लिए इंफॉर्मेशन, एनालिसिस और एप्लीकेशन का सही उपयोग जरूरी है। उन्होंने युवाओं से कहा कि प्रतियोगिता के इस दौर में सीखने, मेहनत करने और खुद को लगातार बेहतर बनाने की जरूरत है। उपायुक्त ने युवाओं को आधुनिक तकनीकों से जुड़ने और इनका सही उपयोग करने की सलाह दी। नई तकनीकों को सीखकर युवा अपने भविष्य को बेहतर बना सकते हैं। साथ ही, उन्होंने सोशल मीडिया के सदुपयोग पर बल दिया और कहा कि अनुशासन के साथ अगर सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया जाए, तो यह बहुत उपयोगी हो सकता है।

रोजगार मेले में कुल 1440 युवक-युवतियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 754 को शॉर्टलिस्ट किया गया और 363 युवाओं को विभिन्न कंपनियों में नौकरी के लिए ऑफर लेटर प्रदान किए गए। मुख्य मंच से प्रतीकात्मक रूप से चयनित अमरजीत कुमार, सैफ खान, मोहम्मद रजा, साजिद, राणा गोपाल को ऑफर लेटर दिया गया।

श्रम अधीक्षक एतवारी महतो ने युवाओं को झारखंड सरकार की विभिन्न रोजगार योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि माइग्रेशन सेंटर के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षित कर रोजगार से जोड़ा जा रहा है। इसके अलावा, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत 18 से 35 वर्ष के युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

अब तक पलामू जिले में 4100 युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है, जिनमें से 2600 युवा विभिन्न कंपनियों में कार्यरत हैं। प्रशिक्षित युवाओं को सिलाई मशीन ऑपरेटर, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, फील्ड टेक्नीशियन, वेयरहाउस पैकर, डेटा एंट्री ऑपरेटर, कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव जैसे विभिन्न ट्रेड में नौकरियां मिली हैं।





कार्यक्रम के दौरान एक लघु फिल्म के माध्यम से सरकारी योजनाओं और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। इसमें रोजगार सृजन और स्वरोजगार से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी असीम कुमार, जेएसएलपीएस के राज्य मुख्यालय के प्रोग्राम मैनेजर साईं दत्ता मुखर्जी, जिला वित प्रबंधक इमरान अहमद, जिला प्रबंधक स्किल एवं जॉब नवल किशोर राजू, सोशल मोबिलाइजर प्रबंधक अख्तर अंसारी, जिला समन्वयक स्किल एवं जॉब संदीप मिश्रा सहित सभी प्रखंड के बीपीएम, सीसी, जॉब रिसोर्स पर्सन और बड़ी संख्या में प्रशिक्षित एवं अप्रशिक्षित युवक-युवतियां तथा नियोक्ता उपस्थित रहे।

**रोजगार उपलब्ध कराने में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रखंडों में**

प्रथम स्थान : हुसैनाबाद

द्वितीय स्थान : हैदरनगर

तृतीय स्थान : मोहम्मदगंज

इन प्रखंडों के बीपीएम (ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर) को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### कड़ी मेहनत से मिलती है सफलता : डॉ असीम

जिला जनसंपर्क पदाधिकारी असीम कुमार ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि कर्म ही पूजा है के सिद्धांत पर चलते हुए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने यह भी सलाह दी कि नौकरी के लिए आवेदन करने से पहले सभी जरूरी प्रमाण पत्र और दस्तावेज तैयार रखें, ताकि समय पर उन्हें प्रस्तुत किया जा सके। जेएसएलपीएस के राज्य मुख्यालय से पहुंचे प्रोग्राम एक्सक्यूटिव अमित चौधरी ने कहा कि रोजगार आपके द्वार आया है। हर साल रोजगार मेले का आयोजन किया जाता है, जहां प्रतिष्ठित कंपनियां युवाओं को अवसर देने के लिए आती हैं।

### स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आर्थिक स्थिति सुधारें : अनीता केरकेट्टा

जेएसएलपीएस की जिला परियोजना प्रबंधक अनीता केरकेट्टा ने बताया कि पलामू जिले में 18,549 स्वयं सहायता समूह बनाए गए हैं। इससे 2 लाख 2 हजार से अधिक परिवार जुड़े हुए हैं। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत युवाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार से जोड़ा जा रहा है।

## 'ख्याल मेरा सांचे में ढलके' का भव्य लोकार्पण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** साहित्यिक संस्था 'अदबी संसार' के तत्वावधान में ज्योति लोक में शायर अब्दुल कय्यूम रूमानी की काव्य संग्रह 'ख्याल मेरा सांचे में ढलके' का लोकार्पण हुआ। मुख्य अतिथि अरूणा शंकर, शमीम रजवी, हरिवंश प्रभात, रविशंकर पाण्डेय, एम.जे. अजहर, अमीन रहबर सहित कई साहित्यकारों ने संयुक्त रूप से इसका विमोचन किया। अरूणा शंकर ने कय्यूम रूमानी को बधाई देते हुए कहा कि उनकी रचनाएँ संघर्ष, देशप्रेम और सामाजिक एकता की भावनाओं से परिपूर्ण हैं। शायर अमीन रहबर, कवि हरिवंश प्रभात व रविशंकर पाण्डेय ने काव्यसंग्रह की खूबियों पर प्रकाश डाला। एम.जे. अजहर ने उन्हें शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। लोकार्पण के बाद कवि सम्मेलन व मुशायरा हुआ, जिसमें संतोष सागर, आकाश गिरी, डा. सुषमा श्रीवास्तव, शाहिद अनवर, फारूक अहमद सहित कई कवियों ने काव्यपाठ किया। इस अवसर पर सुहैल अहमद, प्रेम दूबे, अनवर हुसैन, अशरफ अली, विजय कुमार ठाकुर, नगमा रूमानी, रूबाब रूमानी व रूबीना रूमानी उपस्थित थे।

# दिनदहाड़े रिटायर्ड सीसीएल कर्मी से 1.50 लाख की लूट

## पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कर रही जांच

**झोले में 500 रुपये की तीन गड्डियां और एक चेकबुक थी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के लालकोठा के पास सोमवार शाम करीब 4:10 बजे दिनदहाड़े एक रिटायर्ड सीसीएल कर्मी मधुसूदन नारायण पांडेय से 1.50 लाख रुपये की लूट हो गई। बाइक सवार दो अपराधियों ने झोला छीनकर वारदात को अंजाम दिया और तेजी से फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार, 62 वर्षीय मधुसूदन नारायण पांडेय शांतिपुरी के निवासी हैं। उन्होंने एसबीआई बाजार ब्रांच से पैसे निकाले थे और अपनी पत्नी के इलाज के लिए घर लौट रहे थे। जैसे ही वे लालकोठा के पास मुख्य सड़क पर पहुंचे, पीछे से आए दो बाइक सवार अपराधियों ने उनके हाथ से पैसों से भरा झोला छीन लिया और अस्पताल चौक की ओर फरार हो गए। झोले में 500 रुपये की तीन गड्डियां और एक चेकबुक थी। मधुसूदन कुछ समझ पाते, इससे पहले ही अपराधी भाग निकले। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अपराधियों की मोटरसाइकिल पल्सर 220 थी। चालक ने हेलमेट पहना हुआ था, जबकि पीछे बैठे व्यक्ति ने टोपी लगा रखी थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। अपराधियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



### पूनम सिंह का जनसंपर्क अभियान तेज

## वार्ड 10 व 13 में समस्याएं सुनी, समाधान का वादा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की पूर्व अध्यक्ष एवं भावी मेयर प्रत्याशी पूनम सिंह ने वार्ड संख्या 10 एवं 13 में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने वार्डवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

उन्होंने जल निकासी, साफ-सफाई, सड़क निर्माण, जल आपूर्ति एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं पर चर्चा की। पूनम सिंह ने कहा कि उनके नेतृत्व में नगर निगम क्षेत्र का समग्र विकास प्राथमिकता होगी और जनता की भागीदारी से शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं विकसित बनाया जाएगा।



जनता के उत्साह और समर्थन को देखते हुए उन्होंने कहा, हम सभी वार्डों में जाकर जनता से मिल रहे हैं और उनकी समस्याओं को न केवल सुन रहे हैं बल्कि समाधान के लिए ठोस कार्ययोजना भी तैयार कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य एक ऐसा नगर बनाना है, जहां प्रत्येक नागरिक को बेहतर सुविधाएं मिलें।

## शिवरात्रि पर पुलिस लाइन से निकलेगी महादेव की बारात



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पुलिस केंद्र पलामू स्थित शिव मंदिर में 1986 से पहले से शिवरात्रि पूजा का आयोजन किया जाता रहा है। हर वर्ष राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान जी एवं शंकर जी की झांकी गाजे-बाजे के साथ पुलिस लाइन पलामू से निकलती है। पुलिस लाइन से शहर थाना पलामू तक बारात जाती है और वहां से पार्वती संग पुनः पुलिस केंद्र शिव मंदिर वापस आती है। इसके बाद विवाह, रुद्राभिषेक और अखंड कीर्तन का आयोजन होता है। महाशिवरात्रि पर पुलिस लाइन से निकलने वाली महादेव की बारात की तैयारी अंतिम चरण में है। इस बार भी बारात भव्य तरीके से घोड़े तथा गाजे-बाजे के साथ निकलेगी। इसे और आकर्षक बनाने के लिए पुलिस लाइन में लगातार बैठकों का दौर जारी है। इस कार्यक्रम की अगुवाई पुलिस मेंस एसोसिएशन के पदाधिकारी, परिचारी प्रवर, दोनों प्राचारी महोदय और पुलिस केंद्र के जवान करेंगे। ज्ञात हो कि पुलिस लाइन स्थित शिव मंदिर से महादेव की बारात निकालने की परंपरा कई दशकों से चली आ रही है और समय के साथ इसकी भव्यता बढ़ती जा रही है। बारात को पूरे मेदिनीनगर शहर में घुमाया जाएगा और अंत में यह पुलिस लाइन में वापस आकर समाप्त होगी। इस बार भी विभाग की ओर से इसे भव्य बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। घोड़े के साथ आकर्षक झांकियां भी निकाली जाएंगी।

## कार्रवाई : ट्रैफिक जांच अभियान में 16 बाइक, एक ई-रिक्शा, दो ट्रक जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहरी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने और ट्रैफिक नियमों को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए सोमवार को ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान चलाया गया। सदिक मंजिल चौक स्थित टेंपो स्टैंड के पास इस अभियान के दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों की गहनता से जांच की गई। इस दौरान बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस और ट्रिपल लोडिंग करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। 16 दोपहिया मोटरसाइकिल जब्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षित रखी गई हैं। 6 मोटरसाइकिलों को जिला परिवहन कार्यालय में चालान फाइन के लिए भेजा गया, जबकि 10 मोटरसाइकिलों को व्यवहार न्यायालय में चालान हेतु भेजा गया। 2 ट्रकों का ऑनलाइन चालान किया गया। जिला परिवहन कार्यालय द्वारा 9 मोटरसाइकिलों पर कुल 15,119 रुपये का चालान किया गया। एक ई-रिक्शा चालक, जो शराब पीकर गाड़ी चला रहा था, का 10,185 रुपये का चालान काटा गया। 3 ट्रकों पर 3,450 रुपये का ऑनलाइन चालान किया गया। सीजीएम कार्यालय से 6 मोटरसाइकिलों पर 6,000 रुपये का चालान लगाया गया। कुल मिलाकर 34,754 रुपये का चालान फाइन किया गया। ट्रैफिक प्रभारी ने सभी वाहन चालकों से हेलमेट और चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की अपील की।



### डॉ. प्रवेश दुबे को 'झारखंड सेवा सम्मान 2025'

## कला और संस्कृति के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए मिला सम्मान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय सांस्कृतिक विकास महासंघ, रांची के तत्वावधान में आयोजित झारखंड सांस्कृतिक महोत्सव 2025 में पलामू के डॉ. प्रवेश दुबे को 'झारखंड सेवा सम्मान 2025' से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम 23 फरवरी को खूंटी के महिला हाई स्कूल के पास ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ, जहां विधायक रामसूरत मुंडा, सीआरपीएफ कमांडेंट अनजान कुमार, डॉ. रमन झा, वरिष्ठ अधिवक्ता आशुतोष भगत, बैंक प्रबंधक अनंत कुमार, कार्यक्रम अध्यक्ष तपन कुमार घोष, मार्शल बारला समेत कई गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ. प्रवेश दुबे को कला और संस्कृति के क्षेत्र में उनके विशेष योगदान के लिए इस सम्मान से नवाजा गया। इससे पहले भी उन्हें 'झारखंड कला रत्न पुरस्कार' और 'महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल गोल्डन अवॉर्ड' से सम्मानित किया जा चुका है। डॉ. दुबे एक बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। उन्होंने 'राज द रियल लव स्टोरी' नामक उपन्यास लिखा है और समाज सुधार पर आधारित कई शॉर्ट फिल्मों का निर्माण और अभिनय किया है। उनकी प्रमुख फिल्मों में 'लव इन प्रेम हॉस्पिटल', 'ये मोहब्बत', 'करप्शन', 'मेरा हिंदुस्तान' और 'कोविड' शामिल हैं। इसके अलावा, उनका खुद का प्रोडक्शन हाउस 'अनमोल मुस्कान फिल्म एंटरटेनमेंट' भी है, जिसके तहत वे सामाजिक मुद्दों पर आधारित फिल्मों का निर्माण करते हैं।



## भोले बाबा प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पाटन प्रखंड स्थित टंडवा शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को आचार्य गोविंदाचार्य द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार कराया गया, जिसके बाद श्रद्धालुओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली। इस दौरान भोले बाबा के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान रहा। शोभा यात्रा में टंडवा, महुलिया, तिलकुडीह सहित आसपास के हजारों भक्त शामिल हुए। कलश यात्रा में जिंजोई नदी से जल भरकर भक्त मंदिर स्थल तक पहुंचे। मंदिर निर्माण में ब्रजेश सिंह और उनके पुत्र त्रिपुरारी सिंह के साथ सरजू नारायण सिंह, शिवनाथ सिंह, धर्मदेव सिंह, उदय सिंह, जमुना सिंह, मनोज राम, अखलेश पांडेय, गिरेन्द्र सिंह, बिंदेश्वरी सिंह, अजय सिंह और अनुज कुमार सिंह ने योगदान दिया। मंगलवार को पूजा, प्रवचन और नगर भ्रमण, बुधवार को भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा तथा गुरुवार को प्रसाद वितरण के साथ यज्ञ संपन्न होगा। पाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह ने सभी भक्तों को कलश देकर यात्रा प्रारंभ कराई। उन्होंने कहा कि सनातन धर्मावलंबी पूरी तत्परता से अपने धर्म का पालन कर रहे हैं और मंदिर निर्माण से पूरे गांव के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण भी उत्साहित हैं।

## रामचरित मानस नवाह पाठ महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने झूमकर किया राम जन्म उत्सव



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के जोड़ ग्राम स्थित शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित 38वें रामचरित मानस नवाह पारायण पाठ महायज्ञ के छठे दिवस पर श्री बाबा बैजनाथ आदर्श रामलीला मंडली (जनकपुर, मिथिला धाम, दरभंगा) द्वारा भव्य रामलीला मंचन किया गया।

रात्रि कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान शंकर की झांकी प्रस्तुत की गई, जिसके बाद कलाकारों ने राम-सीता विवाह प्रसंग का अद्भुत मंचन किया। माता सीता की जनकपुर से विदाई के भावुक दृश्य ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के अयोध्या पहुंचने पर भव्य स्वागत का दृश्य प्रस्तुत किया गया। राम के राज्याभिषेक की घोषणा होते ही मंथरा द्वारा कैकेयी को भड़काने का दृश्य दिखाया गया, जिसके बाद कैकेयी ने महाराज दशरथ से अपने दो वरदान मांगे–राम के लिए 14 वर्ष का वनवास और भरत के लिए अयोध्या की गद्दी। कैकेयी के इस निर्णय से दशरथ अत्यंत दुखी हुए, लेकिन राम ने पिता की आज्ञा स्वीकार कर वनवास जाने का निश्चय किया।

यह भव्य मंचन जनकपुर से आए कलाकारों द्वारा किया गया, जिसे देखकर श्रद्धालु भावविह्वल हो उठे। यज्ञ कमेटी सहित सैकड़ों श्रद्धालु इस आयोजन में शामिल हुए और भक्ति में डूबकर कार्यक्रम का आनंद लिया।

## शिक्षा से ही समाज का उत्थान होगा : अरुणा शंकर

### माता शबरी के त्याग को भुलाया नहीं जा सकता



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** माता शबरी जयंती सह भुइया परिवार मिलन समारोह 2025 के कार्यक्रम में सम्मिलित होते हुए मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने माता शबरी के त्याग और भक्ति की चर्चा की। उन्होंने बताया कि माता शबरी भील समाज की राजकुमारी थीं और उनका वास्तविक नाम श्रमना था। वे भगवान राम की परम भक्त थीं और वर्षों तक भगवान राम और माता सीता की प्रतीक्षा की थी। माता शबरी को पशु-पक्षियों से गहरा लगाव था। उन्होंने विवाह नहीं किया और ऋषि मतंग की शिष्या बन गईं। माता शबरी ने भगवान राम को प्रेमपूर्वक झूठे बेर खिलाए थे। देश में प्रसिद्ध शबरी धाम गुजरात के डांग जिले के आहवा से 33 किलोमीटर और सापुतारा से लगभग 60 किलोमीटर की दूरी पर सुबीर गांव के पास स्थित है, जहां हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए जाते हैं। महापौर अरुणा शंकर ने भुइया समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के उत्थान के लिए शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विशेष रूप से लड़कियों को अधिक से अधिक शिक्षा दिलाने पर जोर दिया। इस अवसर पर सुनील भुइया, विश्वनाथ भुइया, समारोह के उद्घाटनकर्ता राजू भुइया, रविंद्र भुइया, पारसनाथ भुइया सहित हजारों की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे।

### डीएवी पब्लिक स्कूल में छात्रों को नए सत्र में प्रवेश से पूर्व हवन यज्ञ का किया आयोजन

# शिक्षा के साथ संस्कार गढ़ता है विद्यालय : प्राचार्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कांडी हनुमान मंदिर के प्रांगण में सोमवार को डीएवी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर टॉउनशिप द्वारा बच्चों में भारतीय संस्कृति के ज्ञानवर्धन एवं नए सत्र में विद्यालय प्रवेश हेतु एक हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस हवन यज्ञ में विनोद दुबे, अजीत सोनी, कृष्ण कुमार सोनी, राजू सोनी, रविंद्र कमलापुरी, संतोष प्रसाद व अभिभावक सपरिवार इस महायज्ञ में सम्मिलित हुए। हवन यज्ञ के शुभारंभ में संगीत शिक्षक गणेश त्रिवेदी, छात्र मयंक और आयुष के साथ मिलकर गणपति वंदना समेत कई भजन प्रस्तुत किए। तत्पश्चात संस्कृत शिक्षक आचार्य प्रवीण पांडेय ने डीएवी विद्यालय के शिक्षण उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ वैदिक शिक्षा पर भी हम बल देते हैं, ताकि हमारे सुनहरे



भविष्य के अंदर अपने वैदिक संस्कृति यज्ञ का ज्ञान बच्चों के बीच बना रहे। शिक्षा के साथ आध्यात्मिक ज्ञान से बच्चों में सुसंस्कार एवं सच्चरित्रता की वृद्धि होती है। नगर के उपस्थित 100 से अधिक लोगों ने इस महायज्ञ में अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए वैदिक मंत्रों के द्वारा आहुतियां प्रदान की गई। यज्ञ संपन्न होने पर विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने कहा कि हम शिक्षा के साथ-साथ संस्कार मुफ्त में देते हैं। शिक्षा के लिए तो आपको शुल्क देना पड़ता है, लेकिन संस्कार हम मुफ्त में भरते हैं, और यही कारण है कि डीएवी से पढ़े बच्चे अपने माता-पिता गुरुजनों का सम्मान करते हुए देश के एक सभ्य नागरिक बनते हैं। साथ ही अपने पैरों पर खड़ा होकर पूरे परिवार को संभाल रहे हैं। अभिभावक विनोद दुबे ने कहा कि वह पिछले 20 सालों से डीएवी विद्यालय को जान रहे हैं। इससे पढ़कर हमारे तीन-तीन बच्चे आज उन्नति के शिखर को चूम रहे हैं, इसलिए वह डीएवी का ऋणी हैं। इन लोगों ने अच्छी शिक्षा देकर हमारे बच्चों के भविष्य को संवारा। उन्होंने अभिभावकों से यह आग्रह किया की डीएवी की शिक्षा हम सबों के लिए महंगा तो जरूर है, लेकिन यह खर्च व्यर्थ नहीं जाता। बच्चों का भविष्य निश्चित रूप से उज्जवल होता है। मौके पर कांडी के छात्र अध्ययन कुमार, आराध्या प्रकाश, कुमारी वैष्णवी सिंह, दीक्षा, प्रज्ञा, रश्मि, कुणाल कौटिल्य, अभिजीत कुशाग्र कौशल आदि उपस्थित थे। अजीत सोनी ने उपस्थित सभी लोगों को प्रसाद वितरण किया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक शौकत अली, विभूति भूषण शाहू, प्रमोद कुमार, संजय राय भट्ट सहित अन्य उपस्थित थे।

## बीडीओ ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** प्रखंड के माध्यमिक व इंटरमीडिएट परीक्षा केंद्र प्लस टू उच्च विद्यालय कांडी तथा सोनभद्र आदर्श इंटर महाविद्यालय कांडी में सोमवार को इंटरमीडिएट की परीक्षा जियोलॉजी एवं ज्योग्राफी विषय की परीक्षा कदाचार मुक्त हुई। प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने परीक्षा केंद्र प्लस टू उच्च विद्यालय कांडी में औचक निरीक्षण कर सीसीटीवी कैमरा का फुटेज जांच करते हुए परीक्षा रूम में पहुंच कर परीक्षार्थियों का जांच किया। बता दें कि परीक्षा केंद्र कांडी में जियोलॉजी विषय में कुल 66 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। भुगोल शास्त्र के लिए 436 परीक्षार्थियों में से 434 परीक्षार्थियों ने परीक्षा लिखा। दो परीक्षार्थी अनुपस्थि रहे। आईकम बीएमटी विषय के लिए दो परीक्षार्थी ने परीक्षा लिखा। सोनभद्र आदर्श इंटर महाविद्यालय कांडी में कुल 361 परीक्षार्थियों ने भाग लिया, जिसमें जियोलॉजी के लिए 41 और भुगोल शास्त्र के लिए 320 में 318 परीक्षार्थियों ने परीक्षा लिखा। दो अनुपस्थित रहे। मौके पर केंद्र पर प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी श्रीवत्स गर्ग, केंद्र अधीक्षक निरंजन साहू, अनुज श्रीवास्तव के अलावा अन्य कई शिक्षण उपस्थित थे।

### स्कूल से सबमर्सिबल की चोरी



**डंडई** आरजीएसएम पब्लिक स्कूल के चापानल से रविवार की रात सबमर्सिबल की चोरी हो गई है। सोमवार को सुबह विद्यालय खोलने के बाद प्राचार्य सुमंत लाल ने सबमर्सिबल नहीं पाया। 7 फीट ऊंचाई की दीवार पर चढ़कर कमरा के ऊपर से लगे सीमेंटेड अल्बेस्टर की सीट हटाकर चोरों द्वारा उक्त घटना का अंजाम दिया गया है। चोरी की घटना से विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के लिए पानी की बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है। प्राचार्य ने स्थानीय पुलिस को घटना की लिखित जानकारी देकर चोरों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

**असैनिक शल्य चिकित्सक – सह – मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा।**

(अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना)

निविदा सं0 – 92 दिनांक – 22.02.2025

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन NCD, कार्यक्रम अंतर्गत प्राप्त DRE 2024 -2025 के आलोक विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन हेतु प्राप्त आवंटन की राशि से Medicine एवं Equipment एवं अन्य राज्य द्वारा प्राप्त Specification के अनुरूप क्रय हेतु अधिकृत विक्रेताओं/एजेंसियों से द्वि–लिफाफा पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय निविदा) के माध्यम से शीलबंद निविदा सिविल सर्जन, सदर अस्पताल गढ़वा पिन कोड – 822114 के नाम से निबंधित या स्पीड़ पोस्ट के माध्यम से निम्न शर्तो के साथ जिला स्वास्थ्य समिति गढवा में आमंत्रित की जाती है।

| S.N | NAME OF WORK | RATE CONTRACT FOR Medicine एवं Equipment अन्य सामग्री |
|---|---|---|
| 01 | Date & Time of Start of Submission of Bids | 25 February 2025 , From 10:00 AM |
| 02 | Last Date & Time for Receipt of Bids | 5 MARCH 2025 , Till 05:00 PM |
| 03 | Bid Opening Date | 6 MARCH 2025 , 03:00 PM |
| 04 | EMD in Favoring - DRHS Flexi Pool Garhwa | Rs. 50,000.00 (Fifty Thousand) |
| 05 | Application Fee(Non Refundable ) favoring - DRHS Flexi Pool, Garhwa | 5,000.00 (Five Thousand) |
| 06 | Venue for Getting & Submission of Tender Document | Civil Surgeon, Garhwa Sadar Hospital Campus, Garhwa 822114 |
| 07 | Contract No. of Procurement Officer | 7903284328, 7903074534 |
| 08 | Mode of Submission | Through Registered / Speed Post Only |

निविदा संबंधित कागजात गढ़वा जिले के बेबसाईट http://garhwa.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। उक्त से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय के सूचनापट्ट पर भी देखी जा सकती है। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त निविदा को स्वीकार नही किया जायेगा।

जिला नोडल पदाधिकारी, गढ़वा।

असैनिक शल्य चिकित्सक – सह – मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,गढ़वा।

PR 347053 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)D

## एक नजर

### जेएसएलपीएस का रोजगार मेला आज

**गढ़वा।** जेएसएलपीएस की ओर से मंगलवार को जिलास्तरीय रोजगार सृजन मेला का आयोजन किया जाएगा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना अंतर्गत उक्त रोजगार मेला का आयोजन होगा। मेला में निजी क्षेत्र की कुल 33 कंपनियों की ओर से 19 हजार 173 रिक्तियां दी गई हैं। उक्त कंपनियों में क्रिएटिव इंजीनियरिंग, रिड्स सोसाईटी, एटलस एक्सपोर्ट इंटरप्राईजेज, एनटीटीएफ, टेक्सयोर क्लोथिंग कंपनी, टू कॉम्स, अर्बन डिजाईन प्राईवेट लिमिटेड, मरेली मदरसन ऑटोमोटिव लाईटिंग इंडिया प्राईवेट लिमिटेड, मेट मदरसन ग्रुप ऑफ कंपनीज, एलकॉन बनसु रिंग सिस्टम, एक्विला कंसलटेंट, वीजी प्राईवेट लिमिटेड, टैलेंट कॉनेक्ट सर्विस, एबीएम प्राईवेट लिमिटेड, बोन इंडिया सर्विस प्राईवेट लिमिटेड, मुंजल प्राईवेट, सन वैक्यूम फॉर्मर इंडिया लिमिटेड, स्ट्रगल हेल्थ केयर ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड, जीएसए फाउंटेशन, उत्कर्ष स्मॉल फाईनेंस बैंक, फिम इंडस्ट्रीज, इंप्लॉईबिलिटी ब्रिज, कलर जर्सी, ऑप्टिवल हेल्थ सॉल्यूसन प्रालि, वीकेएस एचआर सर्विस, इंटिग्रेटेड प्रसोनल सर्विस, शशि एक्सपोर्ट, क्यूस क्रॉप लिमिटेड, वैदिक चैरिटेबल ट्रस्ट, स्कील्ड डेस्क प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। यह कार्यक्रम जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल में आयोजित किया जाएगा।

### करंट कि चपेट में आने से युवक की मौत

**रंका।** अनुमंडल क्षेत्र के मानपुर गांव निवासी शिवचरण सिंह के 25 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार सिंह की मौत सोमवार को करंट की चपेट में आने से हो गई। परिजनों ने बताया कि राकेश पुरेगाड़ा स्थित नदी में गांव के बच्चों के साथ मछली मारने गया था। मछली मारने के लिए करंट प्रवाहित तार का उपयोग किया जा रहा था। बड़ी मछली को देखकर वह नदी के पानी में चला गया। उससे वह करंट की चपेट में आ गया। घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने बताया कि मछली पकड़ने के क्रम में युवक करंट की चपेट में आ गया। उससे उसकी मौत हो गई।

### प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा आज

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 4 ग्राम गहिडी में शिव मंदिर नवनिर्माण प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा का शुभारंभ गहिडी शिव मंदिर परिसर से होगी, जो कोयल नदी के संगम तट से जल भर कर वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पुनः शिव मंदिर परिसर पूजा स्थल पर स्थापित किया जाएगा।

## वन विभाग ने की अवैध लकड़ी जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**भंडरिया।** वन विभाग ने वन क्षेत्र के रोदो गांव में ईंटा पकाने को लेकर रखे गए लकड़ी के जलावन को जब्त किया है। यह जानकारी वनपाल आनंद कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि जंगल का दोहन कर अब बहुत तरीके से गांव-गांव में बना रहे ईंट को पकाने को लेकर ग्रामीणों द्वारा लकड़ी काटा जा रहा है, जिसे लेकर वन क्षेत्र पदाधिकारी द्वारा एक टीम गठित किया गया है। गठित टीम द्वारा वन क्षेत्र के रोदो गांव में छापेमारी अभियान चलाकर रोदो गांव निवासी रामकेश यादव द्वारा ईंट बनाया जा रहा है। इस स्थल से डंप कर रखे गए तीन ट्रैक्टर असना एवं धौरा के लकड़ी को जब्त करते हुए वन कार्यालय भंडरिया लाकर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। लकड़ी का अनुमानित मूल्य तीन लाख रुपए है। भंडरिया वन क्षेत्र के दर्जनों गांव में ग्रामीणों द्वारा ईंट के भट्ठा लगाने को लेकर जंगलों का दोहन करते हुए लकड़ी को काटा जा रहा है। वन विभाग द्वारा इस तरह के कार्रवाई से लोगों में दहशत व्याप्त है।

## आज से मतदाता सूची का सत्यापन कार्य शुरू होगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में नगर निकाय निर्वाचन के लिए 1अक्टूबर 2024 को अहर्ता तिथि मानते हुए तैयार मतदाता सूची को नगर पंचायत श्रीबंशीधर नगर अंतर्गत निर्धारित वार्डो व मतदान केंद्रवार मतदाता सूची तैयार करने हेतु गठित दल का प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में विधानसभा निर्वाचन हेतु तैयार मतदाता सूची को वार्ड वार विभाजित करने की कार्रवाई की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार ने बताया कि 25 फरवरी से सभी कर्मी प्रतिनियुक्त सुपरवाइजर वार्ड क्षेत्र में भ्रमण कर मतदाता का सत्यापन करेंगे। उक्त कार्य 3 मार्च तक पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे। इसके पश्चात 10 मार्च को मतदाता सूची का प्रकाशन किया जायेगा। 11 से 20 मार्च तक दावा आपत्ति की कार्रवाई की किया जायेगा। सभी कर्मी को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि इस कार्य के दौरान किसी भी परिस्थिति में किसी मतदाता का नाम नही हटाया जायेगा। मतदाता जिस वार्ड में निवास करते हो उसी वार्ड में उनके पूरे परिवार का नाम दर्ज किया जायेगा। कार्यशाला में प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी बीरेंद्र कुमार सिंह, प्रखंड समन्वयक कौशल कुमार, नगर पंचायत सिटी मैनेजर रवि कुमार, प्रणय मंडिलवार, रोजगार सेवक बिरेंद्र कुमार यादव, मनीष कुमार चौबे, आनंद कुमार विश्वकर्मा, आलोक राज , जनसेवक विकास कुमार, कनीय अभियंता जितेंद्र कुमार, अशोक कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, पर्यवेक्षक, बीएलओ उपस्थित थे।

### किसान गोष्ठी का आयोजन, कृषकों को किया गया जागरूक

**केतार।** प्रखंड के बलिगढ़ पंचायत में सोमवार को ज्रेडा कंपनी द्वारा किसान गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त गोष्ठी में ज्रेडा कंपनी के कर्मी मनोज सिंह व शशिकांत सिंह के द्वारा किसानों को सोलर सिस्टम लगाने कि जानकारी दी गई। किसानों को बताया गया कि दो एचपी, तीन एचपी और पांच एचपी का सोलर सिस्टम के लिए किसान आवेदन करें। इस योजना से लाभान्वित किसानों को खेती पटवन करने में बिजली का बचत होगी। साथ ही किसानों को खेती पटवन करने में भी सहूलियत होगी।

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू**

समाहरणालय भवन ब्लाक सी0 कमरा सं0–9

ई मेल jepcpalamau@rediffmail.com & jepcpalamau1@gmail.com

**EXPRESSION OF INTEREST**

**इच्छा की अभिव्यक्ति से संबंधित सूचना**

राज्य परियोजना निदेशक, झा0शि0प0परि0, राँची के पत्रांक 619 दिनांक 13.02.2025 के आदेश के आलोक मे जिले के उच्च प्राथमिक कक्षाओं के 200 छात्र/छात्राओं को अन्य प्रमण्डल के जिलों में विज्ञान केन्द्रों, दर्शनीय स्थलों, तकनीकि कॉलेजों आदि का भ्रमण कराया जाना है। भ्रमण से संबंधित विस्तृत जानकारी झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू कार्यालय से (मो0–8863032412/7004185886) कार्यालय अवधि में प्राप्त किया जा सकता है।

इच्छुक ट्रेवल्स एजेंसी/एजेंसी अपना प्रस्ताव झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू कार्यालय, समाहरणालय बिल्डिंग ब्लॉक–सी, तृतीय तल्ला, समाहरणालय, पलामू में दिनांक 04.03.2025 तक हाथों–हाथ अथवा निबंधित डाक द्वारा समर्पित कर सकते हैं।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान, पलामू

PR 347073 District(24-25)#D

## फाइलेरिया अभियान के तहत घर-घर जाकर खिलायी दवा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रंका।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत टीम गठित कर जांच किया गया। इस संबंध में सोमवार को तीन बजे से शाम छह बजे तक टीम द्वारा घर-घर जाकर जांच किया गया। इस सबंध मे डाक्टर कृष्णा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा 10 से 2 मार्च तक चलाया जा रहा है। फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के अंतर्गत रंका अनुमंडल मुख्यालय के बर मुहल्ला, दर्जी मुहल्ला, सुभाष चंद्र बोस मुहल्ला, रोड साइड, गढ़देवी मुहल्ला सहित विभिन्न क्षेत्रों में घर-घर जाकर टीम द्वारा खिलाई गई फाइलेरिया उन्मूलन की दवा। स्वास्थ्य विभाग के जन कल्याणकारी योजना को मूर्त रूप प्रदान करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा से जुड़े



पीएलवी सह समाजसेवी अमरेन्द्र कुमार द्वारा स्वास्थ्य विभाग के साथ कदम से कदम मिलाकर के इस खतरनाक बीमारी को पूरे जड़ से समाप्त करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके निमित्त स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ पूरे रंका अनुमंडल मुख्यालय के विभिन्न क्षेत्रों में घर-घर जाकर लोगों को इस खतरनाक बीमारी से बचाव के लिए फाइलेरिया की दवा खिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस फाइलेरिया रोधी अभियान को सफलता पूर्वक संचालन कर अब तक सैकड़ों लोगों को फाइलेरिया रोधी की दवा खिलाई जा चुकी है। इस अभियान को सफल बनाने में पिरामल फाउंडेशन के जहूर अंसारी, प्रेम कुमार, स्वास्थ्य विभाग से जुड़े मंदीप कुमार, एएनएम चंद्रकांती कुमारी, स्वास्थ्य सहिया पूनम कुमारी, सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

### नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ को लेकर निकाली गई भव्य कलश यात्रा

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 12 ग्राम खजुरी में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ के अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। बताते चले कि 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का कलश यात्रा खजूरी शिव मंदिर परिसर से निकली। इसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कोयल नदी के संगम तट से वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ जल भर कर पुनः शिव मंदिर परिसर पूजा स्थल पर कलश स्थापित किया। कलश यात्रा के दौरान सभी श्रद्धालु भगवा वस्त्र में दिखे। इस दौरान सभी श्रद्धालुओं ने जय श्री राम, शंकर भगवान की जय, दुर्गा माता की जय सरीखे गगनभेदी जय घोष कर रहे थे। कलश यात्रा शांतिपूर्ण व स्वच्छ वातावरण में संपन्न हुआ।

**झारखण्ड सरकार**

**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा।**

**राज्य स्तर पर पुरस्कार वितरण हेतु उतकृष्ट दुग्ध उत्पादकों के लिए आम सूचना।**

प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान परिसर गव्य विकास भवन, सेक्टर–2 धुर्वा, राँची – 834004, गव्य विकास निदेशालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 में राज्य स्तर पर पुरस्कार वितरण हेतु संशोधित मानकों के आधार पर उत्कृष्ट दुग्ध उत्पादकों का चयन किया जाना है। विभागीय राज्यदेश सं० 17 रा० (वि०) दिनांक 16.07.2024 की कंडिका 17 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2024–25 में राज्य स्तर पर पुरस्कार वितरण हेतु उत्कृष्ट दुग्ध उत्पादकों का आवेदन प्रपत्र में फोटोग्राफ सहित जिला गव्य विकास कार्यालय गढ़वा के 27.12.2025 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। विहित आवेदन प्रपत्र कार्यालय अवधि में निःशुल्क उपलब्ध है।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 347052 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 24-25 (D)

### कक्षा 1 व 2 के बच्चों के बीच पोशाक किट वितरित

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावां में कक्षा प्रथम और द्वितीय के विद्यार्थियों के बीच विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुहब्बत हुसैन एवं प्रधानाध्यापक कामेश्वर प्रसाद सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से पोशाक किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में छोटे बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने और उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुहब्बत हुसैन ने कहा कि सरकारी योजनाओं के तहत विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधाएं शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने में सहायक होती हैं।

## उपायुक्त से अंडर पास सड़क निर्माण की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** रमना पंचायत अंतर्गत रामगढ़ के ग्रामीणों ने उपायुक्त गढ़वा को आवेदन देकर अंडरपास निर्माण की मांग की है। आवेदन में ग्रामीणों ने लिखा है कि रमना में एनएच -75 चौड़ीकरण व बाईपास निर्माण कार्य चल रहा है, जिसमे रमना में बाईपास मड़वनियां से रामगढ़ दोहर से होते हुए करचा प्रखंड और थाना मोड़ के पास मिलेगा। जिसमे भगत सिंह चौक, पीपल तर से रामगढ़ होते हुए रेलवे स्टेशन जाने वाला मार्ग में कोई अंडरपास नहीं बनाया जा रहा है। इससे इस मार्ग से गुजरने वाली बड़ी आबादी को आवागमन में काफी असुविधा होगी और बाजार तथा रेलवे स्टेशन आने जाने में राहगीरों एवं यात्रियों को लंबी दूरी तय करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने कहा कि उन्हें अपने घर तक पहुंचने के लिए कोई अन्य मार्ग भी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में पुराने मार्ग में ही अंडर पास निर्माण की व्यवस्था की जरूरत है। इससे बड़ी आबादी को आवागम में परेशानी नहीं हो और उक्त पुराना मार्ग से आवागमन हो। क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव ने भी उक्त मार्ग में अंडर पास निर्माण के लिए अपनी अनुशंसा की है। अंडरपास निर्माण की मांग 572 लोगों ने की है। उनमें गोपाल राम (भूतपूर्व सेना),बालरूप राम( भूतपूर्व शिक्षक ),नंदू साह,दया पासवान, एस कुमार पासवान,भरत पासवान,बनारसी बैठा,कृष्णा बैठा, विशुन देव बैठा,राम किशुन बियार, महेंद्र ठाकुर शामिल है।

### कार्यक्रम

## 23 को मेगा मेडिकल कैंप लगाने का निर्णय

# जायंटस 12 मार्च को खजूरी में बच्चों के बीच होली सामाग्री का वितरण करेगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** जायंटस ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में ज्ञान निकेतन स्कूल में अध्यक्ष राकेश केशरी की अध्यक्षता में मार्च 2025 में होने वाले कार्यक्रम की तैयारी कि लिए बैठक आहूत की गई। बैठक का संचालन फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी ने किया। बैठक के आरंभ में प्रशाशनिक निदेशक मोजिबुद्दीन खान ने ग्रुप द्वारा अब तक किये गए सेवा कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। बैठक में सर्वसम्मति से 12 मार्च को खजूरी ग्राम स्थित कैलाश पर्वत के बच्चों के बीच होली सामग्री रंग, अबीर, गुलाल, पटाखा के साथ बिस्कुट,चाकलेट आदि का वितरण



किया जाएगा। उस दिन शाम को ज्ञान निकेतन स्कूल में होली मिलन समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। 23 मार्च को गढ़वा में जायंटस ग्रुप गढ़वा, डॉ. आरएस दास रांची की टीम के संयुक्त तत्वावधान में मेगा मेडिकल कैंप लगाने का निर्णय लिया गया। बैठक में श्री कृष्ण लाइब्रेरी के देखरेख के लिए जायंटस के वरिष्ठ सदस्यों की एक समिति का गठन किया गया, जो इस लाइब्रेरी की व्यवस्था सुधार में सहयोग करेगा। मौके पर सेंट्रल कमेटी सदस्य अजय कांत पाठक, जायंटस वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, विनोद कमलापुरी, मदन प्रसाद केशरी, फेडरेशन पदाधिकारी नंद कुमार गुप्ता, स्पेशल कमेटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, जायंटस ग्रुप गढ़वा के वर्तमान अध्यक्ष राकेश केशरी, निवर्त्तमान अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष चंद्रभूषण सिन्हा, प्रशासनिक निदेशक मोजिबुद्दीन खान, ध्रुव केशरी,मनोज केशरी, विनोद गुप्ता, दीपक तिवारी, रवीन्द्र जायसवाल, रवीन्द्र केशरी, सुनील कुमार अग्रवाल, मनोज केशरी, मनदीप सोनी, अजय केशरी, रितेश केशरी मोनू, विजय केशरी आदि जायंटस सदस्य उपस्थित थे।

**कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)।**
Email: - nphussainabad@gmail.com

ज्ञापांक....................../दिनांक ..............................

**अल्पकालिन सैरात/व्यवसायिक वाहन प्रवेश शुल्क बंदोबस्ती की आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत हुसैनाबाद क्षेत्रान्तर्गत सैरात/नगरपालिका व्यावसायिक वाहन शुल्क वसूली हेतु उच्चतम डाकवक्ता के माध्यम से एक वर्ष के लिए 1.04.2025 से बन्दोवस्त की जानी है। डाक की विवरणी निम्नरूपेण है :–

| क्र0 | डाक की विवरणी | डाक की न्यूनतम राशि | अग्रधन की राशि डाक की न्यूनतम राशि का 10 प्रतिशत आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य है। | डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों के लिए आवेदन जमा करने की तिथि एवं समय | डाक खोलने की तिथि, समय एवं स्थान | बन्दोबस्त में भाग लेने के लिए आवेदन शुल्क जो वापस नहीं किया जायेगा। | निर्धारित वसूली दर 24 घंटा के लिए जो अनुमानतः दोपहर 12 बजे से अगला दिन दोपहर 12 बजे तक। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नगरपालिका व्यवसायिक वाहन शुल्क | | | | | | | |
| 01 | नगरपालिका व्यावसायिक वाहन शुल्क (नगर पंचायत हुसैनाबाद का संपूर्ण क्षेत्र) | 27,61,000 (सताइस लाख एकसठ हजार रूपए मात्र) | 2,76,100.00 (दो लाख छिहत्तर हजार एक सौ रूपए मात्र) | दिनांक–01.03.2025 समयः पूर्वाहन 11:00बजे से अपराहन 12:15 बजे तक। | दिनांक–01.03.2025, समयः अपराहन 12:30 बजे से स्थानः थाना परिसर हुसैनाबाद | 10000 (दस हजार रुपये) | 1. तीन चक्का वाहन – 20 रु 2. कमांडर – 30 रु 3. ट्रेक्टर –30 रू0 4. चार चक्का (407/pick up, आदि के लिए–40 रू0 5. 6 से 10 चक्का तक वाहन के लिए –100 रू0 6. 10 चक्का से अधिक वाहन के लिए–200 रू0 |
| सैरात बन्दोबस्ती | | | | | | | |
| 01 | बाजार सैरात दुकानदार बाजार सैरात फुटपाथ दुकानदार (नगरपालिका अधीन संपूर्ण क्षेत्रों में) | 700700.00 (सात लाख सात सौ रुपये) | 70070.00( सत्तर हजार सत्तर रुपये) | दिनांक–01.03.2025 समयः पूर्वाहन 11:00बजे से अपराहन 12:15 बजे तक। | दिनांक–01.03.2025, समयः अपराहन 12:30 बजे से स्थानः थाना परिसर हुसैनाबाद | 5000.00 (पॉच हजार रुपये) | चलन्त ठेला गुम्टी/ठेला/अस्थायी दुकान इत्यादि 1- 0–30 वर्ग फीट– 10 रु/दिन 2- 30 वर्ग फीट से अधिक– 20रु /दिन (निविदा की शर्तें कंडिका –5 में बोली में न्यून्तम 20000.00रु एवं अधिक्तम 40000.00रु का अंतर की बोली लगानी होगी।) |

डाकवक्ता के लिए अन्य शर्त्त नोटिस बोर्ड पर किसी कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 347036 (District) 24-25 (D)

## एक नजर

### दरी पर बैठ कर शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चे



**चंदवा।** राज्य सरकार शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने और बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है ,लेकिन चंदवा प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चटुआग में शैक्षणिक व्यवस्था दम तोड़ती नजर आ रही है। सोमवार को कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने उक्त विद्यालय का निरीक्षण कर शैक्षणिक व्यवस्था की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मध्याह्न भोजन,रजिस्टर, कक्षावार बच्चों की उपस्थिति पंजी की जांच की। निरीक्षण में नामांकित 157 छात्र छात्राओं में 110 बच्चे उपस्थित थे। कुछ बच्चे दरी पर बैठकर पढ़ाई कर रहे थे।

### दो सड़क दुर्घटना में बस एजेंट समेत 3 गंभीर

**चंदवा।** चंदवा-मैकलुस्कीगंज मार्ग पर मालहन गांव के समीप हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार मनीष गंझू व अजीत मुंडा (परसाही, चंदवा) घायल हो गये। घटना के संबंध में बताया जाता है कि दोनों युवक बाइक से चंदवा कि ओर आ रहे थे। इस दौरान अचानक मालहन गांव के समीप सड़क पर मवेशी आ जाने के कारण अनियंत्रित होकर गिर पड़े। सूचना के बाद 108 एम्बुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में भर्ती कराया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल मनीष गंझू को रिम्स रेफर कर दिया गया। रविवार देर शाम टोरी रेलवे फाटक के समीप यात्री बस ने टेंपो को धक्का मार देने से सकिंद्र जायसवाल (कुजरी, चंदवा) गंभीर रूप से घायल हो गए। उसे स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उनका प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया। युवक के सिर पर गंभीर चोट आई है। वह बेहोशी कि हालत में था। युवक बस एजेंट का काम कर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करता है। युवक की आर्थिक स्थिति खराब है। परिजनों ने लोगों से मदद की अपील की है।

### पूर्व जनसेवक को दी गई भावभीन विदाई

**इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी प्रखंड के पूर्व जनसेवक दिलीप प्रसाद के अपने गांव जाने के क्रम में सोमवार को करनी के ग्रामीणों के द्वारा विदाई सह सम्मान कार्यक्रम आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में लोगों ने अंग वस्त्र, मिठाई व बुके देकर जनसेवक को विदाई दी। इस दौरान उनकी सेवा भावना की भूरी-भूरी प्रशंसा के साथ उनके द्वारा लोगों के प्रति व्यवहार की सराहना की गई। उन्होंने 1989 में योगदान दिया और तब से वह चतरा के विभिन्न प्रखंड में कार्यरत रहकर सेवा दिया। मौके पर डोमन राणा, देवकुमार सिंह, सीताराम दांगी, नवल किशोर नवल, पिंटू पाण्डेय, नरेश दांगी, संजय रजक, दशरथ दांगी, यशवंत सिंह, शंकर सेन सुमन आदि लोग मौजूद थे।

# हाइवा की चपेट में आया युवक, मौत

- विरोध में 6 घंटे सड़क जाम
- सीसीएल ने मृतक के परिजन को तत्काल दिया एक लाख रुपए की साहाता राशि



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के अमरवाडीह कोल साइडिंग के पास सोमवार को अज्ञात हइवा ने 40 वर्षीय युवक को अपनी चपेट में ले लेने से उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गई। युवक की पहचान ओकील गंझू के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सुबह युवक सुबह के समय शौच के लिए जा रहा था। इस दौरान ने हाइवा ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घटना के विरोध में ग्रामीण और परिजनों ने अमरवाडीह रेलवे कोल साइडिंग के पास कोयला परिवहन मार्ग पर शव रखकर सड़क को जाम कर दिया। इससे सड़क की दोनों ओर हाईवा व ट्रक की लंबी कतारें लग गई। जाम के 6 घंटे बाद पुलिस, सीसीएल व ग्राम के बुद्धिजीवी लोगों के पहल पर जाम को हटाया गया। बता दे कि ओकील गंझू अपने पीछे पत्नी के अलावा दो लड़का और दो लड़की छोड़ गए हैं। घर गृहस्ती करने वाला एक मात्र ओकील गंझू ही था। उसकी मौत होने के बाद परिवार में दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है। ग्रामीण और परिजनों ने सीसीएल से 20 लाख रुपए मुआवजा और बच्चों का उचित शिक्षा की व्यवस्था के साथ आश्रित नौकरी देने की मांग की है। घटना की सूचना मिलने पर अमराडीह पिकेट पुलिस व मगध सीसीएल पदाधिकारी परिजन व ग्रामीणों से बातचीत के लिए जाम स्थल पहुंचे। वहां सीसीएल अधिकारियों ने संवेदना व्यक्त करते हुए मृतक के परिजन को तत्काल ही सीसीएल ने एक लाख रुपए का नकद सहायता राशि मृतक की पत्नी मनो देवी को दिया। साथ ही हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। बता दें कि बालूमाथ पुलिस अनुमंडल क्षेत्र में भारी वाहनों से आम जनों का चपेट में आना यह कोई नई बात नहीं। दरअसल इस क्षेत्र के लोग हाइवा और ट्रकों का अनियमित और अनियंत्रित परिचालन से परेशान रह रहे हैं, जिससे निजात के लिए क्षेत्र के ग्रामीण दिन में नो एंट्री का मांग करते रहे हैं। अब तक ग्रामीणों की मांग को पूरा नहीं किया जा सका है। इसका खामियाजा क्षेत्र के ग्रामीण भुगत रहे हैं। ग्रामीण अपनी जान का नुकसान कर जीवन जी रहे हैं। मौके पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए अतः परीक्षण के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया है। इस घटना के बाद से गांव में मातम का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जाम स्थल पर सीसीएल पदाधिकारी, पुलिस के अलावा ग्रामीण महेंद्र गंझू ,सोमनाथ गंझू ,प्रदीप गंझू,आशीष ठाकुर सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## टीबी रोगियों के बीच पोषण टोकरी का वितरण



इटखोरी(चतरा)। सामुदयिक स्वास्थ्य केन्द्र इटखोरी में प्रखंड स्तरीय निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत टीबी मरीजों के बीच पोषण टोकरी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ. सुमित जायसवाल उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के दौरान 35 उपचार कराते टीबी रोगियों के बीच पोषण टोकरी वितरण किया गया है। मौके पर मुख्य अतिथि ने बताया की यह कार्यक्रम प्रखण्ड स्तर पर उपचाररत टीबी रोगियों के बीच अतिरिक्त पोषण सहायता के तहत प्रत्येक महीने पोषण टोकरी (पोषाहार) वितरण करने के लिए की जा रहा है।

## न्यूज बॉक्स

### पुलिस ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान

बालूमाथ। अपराध नियंत्रण व रोकथाम को लेकर बालूमाथ पुलिस अनुमंडल क्षेत्र में काफी सक्रिय है। अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर पुलिस दिन रात वाहन जांच अभियान चला रही है। रविवार को देर शाम रांची लातेहार सिवाना क्षेत्र मुरपा पुलिस पिकेट के पास पिकेट प्रभारी हुसैन डांग के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान मोटरसाइकिल से लेकर चार चक्का, बड़ी वाहनों की भी बारीकी से जांच की गई । मौके पर पिकेट प्रभारी ने बताया कि लातेहार एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर यह अभियान पिछले कई दिनों से चलाई जा रही है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। बता दें कि वाहन जांच अभियान के दौरान दो चक्का वाहन चालक, ट्रिपल लोड व टीनएजर चालक, जो हेलमेट नहीं लगते हैं। वैसे चालकों को ट्रैफिक रूल नियम का पालन करने व सेफ्टी के लिए हेलमेट लगाने का सलाह दिया गया। वाहन जांच के दौरान पिकेट प्रभारी हुसैन डांग के अलावा कई सुरक्षा बल भी शामिल थे।

### अज्ञात वाहन के धक्के से नीलगाय गंभीर

प्रतापपुर (चतरा)। प्रतापपुर प्रखंड के नावाडीह फॉरेस्ट क्वार्टर के समीप सड़क पार कर रहे नीलगाय अज्ञात वाहन के चपेट में आने से गंभीर रुप से घायल हो गया। सुबह जब ग्रामीण सड़क पर निकले तो देखा घायल अवस्था में खून से लहूलुहान पड़ा है नीलगाय। इसके बाद गांव के ही लखन यादव ने नीलगाय की सेवा घर पर ले जाकर शुरू की और मीडिया के माध्यम से वन विभाग को जानकारी देने का आग्रह भी किया। इसके बाद हमारे प्रतिनिधि द्वारा यह जानकारी प्रतापपुर वन क्षेत्र पदाधिकारी अजीत राम को दी गई तो उन्होंने वनरक्षी अरुण कुमार के द्वारा प्रतापपुर पशु चिकित्सका पदाधिकारी को ले जाकर घायल नीलगाय का इलाज करवाया। उन्होंने बताया कि घायल नीलगाय का इलाज कराए जाने के बाद वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष सीता याद के पास देख रेख के लिए छोड़ दिया गया है।

### गारू पूर्वी रेंजर ने महुआडांड़ रेंजर का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया

**महुआडांड़ (लातेहार)।** झारखंड प्रधान मुख्य वन संरक्षक के निर्देश पर गारु पूर्वी वन क्षेत्र के रेंजर उमेश कुमार दुबे रविवार को महुआडांड़ रेंजऑफिस पहुंच कर महुआडांड़ वन क्षेत्र का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने महुआडांड़ वन क्षेत्र में कार्यरत ऑफिस इंचार्ज, वनरक्षी, ट्रैकर समेत सभी बीट पर कार्यरत कर्मी से परिचय प्राप्त कर क्षेत्र के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उपस्थित कर्मियों को प्रशासनिक कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने एवं वन संरक्षण को मजबूत करने के संबंध में निर्देश दिए। गारु पूर्वी वन क्षेत्र के रेंजर उमेश कुमार दुबे को गारू पश्चिमी, महुआडांड़ एवं बेतला वन क्षेत्र का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। रेंजर उमेश कुमार दुबे ने बताया कि वनों की सुरक्षा प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। गर्मियों का मौसम शुरू हो रहा है ऐसे में वनों की सुरक्षा का दायित्व और भी अधिक बढ़ जाता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वनों को आग से बचाए। वृक्षों की कटाई, अवैध उत्खनन अथवा अन्य तरीकों से वनों को नुकसान पहुंचाना कानूनन अपराध है। वन क्षेत्र को नुकसान पहुंचाने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान वनरक्षी कुणाल कुमार, राजेश कुजूर, संजीव पांडेय, ट्रैकर विजय बड़ाइक समेत अन्य वनकर्मी उपस्थित थे।

# पीएम किसान सम्मान निधि कार्यक्रम का आयोजन

- किसानों को मिली 19वीं किश्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान सम्मान निधि की 19वीं किश्त का हस्तांतरण का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केंद्र बालूमाथ में सोमवार को कृषि वैज्ञानिक सह प्रधान महेश चंद्र चेराई के नेतृत्व में आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लातेहार जिले के विभिन्न प्रखंडों से कुल 231 किसानों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को प्रशिक्षण के दौरान जैविक खेती, पशुपालन, फल-फूल उत्पादन के बारे में भी जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान सह वरीय वैज्ञानिक महेश चंद्र जेराई ने पांच किसानों को कृषि के क्षेत्र में उन्नत कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान किसानों के द्वारा लाए गए सब्जियों का भी प्रदर्शन किया गया। जिसमें उन्नत किस्म के सब्जियों उत्पादन करने वाले किसानों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के डॉक्टर अरविंद मिश्रा, डॉक्टर एसपी कुमार, डॉक्टर आरती बिना इक्का एवं डॉ सुनीता कुमारी कमल ने किसानों को संबोधित किया सम्मानित किसान में विनोद चौधरी, अनिल उरांव, मनोहर प्रसाद, संतोष प्रसाद, राम जन्म उरांव को उनके कार्यों के लिए सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम में राजमणि देवी, मंगलदेव उरांव, वीरेंद्र भगत, विनोद यादव, वीरेंद्र यादव, संतोष कुमार, आदि ने भाग लिया।

# महाशिवरात्रि मेला का उदघाटन पुलिस अधीक्षक ने फीता काटकर किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** महाशिव रात्रि का पर्व 26 फरवरी को है। इस अवसर पर बाजारटांड़ प्रांगण में भव्य मेला का आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष भी महाशिव रात्रि पर मेला का आयोजन किया गया है। सोमवार को महाशिवरात्रि मेला का उदघाटन पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने फीता काटकर किया। मौके पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी भक्त शांति पूर्ण माहौल में महाशिवरात्रि मे पूजा अर्चना कर इस मेले का आनंद उठाए। उन्होंने कहा कि मेला में सुरक्षा को पुलिस पदाधिकारियों और जवानों महिला पुलिस की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। इसके लिए सदर थाना प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।मौके पर मेला संवेदक नागेंद्र पाठक,प्रदीप पाठक सतीश कुमार समेत कई लोग शामिल थे। यहां बताते चले कि मेला में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है।श्रद्धालु भगवान शंकर को जलाभिषेक के लिए प्राचीन शिव मंदिर में पहुंचते है। पूजा अर्चना के बाद मेला का आनंद उठते है। मेला में बड़ा झूला के अलावा डिस्को डांस, नौका विहार, मौत का कुंआ, रेल, जंपिंग यार्ड के अलावा खेल व सौंदर्य प्रसाधन के काफी दुकानें लगायी गयी है।



# माता शबरी पूजा सह अखिल भारतीय भुइयां समाज मिलन समारोह का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति चंदवा इकाई की पहल पर सोमवार को सिकनी फुटबॉल मैदान परिसर में ऐतिहासिक माता शबरी पूजा सह भुइयां मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पलामू लोकसभा सीट से सांसद प्रत्याशी रही ममता भुइंया मौजूद थी। विशिष्ट अतिथि के रूप में सिकनी ट्रक ऑनर एसोसिएशन केअध्यक्ष लाल रंजन नाथ शाहदेव,जिला परिषद सदस्य सरोज देवी, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, बीडीओ चंदन प्रसाद, मजदूर संघ के अध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद यादव भुइयां समाज के जिला अध्यक्ष राजेंद्र भुइयां,पंचायत समिति सदस्य मनीता देवी समेत अन्य लोगों ने भगवान श्री राम, माता शबरी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत की। ममता देवी ने कहा कि माता शबरी की तपस्या अद्भुत थी। माता शबरी भगवान श्रीराम के प्रति उनका प्रेम व समर्पण अद्भुत था। ममता ने कहा कि हमारे समाज में आज भी शिक्षा की कमी है। अगर समाज को आगे बढ़ाना है तो अपने बच्चों को शिक्षित करें। उन्होंने समाज के तमाम लोगों से धर्म परिवर्तन को रोकने एवं समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान भुइयां समाज का सम्मेलन भी आयोजित किया गया। बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम पेश किये। कार्यक्रम के अंत मे भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर जतरा मेला का भी आयोजन किया गया। मंच संचालन शिव बालक राम कर रहे थे। मौके पर सकेंद्र भुइयां,संजय भुइयां,राजेंद्र भुइयां समेत बड़ी संख्या में भुइयां समाज के लोग मौजूद थे।




## शैक्षणिक उन्नयन ट्रस्ट की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

**इटखोरी (चतरा)।** हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बारा में नारायणा द्वारा संचालित शैक्षणिक उन्नयन ट्रस्ट की बैठक इटखोरी प्रखंड के सोनिया निवासी महेंद्र कुमार पांडेय व ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र सिंह के मौजूदगी में हुई। संचालन भाजपा के वरिष्ठ नेता रामकुमार सिंह ने किया। प्रदेश अध्यक्ष ने बैठक में बताया कि ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण बच्चे, जो पैसे के अभाव में मैट्रिक के बाद उच्च शिक्षा प्राप्त करने में असमर्थ हैं। उन्हें ट्रस्ट द्वारा ट्रस्ट के गाइडलाइन के तहत उच्च शिक्षा देने में मदद की जाती है। बताया कि इसमें प्रवेश परीक्षा ली जाती है और जो बच्चे इस में सफल होते हैं, उन्हें ट्रस्ट द्वारा उच्च शिक्षा देने में मदद की जाती है। बैठक में उदय सिंह, उपेंद्र सिंह, सुधीर सिंह, सतीश सिंह, संजू सिंह, अंजू सिंह, शंकर सिंह, अरविंद कुमार सिंह, सुदामा सिंह, बिनोद सिंह, दया सिंह, मनोज सिंह, प्रदीप सिंह आदि उपस्थित थे।


## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार

**आम सूचना**

**राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांकः–08.03.2025**

**व्यवहार न्यायालय, लातेहार में निःशुल्क, सुलभ एवं त्वरित न्याय के लिए**

विदित हो कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के तत्वावधान एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा), रॉची के निर्देशन में **जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार** के द्वारा **दिनांक 08.03.2024** दिन शनिवार समय 11.00 बजे पूर्वाहन से **व्यवहार न्यायालय, लातेहार के परिसर में** राष्ट्रीय **लोक अदालत** का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्नलिखित मामलों का निष्पादन किया जाएगा। आप सभी आमजनों से अनुरोध है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार अंतर्गत चल रहे विभिन्न बेंचों द्वारा शुरू किए गए **"राष्ट्रीय लोक अदालत पूर्व कॉन्सिलिएशन बैठक"** में अपने मामलों का निष्पादन हेतु स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से सूचीबद्ध करा सकते है, जिससे आपके मामलों का निष्पादन दिनांक **08.03.2025** को **"राष्ट्रीय लोक अदालत** में हो सके।

उक्त **"राष्ट्रीय लोक अदालत** में निम्नलिखित प्रकार के मामलों का निष्पादन किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| 1. सभी प्रकार के दीवानी मामले | 9. विद्युत विभाग से संबंधित मामले |
| 2. सुलहनीय अपराधिक मामले | 10. वन विभाग से संबंधित मामले |
| 3. बैंक सर्टिफिकेट केस | 11. माप तौल विभाग से संबंधित मामले |
| 4. वैवाहिक पारिवारिक मामले | 12. चेक बाउन्स से संबंधित मामले |
| 5. श्रम संबंधित मामले | 13. विवाद पूर्व निस्तारण योग्य मामले |
| 6. भू–अधिग्रहण से संबंधित मामले | 14. उत्पाद विभाग के मामले |
| 7. राजस्व संबंधित मामले | 15. अंतिम प्रपत्र से संबंधित वाद |
| 8. वाहन दुर्घटना से संबंधित मामले | 16. उपभोक्ता फोरम से संबंधित मामले एवं अन्य सुलहनीय मामले |

अतः सामान्य जनता एवं समस्त वादकारीगण एवं संबंधित पक्षकारों से अनुरोध है कि वे अपने उपरोक्त वर्णित मामलों से संबंधित वादों को उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादित करा कर लाभ उठावे तथा इसे सफल बनायें ।

(कुमार गौरव)
पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
लातेहार।

(उत्कर्ष गुप्ता)
उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार
लातेहार।

(मनोज कुमार सिंह)
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–
सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
लातेहार।

नोटः–उक्त **राष्ट्रीय लोक अदालत** के संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी हेतु आप किसी भी कार्य दिवस को व्यवहार न्यायालय परिसर, लातेहार में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार के कार्यालय में उपस्थित होकर या दूरभाष सं0 8987736366 से सम्पर्क कर सकते हैं।

निवेदक
(शिवम चौरसिया)
सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार

PR 347141 Law(24-25).D


## अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय में छात्रावास भवन की कमी

**महुआडांड़( लातेहार)।** महुआडांड़ प्रखंड स्थित अनुसूचित बालक जनजाति आवासीय विद्यालय में छात्रों के रहने के लिए छात्रावास की गंभीर समस्या है। विद्यालय भवन में ही रखकर छात्र पढ़ाई करने को मजबूर है। जितने भी पुराने छात्रावास थे सभी जर्जर हो चुके है। नये छात्रावास में अभी तक छात्रों को नहीं भेजा गया है। विद्यालय भवन में कुछ छात्र रहते हैं, बाकि छात्र दूसरे छात्रावास में रहते हैं। छात्रावास में समुचित व्यवस्था की भारी कमी है। आग से बचाव को लेकर कोई व्यवस्था विद्यालय प्रशासन द्वारा नहीं किया गया है। छात्रों के व्यवस्था के संबंध में पूछे जाने पर विद्यालय के प्राचार्य ने स्पष्ट जवाब नहीं दिया। उन्होंने बताया कि नये छात्रावास बनकर तैयार है। मार्च माह में सभी को छात्रावास में भेज दिया जाएगा।



## तैयारी

### कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने को लेकर उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

# चार मई को होगी नीट-यूजी की परीक्षा

- अधिकारियों को मिला निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** आगामी 4 मई को नीट-यूजी परीक्षा (नीट-यूजी 2025) को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव द्वारा केंद्रीय विद्यालय परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने परीक्षा केंद्र केंद्रीय विद्यालय का निरीक्षण कर परीक्षा कार्य में लगाए गए सभी केंद्र अधीक्षकों, दंडाधिकारियों, पुलिस बल के जवानों आदि को परीक्षा के दौरान संयुक्त जिला आदेश का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए परीक्षा संपन्न कराने का निर्देश दिया। साथ ही परीक्षा केंद्रों पर बॉयोमैट्रिक डाटा संग्रहण कर रहे कर्मचारियों को उपायुक्त ने निर्देश दिया कि बॉयोमैट्रिक डाटा का गहन रूप से पर्यवेक्षण व निरीक्षण करेंगे, जिससे कोई परीक्षार्थी बॉयोमैट्रिक उपस्थिति कराने से वंचित नहीं रह सके। उपायुक्त ने परीक्षा केंद्र पर उपस्थित परीक्षार्थियों की जानकारी के अलावा उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, सुरक्षा दृष्टिकोण से लगाए गए सीसीटीवी कैमरों आदि का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक ने 4 मई को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होने वाली नीट-यूजी परीक्षा को लेकर केंद्र पर निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त वातावरण में परीक्षा संपन्न कराने के लिए कई दिशा-निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी चार मई को जिले के केंद्रीय विद्यालय में अपराह्न 2:5 से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, संबंधित अधिकारी अधिकारी उपस्थित थे।


## कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)

Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

**GOVERNMENT OF JHARKHAND, URBAN DEVELOPMENT OF DEPARTMENT**
**E-PROCURMENT NOTICE (VERY SHORT TERM NOTICE)**

| SL. | WARD NO. | REFERENCE NO. | SCHEME NAME | ESTIMATE COST | EARNEST MONEY | TENDER FEE (2% OF ESTIMATE COST) | COMPLETION OF WORK |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | शहरी परिवहन व्यवस्था मद | | | | |
| 1 | 9 | UDD/NPB/34/ 2024-25 | Construction of PCC ROAD over kachcha road using GSB with two CULVERT from Sant Tulsidas Gate to house of Rina Kunwar in ward-9 under BNP. | 2102500.00 | 42050.00 | 5000.00 | 45 day |
| 2 | 16 | UDD/NPB/35/ 2024-25 | Construction of PCC ROAD on kachcha road WITH BOX CULVERT from house of Kaushal Chandrawanshi to house of Bullu Chandrawanshi in ward-16 under BNP. | 1278845.00 | 25577.00 | 5000.00 | 45 day |
| 3 | 1 | UDD/NPB/36/ 2024-25 | Construction of PCC ROAD on kachcha road With DRAIN in middle from house of Suresh Ram to house of Suryavanshi Ram in ward-1 under BNP. | 1023434.00 | 20469.00 | 5000.00 | 45 day |
| 4 | 9 | UDD/NPB/37/ 2024-25 | Construction of R.C.C DRAIN from Aanganbadi to house of Asarfi Ram in ward-9 under BNP. | 1826611.00 | 36532.00 | 5000.00 | 45 day |
| 5 | 5 | UDD/NPB/38/ 2024-25 | Construction of R.C.C DRAIN from house of Ramkumar Chaudhary to Vidya Niketan in ward-5 under BNP. | 1669745.00 | 33395.00 | 5000.00 | 45 day |
| 6 | 13 | UDD/NPB/14/ 2024-25 (2nd Call) | Construction of R.C.C drain from house of Rafique ansari to Aahar via house of Salim ansari in ward no 13 | 1343863.00 | 26877.00 | 5000.00 | 45 day |
| 7 | 6 | UDD/NPB/39/ 2024-25 | Construction of R.C.C DRAIN from Medininagar main road to Bishrampur main road via house of Kiran Devi in ward-3 under BNP. | 1180186.00 | 23604.00 | 5000.00 | 45 day |
| 8 | 3 & 9 | UDD/NPB/40/ 2024-25 | Construction of R.C.C DRAIN from house of Gopal Ram to house of Arvind kumar in ward-3 and 9 under BNP. | 1179969.00 | 23599.00 | 5000.00 | 45 day |
| 9 | 19 | UDD/NPB/41/ 2024-25 | Construction of R.C.C DRAIN from house of Sukan Bhuinya to house of Israil Ansari in ward-19 under BNP. | 1113182.00 | 22264.00 | 5000.00 | 45 day |

| | | |
|---|---|---|
| 10 | Date Of Publication Of Tender On Website | 26.02.2025, 11:00 AM |
| 11 | Date Start Of Online Submission Of Bids | 26.02.2025, 11:00 AM |
| 12 | Last Date/Time Of Online Submission Of Bids | 06.03.2025, 11:00 AM |
| 13 | Date Of Bid Opening | 07.03.2025, 11:00 AM |
| 14 | Name & Address Of Office Inviting Tender | EXECUTIVE OFFICER NAGR PARISHAD BISHRAMPUR |
| 15 | Contact No. Of Procurement Officer | 6370767832, 9123121713 |
| 16 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 06584 299971 |

NOTE: - 1. Contractors should be registered in appropriate class as per NIT.
2. For More Details on the Office Notice Board or https://udhd.jharkhand.gov.in/ULB/Bishrampur/Bishrampur.aspx

प्रशासक,
नगर परिषद बिश्रामपुर

PR 347142 District(24-25)#D

# 36 करोड़ की लागत से होने वाले तीन नहर जीर्णोद्धार में बरती जा रही अनियमितता



**नवीन मेल संवाददाता**

**कैरो/लोहरदगा** । जहां एक ओर गठबंधन की हेमेत सरकार आदिवासी बहुल इलाकों में लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर विकास करना चाह रही है वहीं दूसरी तरफ ठेकेदारी प्रथा में लूट मची हुई है । जानकारी के अनुसार नंदिनी जलाशय से निकलने वाली तीन नहर के जीर्णोद्धार में काफी अनियमितता बरती जा रही है। जिसमे पहला नंदनी से एड़ादोन तक,दूसरा नन्दनी से उमरी कोयल तक, तीसरा नंदिनी से बंडा बिराजपुर होते हुए नगड़ा तक लगभग 36 करोड़ की लागत से होने वाले तीनों नहरे के जीणोद्धार में घोर अनिमितता बरती जा रही है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा सांसद सुखदेव भगत को आवेदन देकर जांच करवाने की मांग की गई थी। सुखदेव भगत के निर्देश पर सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद जिला निगरानी समिति के सदस्य जफर खान, फूलदेव उराव, लाल विकास नाथ शाहदेव आदि ने योजना स्थल का जायजा लिया। जहां पहले से ही काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे । ग्रामीणों ने कहा कि ढलाई के नाम पर पर लीपा पोती की गई है। मिट्टीयुक्त बालू का प्रयोग ढलाई मे किया गया है। ढलाई काफी कमजोर है और पैर से दबाने पर टूट रहा है । साथ ही मिट्टी मोरम सड़क निर्माण कार्य में पानी पटवन नहीं किया जा रहा है। मजदूरी कम दिया जा रहा है ।

योजना स्थल पर उपस्थित सदस्यों के द्वारा उपायुक्त लोहरदगा को दूरभाष पर जानकारी देकर सारी बातों से अवगत कराया गया । बताया गया कि यह नहर भंडरा एव कैरो प्रखंड के किसानो के लिए काफी महत्वपूर्ण योजना है। लेकिन जिस तरह इसमें लीपा पोती की जा रही है यह काफी गंभीर विषय है। इस पर प्रशासन द्वारा अति शीघ्र जांच किया जाना चाहिए और दोषी ठेकेदार पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

### डीसी एसपी समेत अन्य पदाधिकारियों ने कव्वाली सह मेला प्रोग्राम स्थल का निरीक्षण किया

# समन्वय स्थापित कर प्रोग्राम को सफल बनाने में सभी वर्ग निभाएं अहम भूमिका : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**किस्को/लोहरदगा।** शहीद शेख भिखारी की याद में तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह के जेरे निगरानी में धुर्वा मोड़ में आयोजित मुकाबला कव्वाली सह मेला प्रोग्राम स्थल की तमाम प्रकार की तैयारियों का उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां,उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत,अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुंडा, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा, बीडीओ अरूण उरांव, सीओ अजय कुमार, थाना प्रभारी सुमन मिंज समेत जिले के कई अन्य पदाधिकारियों ने निरीक्षण कर बारीकी से वस्तु स्थिति का मुआयना किया और तैयारियों को समय से पूरा कराए जाने का निर्देश दिए। मौके पर डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और एसपी हारिस बिन जमां ने संयुक्त रूप से कहा कि लोहरदगा जिला में शुरू से स्थापित गंगा जमुनी तहजीब को बरकरार रखते हुए सभी वर्ग के लोग मिलकर कव्वाली सह मेला प्रोग्राम को सफल बनाने में अपनी-अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। जिससे लोहरदगा जिले के नाम भाईचारा में पूरे देश में एक नयी आयाम स्थापित कर सके। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि प्रोग्राम को सफल बनाने में जिला एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अपनी ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली है। किसी तरह की गड़बड़ी करने वालों को हरगिज बख्शा नहीं जाएगा। डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और एसपी हारिस बिन जमां ने संयुक्त रूप से कहा कि प्रोग्राम को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराए जाने में नारी नवाडीह के अलावा पूरे लोहरदगा जिला वासियों की भूमिका अहम हो। इधर कव्वाली प्रोग्राम स्थल का मुआयना करने पहुंचे उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां के द्वारा संयोजक हाजी अब्दुल जब्बार और तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह के अध्यक्ष एकरामुल अंसारी महासचिव रौनक इकबाल से पूरी वस्तु स्थिति के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी ली और कमियों को शीघ्र पूरा कराए जाने का निर्देश दिया। यहां पर बता दें कि देश के अमर शहीद शेख भिखारी की शान में आयोजित कव्वाली प्रोग्राम को भव्य और ऐतिहासिक तरीके से कराए जाने हेतु कार्यक्रम के उद्घाटन कर्ता पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू और अंजुमन ए इस्लामिया लोहरदगा के नाजिम ए आला हाजी अब्दुल जब्बार के विशेष सहयोग से तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह के द्वारा प्रोग्राम को भव्य बनाने की तैयारियां अंतिम चरण में है। यहां पर रात्रि मुम्बई के मशहूर कव्वाल रईस अनीश साबरी और मेवत महाराष्ट्र के सलमान अली अपनी लाजवाब प्रस्तुति देंगे। इन दोनों कव्वाल शहीद शेख भिखारी की शान में एक से बढ़कर एक कव्वाली पेश कर उनके आदर्शों पर चलने की सिख देने का कार्य कर दिखाएंगे।

**लोहरदगा जिला में शुरू से स्थापित गंगा जमुनी तहजीब को बरकरार रखते हुए सभी वर्ग के लोग मिलकर कव्वाली सह मेला प्रोग्राम को सफल बनाने में अपनी-अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे।**





### बिजली तार की चपेट में आने एक व्यक्ति की मौत



**कुडू।** कुडू के सुंदरू से ओपा जानेवाली रोड किनारे ओपा सारनटोली के नजदीक बिजली तार के चपेट में आने से गोपी टोली निवासी 55 वर्षीय परवल मिंज की मौत हो गई। बताया जाता है कि परवल मिंज अपना खेत जा रहा था, सरनाटोली के नजदीक एक पोल से दूसरे पोल तक टाना गया बिजली का तार पहले से झूला हुआ था, वही घटनास्थल के नजदीक बने तालाब पिंड ऊंचा होने के कारण जमीन को चूमने को आतुर बिजली तार के चपेट में आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस कर घायल हो गया। घायलावस्था में ग्रामीणों ने कुडू सरकारी अस्पताल लाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स ले जाने के क्रम में रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद बिजली विभाग के मिस्त्रियों ने घटनास्थल के नजदीक पोल गाड़कर तार ऊंचा करने का काम शाम तक जारी था।

# जिला खनन टास्क फोर्स की छापेमारी में पांच ट्रैक्टर जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** बालू खनन व परिवहन की गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए खनन टास्क फोर्स ने पांच ट्रैक्टरों को पकड़ा है। जानकारी के अनुसार भक्सो कोयल नदी से बालू खनन कर परिवहन कर रहे रामपुर हुटू टोली के पास से चार महिंद्रा ट्रैक्टर जब्त किया गया है जबकि बगरू थाना जामुनटोली के पास एक बालू ढोते हुए स्वराज कंपनी का ट्रैक्टर पकड़ा गया। सभी जब्त ट्रैक्टरों के मालिक एवम् चालक के खिलाफ सदर थाना व बगरू थाना में खनन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बताया गया कि सदर थाना क्षेत्र में बालू का परिवहन कर रहा ट्रैक्टरों का पुलिस के द्वारा पीछा किए जाने पर बालू गिराते हुए भागने के क्रम में एक ट्रैक्टर पलट गया। गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। वही जब्त किया गया सभी ट्रैक्टरों व ट्रेलरों पर रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित नही था। डीएमओ राजाराम प्रसाद ने सभी ट्रैक्टरों का जब्ती सूची बनाकर सदर थाना व बगडू थाना को सुपुर्द किया है और ट्रैक्टर मालिको और चालको के विरुद्ध खनन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कराया है। इस संदर्भ में डीएमओ राजाराम प्रसाद ने बताया कि बालू की अवैध खनन और परिवहन की गुप्त सूचना मिली थी। बालू लदे ट्रेक्टरों को पकड़ने का आदेश पुलिस गश्ती दल को दिया गया। पुलिस गश्ती दल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रेक्टरों को पकड़ने के लिए पिछा किया गया। गश्ती दल द्वारा बताया गया कि इस दौरान देखा गया कि ट्रेक्टर के चालक पुलिस गश्ती को आते देख इरगांव मुख्य सड़क को छोड़ कर पी सी सी रोड़ होकर रामपुर हूटू टोली की ओर भागने लगे। पिछा करने पर ट्रेक्टर चालक साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से अपने अपने ट्रेक्टर के ट्रेलर को उठाकर बालू गिराते हुए भागने लगा, जिसका विडियो बनाया गया। भगाने के क्रम में एक ट्रेक्टर पलट गया एवं तीन ट्रेक्टर चालक अपने ट्रेक्टर को चालू हालत में खड़ा कर गाँव की ओर भागकर छुप गये। सभी ट्रेक्टर महिन्द्रा कम्पनी का है एवं ट्रेक्टर एवं उसके ट्रेलर पर रजि० नं० अंकित नहीं है। उल्लेखनीय है कि भक्सो कोयल नदीं में वर्तमान में किसी व्यक्ति / संस्था को बालू उत्खनन हेतु खनन पट्टा स्वीकृत नहीं है, इस प्रकार नदी से अवैध रूप से बालू का खनन कर उक्त ट्रैक्टरों में लोड कर ढोया जा रहा था, जो खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 के धारा -4 का उल्लंघन एवं धारा 21 के तहत दण्डनीय है।





### कुआ में डूबने से विवाहिता की मौत

**भंडरा ।** भंडरा थाना क्षेत्र के कुम्हरिया अंबा टोली में सोमवार की शाम कुंआ में डूबने से विवाहिता की मौत हो गई। जिसकी सूचना मिलते ही भंडरा थाना पुलिस जांच-पड़ताल में जुट गई है। सूत्रों ने बताया कि कुमारिया अंबा टोली गांव निवासी नाजिर अंसारी उर्फ चुनिया अंसारी की पुत्री समा खातून (20 वर्ष) अपने मायके आई हुई थी। इसी दौरान समा अपने घर के समीप कुंआ पानी लेने गई हुई थी। इसी क्रम में उसका पैर फिसल गया और कुंआ में गिर गई। जिसकी सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने समा खातून को कुंआ से निकाल सदर अस्पताल लेकर चलें गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।


**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
**(Govt. of Jharkhand Undertaking)**
JUIDCO BHAWAN, KUTCHERY ROAD, RANCHI, JHARKHAND
Ph. No.: +91-651-2225878, e-mail Id juidcolimited@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752,

**e-Procurement Notice, Tender Notice**

NIT No:. JUIDCO/NIT/Shri Banshidharnagar/UWSS/650

Date: 24/02/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Shri Banshidharnagar Urban Water Supply Scheme with 5years of Operation and Maintenance |
| 2. | Mode of Bid Submission | e-tendering – http://jharkhandtenders.gov.in |
| 3. | Estimated Cost | Rs. 121,87,13,406.00 (One Hundred Twenty- One Crore Eighty-Seven Lakhs Thirteen Thousand Four Hundred Six Only/-) |
| 4. | Tender Fee and Bid Security | Tender Document Fee – Rs 25000/- Bid Security – Rs 1,21,87,200/- |
| 5. | Date & Time of Publication ofTender on Website | 25/02/2025; 17:00 hours |
| 6. | Last Date & Time of submission of pre-bid queries | 04/03/2025; 13:00 hours |
| 7. | Date & Time of pre-bid meeting | 04/03/2025; 15:00 hours |
| 8. | Last Date & Time ofBid Submission | 18/03/2025; 17:00 hours |
| 9. | Date & Time of Bid Opening | 19/03/2025; 17:00 hours |
| 10. | Bid Submission Address | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Limited, JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi, Pin – 834001. |
| 11. | Helpline No. of e-Procurement Cell | +91 651 2225878/ 9973768183 |

**Note : Only e-tenders will be accepted.**

Further details are available on Jharkhand Government e-procurement website *http//:jharkhandtenders.gov.in*

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd., Ranchi

PR 347119 Urban Development and Housing(24-25)#D


## धूमधाम से मनाया गया फागुन उत्सव

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** निमार्णाधीन श्री राणी सती दादी मंदिर परिसर गुदरी बाजार लोहरदगा पर फागुन उत्सव धूमधाम से मनाया गया। बाबा श्री श्याम प्रभु जी के तस्वीर को मनमोहक रूप से श्रृंगार कर कई प्रकार के व्यंजनों से भोग लगाया गया। इस अवसर पर मारवाड़ी समाज के 31 महिलाओं के द्वारा अपने राजस्थानी लिबासों पर दोपहर 2:00 बजे से देर शाम तक बाबा श्री श्याम जी का नित्य ज्योत पाठ करते हुए मधुर भजन गायन की एवं सभी श्याम जी का निशांत लेकर मंदिर की परिक्रमा की। जिससे वहां का सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा। उसके उपरांत सभी ने मनमोहक भजनों पर खूब धूम मचाते हुए नाचे और गुलाल उड़ाए और महिलाएं एक दूसरे को आपस में गुलाल लगाकर फागुन की बधाइयाँ देते हुए शुभकामनाएं दी। लोहरदगा जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष दीपक सर्राफ व जिला मारवाड़ी महिला सम्मेलन की अध्यक्ष ममता बांका ने सभी को फागुन माह की शुभकामनाएं देते हुए कहा की फागुन माह के एकादशी को बाबा श्याम प्रभु जी का धूमधाम से महोत्सव मनाया जाता है। कार्यक्रम पर शकुंतला राजगढ़िया,कल्याणी पोद्दार,ममता बंका,अनीता पोद्दार,अंजलि सर्राफ,प्रीति बंका,वर्षा पोद्दार, सरोज सराफ,अंकिता बंका,मंजू पोद्दार,अनीता पोद्दार,रिशु पोद्दार, दीपा पोद्दार, संगीता मित्तल, आकांक्षा सराफ, सद्भावना राजगढ़िया, निधि पोद्दार, रितु शर्मा, दीप्ति शर्मा, रेखा बंका, उषा पोद्दार, मीना बंका, अमृता पोद्दार, रश्मि अग्रवाल, रिखिया पोद्दार, मंजू मोदी, रेनू सराफ, रंजू अग्रवाल, खुश पोद्दार, टिमटिम पोद्दार, पाखी पोद्दार, काव्या बंका, चुन्नू राजगढ़िया आदि उपस्थित थे।



### दो मोटर साइकिल की टक्कर में दो युवक घायल

**सेन्हा-लोहरदगा ।** थाना क्षेत्र के संत मार्क विद्यालय के समीप लोहरदगा गुमला मुख्य मार्ग पर दो मोटर साइकिल के आमने सामने टक्कर में मोटरसाइकिल में सवार दोनों युवक घायल हो गये.दोनों घायलों को स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से थाना प्रभारी ने इलाज के लिये अस्पताल भेजा। वही बताया जाता है की सेन्हा निवासी सुभान अंसारी का पुत्र 32 वर्षीय नेसार अंसारी उर्फ सीटन अंसारी अपना मोटरसाइकिल संख्या जेएच 19 सी 8945 में था। जो बिना नम्बर का बाइक से टकरा गया। जिसमें नेसार अंसारी का एक पैर टूट गया। जिसे इलाज के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के उपरान्त रिम्स रांची रेफर कर दिया है। वही दूसरा मोटरसाइकिल बिना नंबर का था.जिसमे सवार युवक को हल्की चोटें आई है.जिसे उसको एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया।

## शिशु मंदिर लोहरदगा में स्नेह मिलन समारोह का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय प्रबंधकरणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, शिक्षाविद कृष्णा प्रसाद एवं सचिव अजय प्रसाद उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मंच पर वरिष्ठ आचार्य नंदकिशोर साहू अशोक प्रसाद साहू एवं विद्यालय के सेवक जगदीश भगत भी उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडेय द्वारा मंचासीन सभी अतिथियों का परिचय करा कर कार्यक्रम को आरंभ किए। विद्यालय के आचार्य गणेश प्रसाद साहू द्वारा साथ बिताए गए क्षण को अभिव्यक्त किया। शिक्षण कार्य के बीते हुए समय में जो भी घटनाएं थीं उन्होंने सभी के यादों को ताजा कर दिया। सेवानिवृत्ति आचार्य नंदकिशोर साहू ने कहा त्याग तपस्या परिश्रम कर्तव्य निष्ठा सामाजिक एवं राष्ट्रीय प्रेम तथा शिशु के प्रति अटूट प्रेम ही एक आदर्श शिक्षक की पहचान है। वहीं सेवानिवृत्ति आचार्य अशोक साहू जी प्रेरक प्रसंग के माध्यम से शिशुओं को सत्य एवं ईमानदारी का संदेश दिए। इस अवसर पर महेंद्र कुमार मिश्रा द्वारा अभिनंदन पत्र प्रस्तुत किया गया। विद्यालय प्रबंधकारणी समिति एवं विद्यालय परिवार की ओर से सेवानिवृत आचार्य एवं सेवक को अंग वस्त्र के साथ दैनिक जीवन में उपयोग में आने वाले सामग्री उपहार स्वरूप प्रदान कर सम्मानित किया गया।



### गौसनगर कुटमु में सोलर लाइट का उद्घाटन

**लोहरदगा ।** शहरी क्षेत्र के गौश नगर कूटमु में स्थानीय विधायक रामेश्वर उरांव के सौजन्य से सोलर लाइट का उद्घाटन सोमवार कांग्रेसी नेता हाजी शकील अहमद , कमरूल जमा कुरैशी , पूर्व अंजुमन सचिव सफदर आलम वार्ड पार्षद हाजी अलीम कुरैश के द्वारा संयुक्त फीता काट कर किया गया । ज्ञात हो कि पिछले कई महीनों से गैस नगर कूटमु के लोगों के द्वारा सोलर लाइट की मांग की जा रही थी। इस अवसर पर काफी ग्रामीण मौजूद थे इस अवसर पर नेहाल कुरैश , मो. हफीज, जाकिर अंसारी , फिरोज अंसारी, कलाम अंसारी, शाहिद अंसारी, मकबूल अंसारी,कुर्बान अंसारी, हाजी सरफुल अंसारी,तहजीब अंसारी, इकरामुल अंसारी, मुस्तकीम अंसारी सही काफी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे


**कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)**
Email: - nphussainabad@gmail.com

पत्रांक............../दिनांक..................

**Very Short Tender Notice for E-Procurement**
**IMPORTANT INFORMATION**
**NIT No: NPH/10/SBD/2022-23 (6th Call)**

| Sr. No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Construction & Commissioning of Fecal Sludge Treatment Plant of Capacity 10 KLD at Hussainabad town (Jharkhand) followed by Operation and Maintenance including desludging operations for 5 years |
| 2 | Estimated Cost (INR) | Construction Cost: 2,19,36,142.00 Operation & Maintenance Cost: 1,21,77,720.00 Total: 3,41,13,862.00 |
| 3 | Bid Security (INR) | 3,41,140.00/- (Rupees Three Lakhs Forty One thousand one hundred forty.) |
| 4 | Cost of Bid Document (INR) | 10,000.00/- (Rupees Ten Thousand Only); non- refundable |
| 5 | Time of Completion | 1 year of construction which comprises 9 months of construction and 3 months of defect liability period including one month of trial run and 5 years of O&M post DLP |
| 6 | Date of e-publication of tender | 25.02.2025 at 10:00 AM |
| 7 | Document downloading start Date | 25.02.2025 at 5:00 PM |
| 8 | Start date for seeking clarification | 25.02.2025 |
| 9 | End date for seeking clarification | 27.02.2025 |
| 10 | Pre bid meeting date, Time & Venue | 27.02.2025 at 03:00 PM, e-Procurement Cell, Nagar PANCHAYAT HUSSAINABAD. |
| 11 | Bid submission Start date | 25.02.2025 at 03:00 PM |
| 12 | Bid submission end date | 04.03..2025 at 05:00 PM |
| 13 | Bid opening date (online) | 05.03.2025 at 5.00 PM |
| 14 | Mode of Submission of Bids | e-tendering (https://Jharkhandtenders.gov.in) |
| 15 | Name & Address of office Inviting Tender | Administrator, Nagar PANCHAYAT HUSSAINABAD |
| 16 | Helpline Number | e-tendering (https://Jharkhandtenders.gov.in) Mobile No-9835206770 |

I. Complete bid document is available on website http://Jharkhand tenders.gov.in
ii. Other details can be seen in the bidding SBD document
iii. For clarification regarding e tender and document you may contact to nodal officer Mobile no- 9835206770
iv. Only e tender will be accepted

Administrator
Hussainabad Nagar Panchyat

PR 347083 District(24-25)#D


### पांच मंत्री, दर्जनों विधायक समेत कई हस्तियां करेंगे प्रोग्राम में शिरकत

**लोहरदगा।** तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह द्वारा शहीद शेख भिखारी की शान में आज आयोजित होने वाली मुकाबला कव्वाली प्रोग्राम में झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ इरफान अंसारी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफिजूल हसन, सहकारिता एवं पशुपालन मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री चमरा लिंडा प्रोग्राम में शामिल होने की सहमति प्रदान कर चुके हैं। वहीं प्रोग्राम में मुख्य संरक्षक सह लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव के अलावा झारखंड प्रदेश के विभिन्न विस क्षेत्र के दर्जन भर विधायक शामिल होंगे। मालूम हो कि इन मंत्रियों और विधायकों के आगमन को लेकर तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह की ओर से खास तैयारियां की गई है। साथ ही प्रोग्राम को सफल बनाने हेतु उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस कप्तान हारिस बिन जमां हर गतिविधियों पर पैनी नजर रखे हुए हैं।

## वाहन जांच अभियान में नौ मोटरसाइकिल जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** सड़क दुर्घटना पर नियंत्रण करने के उद्देश्य से सेन्हा थाना क्षेत्र में लगातार वाहन जांच चलाया जा रहा। जिस निमित पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां के निर्देश पर सोमवार को सेन्हा थाना के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया। वही लगातार वाहन जांच होने के कारण मोटरसाइकिल चालकों में हड़कंप मचा हुआ है। जिससे पगडंडी रास्ते से बाइक लेकर चालक वाहन लेकर भाग रहें है। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र में बढ़ते सड़क दुर्घटना को रोकने के उद्देश्य से बिना हेल्मेट का मोटरसाइकिल चलाने वाले चालकों पर विशेष नजर रखी जा रही है। वाहन जांच के दौरान सेन्हा थाना प्रभारी वारिश हुसैन के नेतृत्व में पुलिस जवानों के सहयोग से वाहन का बैग,डिक्की,थैला एवं वाहन से संबंधित सभी आवश्यक कागजातों का जांच किया गया। पुलिस प्रशासन द्वारा मोटरसाइकिल चालकों को कड़ी चेतावनी देने के बावजूद यातायात नियमों का पालन नही किया जा रहा है। जिसे दुर्घटना होने पर उसका परिणाम चालक एवं उसके परिवार और पुलिस प्रशासन को झेलना पड़ता है। पुलिस प्रशासन द्वारा काफी प्रयास के बावजूद सड़क दुर्घटना थम नही रहा है। जिस कारण सेन्हा थाना क्षेत्र में लगतार वाहन जांच अभियान चलाने पर जोर दिया जा रहा है। वाहन जांच के दौरान बिना हेलमेट के गाड़ी चलाते हुए 9 मोटरसाइकिल जप्त कर अग्रतर कारवाई हेतु परिवहन विभाग को सूचनार्थ किया गया है। मौके पर थाना प्रभारी वारिश हुसैन दल बल के साथ मौजूद थे।

# लोहरदगा पुलिस एसोसिएशन ने एएसआई संजय सिंह के निधन पर जताया गहरा शोक

**कुडू थाना में पदस्थापित एएसआई संजय सिंह का ब्रेन हेमरेज से निधन**



फाइल फोटो

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** पुलिस एसोसिएशन ने सोमवार को कुडू थाना में पदस्थापित सहायक अवर निरीक्षक एएसआई संजय सिंह के निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट की। उनके असामयिक निधन से पुलिस विभाग में मातम का माहौल है। वे एक कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार और मिलनसार अधिकारी थे, जिनकी कमी पुलिस महकमे में हमेशा महसूस की जाएगी। संजय सिंह का रांची मेदांता अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे पिछले कई महीनों से गंभीर रूप से बीमार थे और ब्रेन हेमरेज के कारण अस्पताल में भर्ती थे। परिजनों ने उन्हें हजारीबाग से रांची के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया था, लेकिन इलाज के दौरान उनकी तबीयत और बिगड़ती चली गई और अंततः उन्होंने दम तोड़ दिया। संजय सिंह को उनके सहयोगी और अधीनस्थ पुलिसकर्मी एक अनुशासित, मृदुभाषी और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी के रूप में जानते थे। वे हमेशा जनता के प्रति समर्पित रहे और अपराध नियंत्रण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनकी सादगी और ईमानदारी के चलते वे न केवल पुलिस महकमे में, बल्कि आम लोगों के बीच भी काफी लोकप्रिय थे।उनके निधन की खबर मिलते ही परिवार में मातम पसर गया।

परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उनके सहकर्मियों ने कहा कि संजय सिंह हमेशा दूसरों की मदद के लिए तत्पर रहते थे और अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाते थे। उनके जाने से पुलिस विभाग ने एक काबिल और जांबाज अधिकारी को खो दिया है, जिसकी भरपाई करना मुश्किल होगा। लोहरदगा पुलिस प्रशासन, अधिकारीगण और सहकर्मियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। पुलिस एसोसिएशन ने कहा कि संजय सिंह की निष्ठा, ईमानदारी और जनता के प्रति समर्पण हमेशा याद रखा जाएगा। उनके योगदान को सम्मानपूर्वक नमन करते हुए पुलिस विभाग ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## न्यूज बॉक्स

### फिर से एक युवक हुआ ब्लैक स्पॉट का शिकार, स्थिति चिन्ताजनक

**बसिया(गुमला)।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित देवीगुड़ी चौक के समीप पुनः अज्ञात वाहन चपेट में आने से एक युवक बुरी तरह जख्मी हो गया। रांची सिमडेगा पथ पर दुर्घटना की दृष्टि से सुचीबद्ध इस जगह पर प्रायः दुर्घटनाओं के समाचार आते रहते हैं। आज की इस घटना में बसिया निवासी पच्चीस वर्षीय संजु मुंडा बुरी तरह घायल हो गया है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है जबकि समाचार लिखे जाने तक उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। इस घटना के बाद स्थानीय लोग काफी क्षुब्ध हैं क्योंकि बसस्टैंड के साथ लगे अत्यंत तीखे मोड़ और आवश्यक स्लोपिंग के अभाव के कारण यहाँ प्रायः दुर्घटनाएं होती रहती है।

### चैनपुर प्रखंड में प्रेमनगर शिव मंदिर एवं दुर्गा मंदिर में भव्य धार्मिक आयोजन



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में सोमवार को प्रेमनगर शिव मंदिर में पान लगन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस धार्मिक आयोजन के अंतर्गत दुर्गा मंदिर परिसर में स्थित शिव जी के मंदिर में पान लगन और हल्दी का उत्सव भी धूमधाम से मनाया गया।इस कार्यक्रम की अगली कड़ी में कल मंगलवार को दोपहर 2 बजे से दुर्गा मंदिर परिसर में मेहंदी और संगीत का कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय लोग बढ़-चढ़कर भाग लेंगे।बुधवार को सुबह 8 बजे से पुराना शिव मंदिर में रुद्राभिषेक पूजा की जाएगी, जो इस धार्मिक समारोह का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसके बाद, शाम 6 बजे प्रेमनगर मंदिर से शिव जी की बारात निकलेगी, जो दुर्गा मंदिर की ओर प्रस्थान करेगी। इस बारात के साथ जयमाला कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा, और इसके बाद गंगा आरती का आयोजन किया जाएगा।

### कटकाही में जन्मदिन समारोह के दौरान सवारी हादसा, एक दर्जन से अधिक घायल

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के सिल्फरी के समीप भटोली मोड़ के समीप रविवार को कटकाही में एक दुखद सड़क दुर्घटना ने इलाके में शोक और चिंता का माहौल पैदा कर दिया। यह घटना उस समय हुई जब एक परिवार के सदस्य सिसई और गुमला से कटकाही में एक रिश्तेदार के जन्मदिन समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे।घायलों के अनुसार, घटना सिल्फडी मोड़ के पास हुई, जब गाड़ी संख्या जेएच 01 एफएफ 8492 अचानक मोड़ नहीं पाई और लगभग 5 फीट गहरी खाई में गिर गई। इस दुर्घटना में शामिल लोगों में अकृतिक उरांव, कर्मवीर उरांव, विजय उरांव, मंजू राज, सुवर्ली देवी, कुंती देवी, शिवानी कुमारी, प्रीति कुमारी और असित उरांव सहित अन्य लोग शामिल थे। स्थानीय लोगों और चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी ने तुरंत घायलों की मदद की और उन्हें निजी वाहनों और 108 एंबुलेंस के माध्यम से चैनपुर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद, डॉक्टरों ने बताया कि एक घायल व्यक्ति की स्थिति गंभीर है, जिसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला रेफर किया गया है।

### कुएं में मिली महिला का शव, मानसिक स्थिति थी अस्वस्थ

**चैनपुर।** चैनपुर थाना अंतर्गत ग्राम छिछवानी में एक दुःखद घटना सामने आई है, जहां बुकमा निवासी 44 वर्षीय अमृता कुजूर का शव कुएं में पाया गया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि अमृता की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी, जिसके चलते उनके जीवन में कई चुनौतियाँ थीं।घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर थाना प्रभारी कुन्दन चौधरी और पुलिस जवान तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी।ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, अमृता अक्सर अकेली रहती थीं और उनकी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के कारण उन्हें कई बार स्थानीय चिकित्सकों से भी इलाज करवाना पड़ा था। ऐसे में यह संभावना जताई जा रही है कि उनकी मानसिक अवस्था के कारण ही यह घटना हुई हो। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों में इस घटना को लेकर शोक और चिंता का माहौल है, जबकि पुलिस प्रशासन ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे इस तरह की घटनाओं के प्रति जागरूक रहें और जरूरतमंदों की मदद करें। इस घटना ने एक बार फिर मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे को उजागर किया है, और स्थानीय प्रशासन को इस दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। आगे की कार्रवाई और जांच के परिणाम सामने आने पर आगे की जानकारी साझा की जाएगी।

### डुमरी थाना क्षेत्र में अवैध महुआ शराब की बिक्री पर कार्रवाई

**डुमरी।** शिवरात्रि पूजा के मद्देनजर डुमरी थाना क्षेत्र में सोमवार को अवैध महुआ शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिए छापामारी की गई। यह कार्रवाई टांगीनाथ धाम के आसपास के गांवों में की गई, जहां पुलिस ने करीब 200 किलोग्राम महुआ जावा को नष्ट किया।डुमरी थाना प्रभारी अनुज कुमारएवं एसई मनोज कुमार के नेतृत्व में की गई इस छापामारी में थाना के अन्य जवान भी मौजूद थे। पुलिस ने स्थानीय लोगों को चेतावनी दी है कि वे अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त न हों, अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी।शिवरात्रि जैसे विशेष अवसर पर अवैध शराब की बिक्री बढ़ जाती है, जिससे स्थानीय समुदाय में कई समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इसलिए इस प्रकार की कार्रवाई बेहद आवश्यक थी। पुलिस ने क्षेत्र के सभी निवासियों से अपील की है कि वे धार्मिक आयोजनों में शांति बनाए रखें और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों की सूचना तुरंत दें। इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों में पुलिस के प्रति सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली है। कई ग्रामीणों ने कहा कि अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने से समाज में सुधार होगा और धार्मिक आयोजनों का माहौल भी शांतिपूर्ण बना रहेगा।पुलिस ने आश्वासन दिया है कि वे इस तरह की छापामारी आगे भी जारी रखेंगे, ताकि अवैध शराब के कारोबार को पूरी तरह समाप्त किया जा सके।

### शिक्षा के गुणात्मक विकास के लिए लोगों को आगे आने की जरूरत : बसंत कुमार गुप्ता

**पालकोट (गुमला)।** मयूरी ट्रस्ट गुमला झारखंड चैताली कॉलेज गुमला झारखंड के द्वारा पालकोट प्रखंड क्षेत्र के पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में शिक्षा जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में मयूरी ट्रस्ट गुमला झारखंड चैताली कॉलेज गुमला झारखंड के डायरेक्टर बसंत कुमार गुप्ता ने कहा कि शिक्षा के गुणात्मक विकास के लिए लोगों को आगे आने की अपील की. बैठक में मयूरी ट्रस्ट गुमला झारखंड चैताली कॉलेज गुमला झारखंड के डायरेक्टर बसंत कुमार गुप्ता,,, श्री शैल हनुमंत पंचमुखी महावीर मंदिर घोडलता गुफा के पूजारी शिवजी महाराज समाजसेवी सोनम सिंह,अंजन सिन्हा, पंपापुर भवानी मंदिर के सदस्य रूपेश कुमार कसेरा, देवी कुमारी,सबीराज सिंह, राजेन्द्र कुमार, बलराम महतो, धर्म देव कुमार पटेल, आदि अनेक लोग उपस्थित थे।

# भरनो में तालाब में डूबने से युवक की मौत, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़




**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड के चेटो परसा गांव में मछली पकड़ने के दौरान तालाब में डूबने से 40 वर्षीय विनोद लोहरा की मौत हो गई। यह घटना सोमवार को हुई जब गांव के चार लोग मछली पकड़ने के लिए तालाब गए थे। विनोद लोहरा तालाब के बीच में चला गया और अचानक डूबने लगा। साथियों ने बचाने की कोशिश की, लेकिन तालाब गहरा होने के कारण वह पानी में समा गया। घटना की खबर गांव में तेजी से फैलते ही दर्जनों ग्रामीण जुट गए। सूचना मिलते ही भरनो पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों और मछली व्यापारियों की मदद से बड़े जाल के सहारे शव को बाहर निकाला गया। शव बाहर आते ही मृतक की पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक सेवानिवृत्त चौकीदार मंगरा लोहरा का बेटा था और अपने पीछे पत्नी, चार बेटियां व दो बेटे छोड़ गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को सहायता देने की मांग की है।

## ऑनलाइन दाखिल-खारिज मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए शुद्धि पत्र वितरण दिवस का आयोजन

**गुमला।** जिले में ऑनलाइन दाखिल-खारिज मामलों के त्वरित निपटारे और रैयतों को शुद्धि पत्र उपलब्ध कराने के लिए शुद्धि पत्र वितरण दिवस का आयोजन किया गया। सभी अंचलों में विशेष कैंप लगाकर लंबित मामलों का निपटान किया जा रहा है। जिले में फिलहाल 808 ऑनलाइन दाखिल-खारिज मामले लंबित हैं, जिनमें 72 मामले बिना आपत्ति के 30 दिनों से अधिक समय से और 9 मामले आपत्ति सहित 90 दिनों से अधिक समय से लंबित हैं। इन मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आज जिले के विभिन्न प्रखंडों में 106 शुद्धि पत्र वितरित किए गए। इस अभियान को गति देने के लिए आगामी 10 और 24 मार्च को भी शुद्धि पत्र वितरण दिवस आयोजित किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक रैयतों को लाभ मिल सके। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निदेर्शानुसार अपर समाहर्ता शशिंद्र कुमार बड़ाइक द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन और निर्धारित तिथियों पर अधिकतम रैयतों को शुद्धि पत्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

महिला सशक्तिकरण की नई पहल

# उज्जना बिज्जना अभियान से स्थानीय उद्यमिता को मिलेगा बढ़ावा



**भरनो (गुमला)।** महिला सशक्तिकरण और स्थानीय उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की पहल पर उज्जना बिज्जना अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान के तहत जिले में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में उपायुक्त ने भरनो प्रखंड कार्यालय में भरनो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी से जुड़ी महिलाओं से मुलाकात की और उनके उद्यम को गति देने के लिए आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया।

**मक्का प्रोसेसिंग सेंटर और कैफे स्थापित करने की योजना**

भरनो, एफपीसी जो 2019 से 22 महिलाओं द्वारा संचालित की जा रही है, मक्का से निर्मित ठेकुआ, लड्डू एवं नीमकी का उत्पादन करती है। उपायुक्त ने इन उत्पादों के व्यावसायिक विस्तार की संभावनाओं पर चर्चा करते हुए भरनो में मक्का प्रोसेसिंग सेंटर एवं मक्का आधारित उत्पादों के लिए एक कैफे स्थापित करने की योजना पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने महिलाओं द्वारा निर्मित खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की सराहना की और उन्हें ब्रांडिंग, पैकेजिंग, मार्केटिंग एवं उत्पादों के आकार में सुधार के लिए सुझाव दिए।

एफपीसी की महिलाओं ने बताया कि उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर इस व्यवसाय की शुरूआत की थी और अब वे अपने उत्पादों को बड़े बाजार तक पहुंचाना चाहती हैं। इस पर उपायुक्त ने निर्देश दिया कि उद्भट और जिला उद्यमी समन्वयक महिलाओं को ब्रांड नाम तय करने में सहयोग करें और व्यवसाय विस्तार की विस्तृत योजना तैयार करें।

## प्रेमनगर शिव मंदिर एवं दुर्गा मंदिर में भव्य धार्मिक आयोजन

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में सोमवार को प्रेमनगर शिव मंदिर में पान लगन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस धार्मिक आयोजन के अंतर्गत दुर्गा मंदिर परिसर में स्थित शिव जी के मंदिर में पान लगन और हल्दी का उत्सव भी धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम की अगली कड़ी में कल मंगलवार को दोपहर 2 बजे से दुर्गा मंदिर परिसर में मेहंदी और संगीत का कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय लोग बढ़-चढ़कर भाग लेंगे।

## नशे की धुत में वाहन चालक की लापरवाही, किराना दुकान में घुसी वाहन

**गुमला।** एनएच-23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर भरनो के नवाटोली के पास एक गन्ना लोड पिकअप वैन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित बसंत केशरी की किराना दुकान में घुस गई और पलट गई। हादसे के वक्त दुकान में कई ग्राहक मौजूद थे, लेकिन सभी ने समय रहते भागकर अपनी जान बचा ली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पिकअप चालक नशे में धुत था, जिसके कारण वाहन बेकाबू होकर दुकान में जा घुसा। दुर्घटना की सूचना मिलते ही भरनो थाना प्रभारी कंचन प्रजापति पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और चालक को हिरासत में ले लिया। जानकारी के मुताबिक, यह पिकअप सिसई से गन्ना लोड कर टाटा जा रही थी। पुलिस ने हाइड्रा वाहन मंगवाकर दुर्घटनाग्रस्त पिकअप को सड़क से हटाया। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

रामगढ़ की धमाकेदार जीत

## प्रभात के शतक और आशीष के पांच विकेट से दुमका 212 रनों से पराजित




**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

शहीद तेलगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में जारी खरउअ इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-23 राज्य स्तरीय क्रिकेट टूनार्मेंट में सोमवार को रामगढ़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दुमका को 212 रनों के बड़े अंतर से शिकस्त दी। रामगढ़ की इस जीत में प्रभात महतो के बेहतरीन शतक (101 रन) और आशीष के घातक पांच विकेट ने अहम भूमिका निभाई।

**रामगढ़ ने खड़ा किया 340 रनों का विशाल स्कोर**

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रामगढ़ की टीम ने 50 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 340 रन बनाए। प्रभात महतो ने 101 रनों की शतकीय पारी खेली, जबकि निशांत कुमार (48), राहुल राज (38), नवाजूर रहमान (28) और आशीष (20) ने उपयोगी योगदान दिया। दुमका के लिए प्रीत सिंह ने तीन और अंकित राउत ने दो विकेट झटके।

**दुमका की पारी 128 रनों पर सिमटी**

लक्ष्य का पीछा करने उतरी दुमका की टीम 23.3 ओवरों में महज 128 रनों पर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से अंकित राउत (48), अंकुश राउत (23) और सचिन कुमार (19) ही कुछ संघर्ष कर सके। रामगढ़ के आशीष ने 5 विकेट चटकाकर दुमका की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी, जबकि रोहित को 2 और विकास एवं मोहम्मद शोहल को 1-1 विकेट मिला।

**प्रभात महतो बने 'मैन ऑफ द मैच'**

रामगढ़ के प्रभात महतो को उनके शानदार शतक के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्हें टीआरडीओ अनवर मुस्तफा, अंपायर कांजीलाल, ओपी राय और जिला संघ के सचिव जितेंद्र सिंह ने 5,000 रुपये नकद और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।


कार्यालयः–असैनिक शल्य चिकित्सक –सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू। जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, पलामू
Email ID:-civilsurgeonpalamu@gmail.com

TenderNo.________(DHS) Date:________

**Very Short Tender Notification**

Civil Surgeon-Cum-Chief Medical Officer Palamu invites separate Technical and price Bids (Two Bid System) through tender from the registered and eligible firms for rate Contract of AERB Compliance for SDH Chhatarpur, Hussainabad& CHC Bishrampur.

**The Blank Tender Documents with Detail conditions can be obtained from office**

| Sl.No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | रेडियोलोजी मशिनों एवं एक्स रे कक्ष को AERB मापदण्डो के अनुसार अपग्रेड करने जाने के संबंध में। |
| 2 | Date/Time of start of Submission of Bids | 24.02.2025 |
| 3 | Last Date/Time for receipt of bids | 03.03.2025 |
| 4 | EDM in favoring DIST RURAL HEALTH SOCITY Palamu | Rs.5000 (Five Thousand) |
| 5 | Application Fee (Non-Refundable) in favoring DIST RURAL HEALTH SOCITY Palamu | Rs.500 (Five Hundred) |
| 6 | Venue for getting & submission of tender document | District Health Society Civil Surgeon Office. Palamu Pin Code-822101 |
| 7 | Contact Number | 7070002631 |
| 8 | Affidavit Tender Fee and EMD हाथों हाथ जमा करने की अंतिम तिथि | 03.03.2025 up to 5:00PM |

PR 347077 (District) 24-25 (D)

Civil Surgeon Cum CMO Palamu



**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा**

**आम सूचना**

**राष्ट्रीय लोक अदालत**

दिनांकः–08 मार्च, 2025 (शनिवार) स्थान–व्यवहार न्यायालय परिसर, लोहरदगा।

निःशुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय हेतु

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय (कचहरी), लोहरदगा के प्रांगण में दिनांक 08.03.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निम्नलिखित प्रकार के मामलों का निष्पादन किया जायेगाः–

(1) सुलह योग्य आपराधिक वाद (2) N.I. Act. u/s 138 से संबंधित वाद (चेक अनादर के केस) (3) मोटर–दुर्घटना क्षतिपूर्ति वाद (4) पारिवारिक/वैवाहिक वाद (5) श्रम विवाद (6) भूमि अधिग्रहण संबंधित विवाद (7) सिविल वाद, किराया आदि से संबंधित वाद (8) बैंक रिकवरी से संबंधित वाद (9) राजस्व वाद (10) मनरेगा (11) बिजली बिल और पानी बिल से संबंधित वाद (12) बिक्री कर, वाणिज्य कर एवं आयकर से संबंधित वाद (13) सेवा से संबंधित वाद (14) वन विभाग से संबंधित वाद (15) उत्पाद से संबंधित वाद (16) सिविल अपील, क्रिमिनल अपील, विविध अपील आदि से संबंधित वाद (17) नीलाम वाद (18) दाखिल खारिज मामले (19) अन्य मामले जिन्हें लोक अदालत के माध्यम से सुलझाया जा सकता है।

इस संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी के लिए आप किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 11:00 बजे से 04:30 बजे तक लोहरदगा व्यवहार न्यायालय (कचहरी) में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के कार्यालय में आकर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा (मोबाइल नंबर 9431318932) से संपर्क कर सकते हैं।

हरीश बिन जमां
आरक्षी अधीक्षक–सह–सदस्य
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा

डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण
उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा

राजकमल मिश्रा
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा

जनहित में जारी
द्वाराः–जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा

PR.NO.347140 Lohardaga(24-25):D



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, लोहरदगा**

**रोजगार मेला संबंधी सूचना**

दिनांक 27.02.2025 को "कार्यालय" जिला नियोजनालय, लोहरदगा परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्नांकित निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों ने उपस्थित रहने की सहमति जताई हैः–

| Sl. No | Name of the Employer & Address | Name of the Post | No. of Vacancy | Qualification Required | Age | Experience | Remarks (Pay Scale) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Satin Creditcare Network Ltd., Ranchi. | Executive (TCSO) | 05 | 12th Pass | 18-30 | Fresher | Salary 20,400/= CTC Job Location Gumla, Khalari and Ramgarh. |
| | | Sr. Executive | 05 | 12th Pass | 18-32 | 1 - 02 yrs | Salary 23,300/= CTC Job Location Gumla, Khalari and Ramgarh. |
| 2 | Ranchi Security Pvt. Ltd. | Centre Manager | 4 | Graduation | 18-45 | 06 years | Salary 20,000/= to 30,000/= Job Location Gumla, Ranchi. |
| | | Manager Operation | 2 | Graduation | 18-45 | 05 years | Salary 18,000/= to 22,000/= Job Location Gumla, Ranchi. |
| | | Manager Admin | 2 | Graduation | 18-45 | 05 years | Salary 18,000/= to 22,000/= Job Location Gumla, Ranchi. |
| | | Computer Hardware Engineer | 2 | Graduation | 18-45 | 05 years | Salary 15,000/= to 20,000/= Job Location Gumla, Ranchi. |
| | | MIS Executive | 10 | Graduation | 18-45 | 02 years | Salary 12,000/= to 15,000/= Job Location Gumla, Ranchi. |
| | | Telecaller | 2 | Graduation | 18-45 | 02 years | Salary 8,000/= to 12,000/= Job Location Gumla, Ranchi. |
| | | SMO Trainer | 10 | 10th Pass | 18-45 | 01 years | Salary 12,000/= to 15,000/= Job Location Gumla, Ranchi. |
| | | Driver | 5 | 10th Pass | 18-45 | 05 years | Salary 12,000/= to 15,000/= Job Location Gumla, Ranchi. |
| | | Housekeeping Staff | 6 | 10th Pass | 18-45 | 01 years | Salary 5,000/= to 8,000/= Job Location Gumla, Ranchi. |
| | | Cook | 6 | 10th Pass | 18-45 | 02 years | Salary 8,000/= to 13,000/= Job Location Gumla, Ranchi. |
| 3 | Prejha Foundation, Nagra Toli, Ranchi. | Mobile Assembly (Female Only) | 50 | 10th/12th Pass | 18-27 | -- | Salary 14,000/= to 15,000/= Job Location Karnataka. |
| | | Lathe Machine Operator | 50 | 10th/12th Pass | 18-27 | -- | Salary 14,000/= to 15,000/= Job Location Karnataka/Tamil Naidu. |
| | | Tiles Mistri | 50 | 5th/12th Pass | 18-30 | -- | Salary 17,000/= Job Location Karnataka. |
| | | Construction | 50 | 5th/12th Pass | 18-30 | -- | Salary 20,000/= Job Location Karnataka. |
| 4 | Bajaj Alliance Life Insurance, Lohardaga. | A.S.M | 07 | 10th/12th/Graduation | 21 and Above | 0- 02 year | Salary 27,000/= Job Location – Lohardaga. |
| | | S.S.M | 02 | 10th/12th/Graduation | 21 and Above | 0-2 years | Salary 30,000/= Job Location – Lohardaga. |
| | | E.S.M | 01 | 10th/12th/Graduation | 21 and Above | 01-03 years | Salary 31,000/= Job Location – Lohardaga. |
| | | Insurance Advisor | 13 | 10th Pass | 21 and Above | NA | Salary 20,000/= Job Location – Lohardaga. |
| 5 | Eduvantage, Chhatar Bagicha Lohardaga. | Mobilizer | 2 | 12th and Above | 18 and Above | Fresher/ 01 year | Salary 8,000/= to 10,000/= Job Location – Lohardaga. |
| | | Counselor | 1 | 12th and Above | 18 and Above | Fresher/ 01 year | Salary 8,000/= to 10,000/= Job Location – Lohardaga. |
| | | Business Developer for university | 2 | 12th and Above | 18 and Above | Fresher/ 01 year | Salary 12,000/= to 15,000/= Job Location – Lohardaga. |
| | | KPR Mills (Cutting, Stitching etc). | 50 | 10th and Above | 18 and Above | Fresher/ 01 year | Salary 9,500/= to 12,000/= Job Location – Tirupur, Tamilnaidu. |
| 6 | Axis Bank Ltd. Lohardaga. | Field Executive | 50 | 12th /Graduation | 18 - 28 | -- | Salary 14,500/= Job Location – All Jharkhand. |
| | | Relationship Manager | 3 | Graduation | 30 | Fresher | Salary 35,000/= Job Location – All Jharkhand. |
| 7 | OCIFIT, Chiri | Moblizer | 02 | 10th/12th/Graduation Pass | 18+ | NA | Salary 12000/- CTC Job Location - Lohardaga. |
| 8 | Bajaj (Tanishk Automobile), New Road, Lohardaga. | Supervisor | 01 | Gradution | 18-34 | Fresher | Salary 10000/= to 15000/= Job Location :- Lohardaga. |
| | | Mechanic | 03 | 10th Pass | 18-34 | Fresher | Salary 7000/= to 10000/= Job Location :- Lohardaga. |
| 9 | Millennium Skill by G4S, Plot 14 Sector 44, Gurugram Hariyana NCR Delhi. | Security Guard | 400 | 10th Pass | 18-40 | Yes | Salary 14000/= to 21000/= Job Location :- Hyderabad, Delhi NCR, Gujrat, Chennai, Banglore, Goa & Bhuneshwar. |
| | | Supervisor | 100 | B.A Pass | 18-40 | Yes | Salary 14000/= to 21000/= Job Location :- Hyderabad, Delhi NCR, Gujrat, Chennai, Banglore, Goa & Bhuneshwar. |
| 10 | Nistha , Senha, Lohardaga. | Mobilizer | 10 | 10th Pass | 18-40 | 01 year | Salary 12000/= Job Location- Senha, Lohardaga.. |
| | | MIS | 01 | Graduation | 22-35 | 02 years | Salary 12000/= to 15000/= Job Location- Senha Lohardaga. |
| 11 | SIS Limited, Gumla Jharkhand | Security Guard | 200 | 10th Pass | 19-40 | NA | Salary 15,500/= to 22,500/= Job Location :- All India. |
| | | CIT | 50 | 12th Pass | 18-33 | NA | Salary 13,000/= to 19,000/= Job Location :- All India |
| 12 | LIC, Lohardaga. | Bina Sakhi | 30 | 10th Pass | 18-40 | NA | Salary 5000/= to 7000/= Job Location- Lohardaga.. |
| 13 | K.K.M Public School, Lohardaga | Office Staff/Office Assistant | 01 | 12th Pass | 18-40 | NA | Salary Negotiable. |
| Total | | | 1188 | | | | |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.jharniyojan.jharkhand.gov.in /www.ncs.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त रोजगार मेला में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायोडाटा 02(दो) कॉपी फोटो 4 के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। साक्षात्कार सुबह 11:00 बजे से होगी। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। नियोजक निजी क्षेत्र के है, अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तो के लिए वे उत्तरदायी है। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता है।

PR 347093 Lohardaga(24-25)#D

District Employment Officer, Lohardaga.

सुप्रभात

विचार प्रवाह

प्रत्येक वस्तु का अपना स्थान होता है, परंतु जब आप अपने सच्चे सुख की उपेक्षा कर समय गंवाते हैं तो यह अच्छा नहीं। मैंने प्रत्येक अनावश्यक कार्य को छोड़ दिया ताकि मैं ध्यान करके ईश्वर को जान सकूँ, ताकि मैं दिन और रात उनके दिव्य चैतन्य में मग्न रह सकूँ। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

# शिष्टाचार बनता भ्रष्टाचार

पीएम मोदी ने संसद में कहा था कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए एजेंसियों को खुली छूट दी गई है और भ्रष्टाचार एक दीमक है जिसने देश को खोखला कर दिया है। आम आदमी को देश का निरंकुश प्रशासन भ्रष्ट बनने को मजबूर कर रहा है क्योंकि उसे इतना दौड़ाया जाता है कि वह अपना जरूरी काम कराने के लिए लेनदेन की खुद पहल करता है। करप्शन परसेप्शन इंडेक्स-2024 की भ्रष्टाचार की सूची वाले देशों में भारत 96वें पायदान पर पहुंच गया है। साल 2023 में भारत की रैंक 93 थी। भारत इस सूची में पड़ौसी देशों की ज्यादा बुरी हालत पर कुछ राहत महसूस कर सकता है। भ्रष्टाचार की इस सूची में भारत के पड़ोसी देशों में पाकिस्तान 135 नंबर पर और श्रीलंका 121 पर हैं, जबकि बांग्लादेश की रैंकिंग और भी नीचे 149 पर चली गई है। इस लिस्ट में चीन 76वें स्थान पर है। डेनमार्क सबसे कम भ्रष्ट राष्ट्र होने की सूची में सबसे ऊपर है, उसके बाद फिनलैंड और सिंगापुर हैं। 1995 से 2024 तक भारत में भ्रष्टाचार की औसत दर 78.03 रही, जो 2024 में 96.00 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई और 1995 में 35.00 के रिकॉर्ड निम्नतम स्तर पर पहुंच गई थी। भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक यानी सीपीआई दुनिया में सबसे व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली वैश्विक भ्रष्टाचार रैंकिंग है। यह मापता है कि विशेषज्ञों और व्यवसायियों के अनुसार प्रत्येक देश का सार्वजनिक क्षेत्र कितना भ्रष्ट है। प्रत्येक देश का स्कोर 13 विभिन्न भ्रष्टाचार सर्वेक्षणों और आकलनों से प्राप्त कम से कम 3 डेटा स्त्रोतों लिया जाता है। ये सोर्स विश्व बैंक और विश्व आर्थिक मंच सहित विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा एकत्र किए जाते हैं। सीपीआई की गणना करने की प्रक्रिया की नियमित रूप से समीक्षा की जाती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जारी की जाने वाली सूची यथासंभव मजबूत और सुसंगत है या नहीं। भारत में विदेशी निवेश अपेक्षाकृत नहीं आने का एक प्रमुख कारण भ्रष्टाचार है। भ्रष्टाचार के कारण भारत की अंतरराष्ट्रीय साख कमजोर है। विदेशी कंपनियां यहां निवेश करने से कतराती हैं। देश के उद्योगपति और लघु व मध्यम व्यवसायी इसकी मार से बच नहीं सके हैं। भारत एक तरफ वैश्विक ताकत बनने की दिशा में अग्रसर है, वहीं दूसरी तरफ भ्रष्टाचार की जंजीर इसके बढ़ते कदम को रोक रही है। क्षेत्रीय दलों की हालत यह है कि उनका एकमात्र मकसद किसी भी हालत में सत्ता में बने रहना है। इसके लिए बेशक भ्रष्टाचार से किसी भी हद तक समझौता क्यों न करना पड़े। यही वजह रही है कि इंडिया गठबंधन लगातार चुनावों में विफल हो रहा है। आश्चर्य यह है कि लोकसभा चुनावों और राज्यों के विधानसभा चुनावों में करारी हार के बावजूद विपक्षी दलों ने भ्रष्टाचार को कभी भी प्रमुख चुनावी मुद्दा नहीं बनाया। भ्रष्टाचार को लेकर हालात ये हैं कि जैसे ही कोई भी विपक्षी दल भ्रष्टाचार का जिक्र करता है, तत्काल सत्तारुढ़ दल न सिर्फ उसके बचाव में उतर आता है बल्कि विपक्षी दल के कारनामे गिनाने लगता है। यही वजह है कि क्षेत्रीय दल अपने राज्यों में मनमानी करने पर आमदा हैं। यदि केंद्रीय जांच ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय कोई कार्रवाई करता है तो राज्य के सत्तारुढ़ दल इसे बदले की कार्रवाई करार देने लगते हैं। इसका उदाहरण पश्चिमी बंगाल की ममता बनर्जी सरकार, तमिलनाडु की स्टालिन सरकार और कर्नाटक की सिद्धरमैया की सरकार है।

*भारत में विदेशी निवेश अपेक्षाकृत नहीं आने का एक प्रमुख कारण भ्रष्टाचार है।*

# औपचारिक और बेहतर कर्ज से किसानों की बढ़ती उत्पादकता



साल 2025-26 के बजट में किसान क्रेडिट कार्ड पर किसानों को मिलने वाले तीन लाख रूपए के कर्ज को बढ़ाकर पांच लाख कर दी गई है। इसका जिक्र करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हाल ही में एक्स पर लिखा है कि इससे सब्जी-फल, हॉर्टिकल्चर की खेती करने वाले किसानों को विशेष रूप से लाभ होगा। अब वे खेती में ज्यादा पैसे लगा सकते हैं, ये उत्पादन की लागत घटाने के उपाय हैं। हालांकि किसान संगठनों को लगता है कि इसका जितना फायदा सोचा जा रहा है, उतना नहीं होने वाला है। किसान संगठनों की मांग है कि किसान क्रेडिट की सीमा बढ़ाने के साथ ही किसानों पर बकाया कर्जों को अगर माफ कर दिया जाए तो किसान जहां ज्यादा खुशहाल होंगे।

भारत सरकार के आंकड़ों के अनुसार, देश की कुल जनसंख्या का 46.1 प्रतिशत हिस्सा खेती-किसानी और उससे जुड़े कार्यों से अपनी रोजी-रोटी चलाता है। हालांकि कुछ जानकारों का मानना है कि यह संख्या और भी ज्यादा हो सकती है। सरकार के ही आंकड़ों के अनुसार देश के 12 करोड़ किसान परिवार सीमांत हैं। इनमें करीब 35 प्रतिशत की जोत 0.4 हेक्टेयर से कम है, जबकि 69 प्रतिशत किसानों के पास एक हेक्टेयर से कम जमीन है। आंकड़ों के अनुसार देश के 82 प्रतिशत किसान छोटे या सीमांत हैं। जिनकी जोत 0.4 हेक्टेयर से कम है, उनकी खेती से सालाना आमदनी आठ हजार रूपए के आसपास है। जाहिर है कि देश के किसानों के बड़े हिस्से के पास बिक्री के लिए उपज ही नहीं होती। खेती के जरिए वे जो अन्न या सब्जी उपजाते हैं, उनका इस्तेमाल अपने खाने-पीने में ही करते हैं। नरेंद्र मोदी सरकार ने 2014 में सत्ता संभालते ही किसानों की आय 2022 तक दोगुना करने का वादा किया था। उसके लिए जो कदम उठाए गए, उसी कड़ी में किसान क्रेडिट कार्ड की शुरूआत भी थी। इसके फायदे हुए भी हैं। लेकिन जो लक्ष्य रखा गया था, उसे पाना अब भी कठिन चुनौती बना हुआ है।

आज की बात



उमेश चतुर्वेदी

शिवराज सिंह चौहान का कहना ठीक है कि किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाने का फायदा किसानों को होगा। इसकी तस्दीक हाल ही में राष्ट्रीय स्तर पर हुए कृषि सर्वेक्षण से जुड़े घरेलू स्तर के आंकड़ों का आकलन भी बताता है। घरेलू स्तर के आंकड़ों के जरिए कृषि में उत्पादकता और उसके जोखिम के साथ ही कृषि ऋण के प्रभाव का आकलन भी किया गया था। इस आकलन के नतीजे बताते हैं कि अगर किसानों को समय पर उचित कर्ज मिलता है तो उससे उसकी उत्पादकता में 24 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दिखने लगती है। इससे किसानों को होने वाले नुकसान का जोखिम 16 फीसद तक कम हो जाता है।

महाजनी सभ्यता और अनौपचारिक कर्ज व्यवस्था के जोखिम और उससे उपजे खराब हालात से जूझते किसानों की दयनीय और मार्मिक कहानियों से भारतीय साहित्य भरा पड़ा है। हिंदी कथा सम्राट प्रेमचंद का मशहूर उपन्यास गोदान ऐसी ही कथाभूमि पर रचा गया गया है। उसे कृषक के दारूण जीवन की महागाथा कहा जाता ही है। बहरहाल यह अध्ययन मानता है कि किसानों को अगर औपचारिक क्षेत्र का ऋण मिलता है तो उसकी उपज और उसकी जिंदगी पर उस कर्ज का महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है, जबकि अनौपचारिक यानी महाजनी कर्ज व्यवस्था का किसानों के जीवन पर नकारात्मक प्रभाव अधिक होता है। साफ है कि किसानों को अगर सही तरीके से औपचारिक कर्ज सही वक्त पर दीर्घकालिक अवधि के लिए मिले तो उसकी जिंदगी में महत्वपूर्ण बदलाव आ सकता है। कुछ अन्य अध्ययन भी बताते हैं कि अगर किसानों को समय पर दीर्घकालिक और औपचारिक कर्ज मिलता है तो उसकी खेती को जरूरतों को पूरा करने में उसे मदद मिलती है। इससे उसकी उत्पादकता बढ़ने की गुंजाइश बढ़ जाती है। किसान की उपज बढ़ जाती है, फसल तैयार भी हो जाती है, लेकिन उसे बेचने के लिए सही बाजार तक पहुंच के लिए रकम नहीं होती तो उसे अपनी फसल और उपज औने-पौने दामों में बेचनी पड़ती है। लेकिन अगर किसान को सही तरीके से औपचारिक कर्ज मिलता है तो उस पर तात्कालिक आर्थिक दबाव नहीं रहता और फ़सल के बाद के खर्चों को पूरा करने में उसे मदद मिलती है। अगर किसानों के पास कुछ पैसे रहते हैं तो उस पर घरेलू जरूरतों का दबाव नहीं झेलना पड़ता और उसे अपने घरेलू खर्चों को पूरा करने में जहां सहायता मिलती है, वहीं इसके लिए उसे अपनी उपज सेंतमेत में बेचने को मजबूर नहीं होना पड़ता। इस कर्ज से किसान अपने कृषि उपकरणों और दूसरी अवसंरचनाओं को आसानी से रखरखाव कर सकता है। अध्ययन बताते हैं कि समय बद्ध और सहूलियत भरे अधिक कर्ज के जरिए किसानों को पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन जैसे कृषि आधारित और सहयोगी कामों को आगे बढ़ाने में मदद होती है। इस पूरी प्रक्रिया का असर यह होता है कि किसान की आर्थिक सुरक्षा मज़बूत हो जाती है। तब वह बाजार और अपने उपज की वाजिब कीमत का इंतजार भी कर सकता है। आर्थिक सहूलियत रहने से समय पर वह जरूरी खाद और दवाओं को खरीदकर उनका खेती में इस्तेमाल कर सकता है। इसके साथ ही वह दूसरे खर्चों का दबाव भी नहीं महसूस कर सकता है।

बीती 31 जनवरी को को संसद में पेश आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार देश में मार्च 2024 तक 7.75 करोड़ किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए जा चुके थे। इनके जरिए किसानों को 9.81 लाख करोड़ रुपये की राशि दी जा चुकी है। यह रिपोर्ट भी कहती है कि छोटे और सीमांत किसानों को लाभ देने के चलते खेती की उत्पादकता और किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिल रही है। इस रिपोर्ट के अनुसार, देश के 5.9 करोड़ किसानों को किसान क्रेडिट योजना का फायदा उठा रहे हैं। किसानों की उत्पादकता बढ़ाने को ही ध्यान में रखते हुए बैंकों को स्पष्ट निर्देश है कि अपने कर्ज का कम से कम 40 प्रतिशत हिस्सा कृषि और छोटे किसानों को दें। इसके जरिए कोशिश की जा रही है कि छोटे और सीमांत किसानों को आसानी से औपचारिक कर्ज तो मिल ही सके, उन्हें महंगी दर पर अवशोषक अंदाज में मिलने वाली निजी कर्ज राशि पर निर्भरता ना रहे। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, अब साहूकार जैसे गैर-बैंकिंग कर्जदाताओं पर किसानों की निर्भरता घटकर 1950 के 90 फीसद की तुलना में 2022 में सिर्फ 25 फीसद रह गई। साफ है कि अब ज्यादातर किसान बैंक और संस्थागत स्त्रोतों से कर्ज ले रहे हैं, जिससे उनकी आर्थिक ताकत और उत्पादकता बढ़ रही है।

आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, 2014-15 से 2024-25 तक कृषि क्षेत्र के कर्ज में 12.98 प्रतिशत की सालाना बढ़ोतरी हुई है। इसी सर्वेक्षण के मुताबिक, साल 2014-15 में जहां किसानों को 8.45 लाख करोड़ रुपये का कर्ज दिया गया था, वहीं 2023-24 में यह रकम बढ़कर 25.48 लाख करोड़ रुपये हो गई। इसके अनुसार, छोटे और सीमांत किसानों को मिलने वाले कर्ज में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। साल 2014-15 में छोटे किसानों को जहां 3.46 लाख करोड़ रुपये मिले थे, वह 2023-24 में बढ़कर 14.39 लाख करोड़ रुपये हो गया। सरकार का मानना है कि छोटे किसानों को बैंकों से ज्यादा कर्ज मिल रहा है और इससे वे अपनी खेती तो सुधार रहे ही हैं, अपनी आर्थिक स्थिति भी बेहतर कर रहे हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# निवेश के सूत्र समझते हैं डॉ. मोहन यादव

निवेश का महत्व अर्थ की महत्ता के साथ सदियों से रहता आया है, किंतु यह निवेश तभी संभव है जब परस्पर के संवाद में गहराई हो, आत्मीयता के साथ ही आर्थिक लाभ का पक्ष भी दोनों ओर से बराबर जुड़ा हो। यह सूत्र प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अच्छे से समझते हैं। एक व्यापारी, उद्योजक और निवेशक अपनी पूंजी के प्रवाह को किसी स्थान पर लगा देने के पूर्व वह यह आश्वस्ती अवश्य चाहता है कि जहां वह अपना अर्थ व्यय कर रहा है या भविष्य की दृष्टि से अपने रुपयों का निवेश कर रहा है, वह हर हाल में न केवल सुरक्षित हो, बल्कि सर्व सुविधा संपन्न भी हो, ताकि आगे किसी भी प्रकार की कोई बड़ी परेशानी का सामना न करना पड़े। वैसे संवाद से निरुक्त के आचार्य यास्क भी याद आते हैं। वास्वत में ऋषि यास्क निरुक्त के वे लेखक हैं, जो शब्द व्युत्पत्ति, शब्द वर्गीकरण एवं शब्दार्थ विज्ञान पर एक तकनीकी प्रबन्ध प्रस्तुत करते हैं। जिसमें कि उनके द्वारा सबसे अधिक परस्पर के संवाद पर जोर दिया गया है। मध्य प्रदेश में भी इन दिनों एक संवाद होता देखा जा रहा है। यह संवाद राज्य में रहनेवाले प्रत्येक नागरिक के लिए पर्याप्त रोजगार हो और वह सुख से अपना जीवन निर्वाह करे, इसके लिए किया जा रहा है। जिसके कि वाहक बने हैं, राज्य के प्रमुख होने के नाते डॉ. मोहन यादव एक मुख्यमंत्री के तौर पर नितरोज नवाचार करना एवं आर्थकि समृद्धि के लिए प्रयास करते हुए उन्हें देखा जा रहा है। इस दिशा में मध्यप्रदेश के भोपाल में हो रही "इन्वेस्ट मध्यप्रदेश - ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2025" ने निवेशकों, व्यवसायियों और उद्योगों के लिए 'अनंत संभावनाओं' की एक दिशा तय कर दी है। इस आयोजन की सफलता इससे भी समझी जा सकती है कि देश के किसी प्रधानमंत्री ने इसके महत्व को समझते हुए यहीं रात्रि विश्राम करने के लिए अपना कार्यक्रम बनाया ताकि अधिकतम लोगों से मिलकर मध्य प्रदेश की समृद्धि से देश के विकास के लिए जरूरी विमर्श किया जा सके। प्रधानमंत्री से पहले कौन प्रधानमंत्री भोपाल में रुका है, यह याद नहीं आता, बहुत पहले इतिहास में किसी ने स्वाधीनता के पश्चात यहां अपनी रात व्यतीत की होंगी। निश्चित ही यह मोहन सरकार की सफलता ही है कि मप्र के विकास की अपार संभावनाओं में वे हर अवसर का भरपूर उपयोग कर लेना चाहते हैं। वस्तुतः इस आयोजन के पूर्व समय पर दृष्टि डालें तो मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश को औद्योगिक हब बनाने के लिए इतने अधिक संकल्पित दिखाई दे रहे हैं कि देश के महानगरों में उद्योगपतियों के साथ इंटरेक्शन, प्रदेश में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और जर्मनी-यूके में निवेश की अपार सफलता के बाद वे विदेशी उद्योजक से संवाद करने के लिए जापान जा पहुंचे थे।

आपकी बात



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# महाशिवरात्रि: शरीर, मस्तिष्क व ब्रह्मांडीय ऊर्जा के बीच संतुलन बनाने का अवसर

महाशिवरात्रि भगवान शिव की अराधना के लिए समर्पित है। आदि शंकराचार्य ने शिव को अद्वैत ब्रह्म कहा और "निर्वाण षट्कम्" में शिव की निराकार और सर्वव्यापी सत्ता का वर्णन किया। स्वामी विवेकानंद भगवान शिव को त्याग और सेवा का प्रतीक मानते हैं। संत तुकाराम ने शिव को "भक्ति और प्रेम" का साकार रूप बताया और शिव की उपासना को मोक्ष का मार्ग कहा। रामकृष्ण परमहंस कहते थे कि शिव प्रेम और करुणा के देवता हैं। सनातनियों द्वारा महाशिवरात्रि को भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की रात के रूप में मनाया जाता है। यह गृहस्थ जीवन की शुद्धता और महत्व को भी प्रतिपादित करती है। इस दिन सृष्टि का आरंभ और शिव तत्त्व का प्राकट्य हुआ तथा भगवान शिव ने स्वयं को ज्योतिर्लिंग के रूप में प्रगट किया था। ऐसी भी मान्यता है कि जब देवताओं और असुरों ने समुद्र मंथन किया, तब जो विष (हलाहल) निकला, उसे भगवान शिव ने अपने कंठ में धारण कर लिया था। इस कारण उनका कंठ नीला हो गया और वे "नीलकंठेश्वर" कहलाए। यह घटना महाशिवरात्रि के दिन ही हुई थी।कुछ मान्यताओं के अनुसार, महाशिवरात्रि की रात को भगवान शिव ने अपना प्रसिद्ध तांडव नृत्य किया था, जो सृष्टि के सृजन, पालन और संहार का प्रतीक माना जाता है।यह भी कहा जाता है कि इसी दिन रावण ने शिवजी को प्रसन्न करने के लिए घोर तपस्या की थी और शिवजी ने उसे आशीर्वाद दिया था। अतः महाशिवरात्रि केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं है, बल्कि यह मानव चेतना, शरीर, और ब्रह्मांडीय ऊर्जा के बीच संतुलन बनाने का महत्वपूर्ण अवसर है, अध्यात्म के विज्ञान पक्ष को समझने का दिन है। सनातन संस्कृति में इस दिन ध्यान, योग, व्रत, मंत्र जप,तप,यज्ञ और शिवलिंग अभिषेक जैसे अनुष्ठानों आदि को करने का प्रावधान है,इन सभी की वैज्ञानिकता सिद्ध है। शिवरात्रि के दिन उपरोक्त में से किसी भी विधि द्वारा की गई पूजा-अर्चना व्यक्ति को मानसिक, शारीरिक और आत्मिक रूप से सशक्त बना सकती है।स्वामी विवेकानंद के अनुसार महाशिवरात्रि ध्यान और आत्मबोध का पर्व है। स्वामी शिवानंद के अनुसार, महाशिवरात्रि आत्मा और परमात्मा के मिलन का समय है।जग्गी वासुदेव (सद्गुरु) महाशिवरात्रि को आध्यात्मिक ऊर्जा को जागृत करने की रात बताते हैं। उनके अनुसार, यह रात ध्यान और साधना के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।ओशो (रजनीश) महाशिवरात्रि को शिव की "नृत्य और ध्यान" की रात बताया। उनके अनुसार, यह उत्सव आंतरिक मौन और आनंद को जागृत करता है। महाशिवरात्रि अमावस्या और पूर्णिमा के बीच के समय में आती है, जब चंद्रमा का गुरुत्वाकर्षण प्रभाव अधिकतम होता है।यह मानव शरीर के जल और ऊर्जा प्रभाव को प्रभावित कर सकता है। महाशिवरात्रि की रात में पृथ्वी और चंद्रमा की विशेष स्थिति के कारण ब्रह्मांडीय ऊर्जा का प्रवाह अधिक होता है। इस दौरान व्यक्ति की चेतना ऊर्ध्वगामी होती है। अतः यदि योग्य गुरु के सान्निध्य में विशेष प्रयास किये जाएं तो आध्यात्मिक शक्ति में वृद्धि हो सकती है।ऋषि-मुनियों का मानना है कि इस दिन रीढ़ को सीधा रख कर ,मन को एकाग्र चित्त कर महादेव का ध्यान करना चाहिए। चूंकि इस दिन प्राकृतिक ऊर्जा ऊपर की ओर प्रवाहित होती है। इससे शरीर की ऊर्जा प्रणाली (चक्र) संतुलित होती है। विशेष प्रयास में जप, योग,ध्यान और साधना अधिक प्रभावशाली तथा लाभकारी हो सकती है।यह सब इसलिए भी संभव है क्योंकि शिव को "अविनाशी चेतना" या "कॉस्मिक कॉन्शसनेस" का प्रतीक माना जाता है। इस दिन "ॐ नमः शिवाय" , "महामृत्युंजय मंत्र"तथा अन्य शिव से जुड़े वैदिक मंत्रों के उच्चारण से एक विशेष ध्वनि कंपन (फ्रीक्वेंसी) उत्पन्न होता है, जिससे मस्तिष्क और शरीर की कोशिकाओं को सकारात्मक ऊर्जा मिलती है, डीएनए रिपेयर होता है और मानसिक शांति प्राप्त होती है।शिव को पंचतत्त्वों (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश) का स्वामी माना जाता है। महाशिवरात्रि के दौरान इन तत्वों में सामंजस्य स्थापित करने के लिए विशेष अनुष्ठान(जल अभिषेक) किए जाते हैं, जिससे शारीरिक और मानसिक संतुलन बना रहता है।शिवलिंग पर जल चढ़ाने का वैज्ञानिक आधार यह है कि जल में विद्युत ऊर्जा को अवशोषित करने की क्षमता होती है, जिससे शिवलिंग के आसपास सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

अलग बात



डा मनमोहन प्रकाश

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

आजादी पर हो रहे , हैं , रह रह कर वार।
दुश्मन अब बैठा नहीं, सात समंदर पार।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# भारतीय सियासत का छावा कौन

इन दिनों रजतपट पर विक्की कौशल और छावा दोनों ही धमाल मचा रहे हैं। ऐतिहासिक फिल्म छावा बॉक्स ऑफिस पर पूरे जोश में आगे बढ़ रही है और इसकी रफ़्तार धीमी होने का नाम ही नहीं ले रही है। सिनेमाघरों में नौ दिनों तक चलने के बाद, अब यह फि ल्म 300 करोड़ रुपये की बड़ी कमाई करने की ओर बढ़ गई है। खचाखच भरे सिनेमाघरों, जोरदार तालियों और रिकॉर्ड तोड़ कमाई के साथ, छावा ने खुद को साल की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक बना दिया है। लेकिन सवाल ये है की भारतीय राजनीति का छावा कौन है?

भारतीय राजनीति में भी इतिहास बदलने की होड़ में लगे अनेक किरदार हैं लेकिन असली छावा का पता नहीं चल पा रहा है। कभी छावा की भूमिका में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नजर आते हैं तो कभी अमित शाह। कभी योगी आदित्यनाथ तो कभी राहुल गाँधी। कभी एकनाथ शिंदे तो कभी शरद पंवार। सियासत में हर कोई छावा बनकर छा जाना चाहता है। लेकिन देश की फ़िक्र किसी सियासी छावा को नहीं है। सबको अपनी-अपनी पड़ी है।

कहते हैं कि छावा में औरंगजेब बने अक्षय खन्ना की 27 साल में 22 फ्लॉप फिल्में, दी हैं। उनकी फ़ीस भी 2.5 करोड़ रूपये है अक्षय की नेटवर्थ विक्की कौशल से अधिक है। अक्षय खन्ना छावा में औरंगजेब का रोल करके हर किसी की नजर में एक बार फिर से आ गए हैं। अक्षय के काम की खूब तारीफ हो रही है। औरंगजेब के किरदार में उनकी कलाकारी को देखकर हर कोई दंग रह गया है और उन्हें बेस्ट एक्टर्स में से एक के तौर पर काउंट किया जा रहा है। लक्ष्मण उटेकर के निर्देशन में बनी छावा महान मराठा शासक छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित एक पीरियड ड्रामा है। विक्की मराठा साम्राज्य के संस्थापक के सबसे बड़े बेटे छत्रपति संभाजी महाराज के रोल में हैं। रश्मिका मंदाना उनकी पत्नी येसुबाई भोंसले का किरदार निभा रही हैं। अक्षय खन्ना, आशुतोष राणा और दिव्या दत्ता भी लीड रोल में हैं।

आइये अब बात करते हैं भारतीय सियासत के छावा और औरंगजेब की। भारतीय राजनीति में भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी को छावा और लोकसभामें विपक्ष के नेता राहुल गांधी को औरंगजेब बना दिया है। दोनों अपने-अपने किरदार में जान फूंकने की कोशिश कर रहे है। दुर्भाग्य से सियासी छावा में कोई येशुबाई भैंसले नहीं है। मोदी रणछोड़दास हैं और राहुल ने अभी तक घर नहीं बसाया है। पिछले एक दशक से सियासी छावा और औरंगजेब में ठनी हुई है। मोदी खुद चक्रवर्ती सम्राट बनना चाहते हैं लेकिन राहुल गाँधी बीच-बीच में उनका रथ रोक लेते हैं। लेकिन मैदान किसी ने भी नहीं छोड़ा है।

भारतीय सियासत की फिल्म छावा में मोदी और गाँधी के अलावा दूसरे किरदार भी हैं। आप इन्हें ए-1 और ए-2 भी कह सकते हैं और अडानी तथा अम्बानी भी कह सकते हैं इन किरदारों की धूम भारत की सीमाओं के बाहर भी है। एक को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया जाता है तो दूसरे के खिलाफ अमेरिका की अदालत से वारंट जारी किये जाते हैं। भारतीय सियासत के छावा की नींद 21 करोड़ अमेरिकी डालर की कथित अमेरिकी मदद की खबर भी उड़ा देती है। पहले इस मदद को लेकर कांग्रेस निशाने पर थी अब ये निशाना बदल गया है। निशाने पर मोदी थे किन्तु वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण जी ने ट्रम्प की तोप का मुंह दूसरी और मोड़ दिया।

बैशाखियों और तांगों के सहारे दिल्ली और महाराष्ट्र में सरकार चलाने वाली भाजपा के लिए औरंगजेब केवल राहुल गाँधी ही नहीं बल्कि दुसरे भी हैं। बिहार में डिप्टी चीफ मिनिस्टर एकनाथ शिंदे ने मोदी -शाह की जोड़ी को साफ़ ढका दिया है की उन्हें हल्के में न लिया जाये।मोदी जी को तांगेवाले से बचने के लिए महाराष्ट्र की राजनीती के बूढ़े छावा शरद पॉवर के समाने विनम्रता का स्वांग करना पड़ रहा है। वे कभी शाह की कुर्सी पीछे खिसकाते दिखाई देते हैं तो कभी उनका गिलास भरते नजर आ रहे हैं। कोशिश ये है की बिहार विधानसभा चुनाव तक कोई औरंजेब सर न उठा पाए, फिर चाहे वो राहुल गाँधी हो या एकनाथ शिंदे। सत्ता में बने रहने के लिए सभी को साधना आज के सियासत के छावा की मजबूरी है। उसे मसखरा शास्त्री भी साधना पड़ रहा है ,और अपनी ताकत बढ़ाने के लिए कांग्रेस के असंतोष पर नजरें रखना पड़ रही हैं। सीएसी छावा को शास्त्री भी चाहिए और थरूर भी। सिहायसि फिल्म में बिदूषक न हो तो मुष्किल होती है। एक अकेला हीरो और खलनायक तो बन सकता है किन्तु उसे बिदूषक की जरूरत क्यों पड़ती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



राकेश अचल

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



# अक्षय कुमार ने लगाई आस्था की डुबकी...

## अद्भुत व्यवस्था के लिए सीएम योगी को कहा धन्यवाद



**महाकुंभ नगर (आईएएनएस)।** भारतीय संस्कृति के सबसे बड़े आयोजन महाकुंभ 2025 में बॉलीवुड और अध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज कलाकार अक्षय कुमार ने सोमवार को जहां एक ओर त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई और आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त की तो, वहीं एक्ट्रेस कैटरीना कैफ ने भी स्वामी चिदानंद सरस्वती के आश्रम में पहुंचकर सनातन संस्कृति के पावन पर्व की सुखद अनुभूति प्राप्त की। महाकुंभ में बॉलीवुड सितारों की उपस्थिति यह दर्शाती है कि चाहे आप किसी भी पेशे में हों, आध्यात्मिक शांति और संतुलन अत्यंत आवश्यक है। संगम में स्नान करने के बाद बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार ने कहा, "मैंने खूब आनंद लिया। इस बार की व्यवस्था बहुत शानदार है। मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने इतनी बेहतरीन व्यवस्था करवाई। 2019 के कुंभ में लोगों को काफी दिक्कतें होती थीं, लेकिन इस बार सब कुछ बहुत सुव्यवस्थित है। बड़े उद्योगपति, बड़े सितारे यहां आ रहे हैं, जिससे महाकुंभ की भव्यता और बढ़ गई है।

# नॉर्वे के पूर्व मंत्री एरिक सोलहेम ने साझा किए महाकुंभ के अपने अनुभव

**महाकुंभ नगर (आईएएनएस)।**



नॉर्वे के पूर्व मंत्री और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के पूर्व कार्यकारी निदेशक एरिक सोलहेम ने महाकुंभ 2025 में शामिल होकर भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता का गहरा अनुभव किया। उन्होंने इस महापर्व में अपने अनुभव साझा करते हुए प्राचीन भारतीय विचारधारा और प्रकृति के प्रति सम्मान की सराहना की।

एरिक सोलहेम ने कहा, "महाकुंभ में आना एक अद्भुत अनुभव रहा। भारतीय दर्शन हमें सिखाता है कि मानव प्रकृति से अलग नहीं, बल्कि उसका अभिन्न हिस्सा है। पश्चिमी सोच में इंसान को प्रकृति से ऊपर माना जाता है, लेकिन भारतीय संस्कृति में नदियों, जंगलों, पशु-पक्षियों और धरती माता की पूजा की जाती है। उन्होंने गंगा स्नान के अनुभव को अद्भुत बताते हुए कहा कि यह सिर्फ एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक तरीका भी है।

एरिक सोलहेम ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गणेश और हनुमान जैसे देवता इस बात के प्रतीक हैं कि मनुष्य और प्रकृति एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। उन्होंने इस सोच को आधुनिक दुनिया के लिए महत्वपूर्ण बताया और कहा कि अब समय आ गया है कि पूरी दुनिया भारतीय ज्ञान से सीखे और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय संस्कृति में प्रकृति का सम्मान और उसकी रक्षा करना सदियों पुरानी परंपरा रही है। महाकुंभ में आकर उन्हें इस विचारधारा को करीब से समझने का अवसर मिला। उन्होंने कहा, "धरती माता इंसानों पर निर्भर नहीं है, बल्कि हम धरती माता पर निर्भर हैं। हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाना सीखना होगा और इसमें भारतीय संस्कृति हमें मार्गदर्शन दे सकती है।

# सनातन संस्कृति का अपमान करने वाले दलों को देना होगा हिसाब : केशव प्रसाद

**लखनऊ (आईएएनएस)**



उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने महाकुंभ को लेकर विपक्षी दलों पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति का अपमान करने वाले दलों को हिसाब देना होगा। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद सोमवार को सदन की कार्यवाही में भाग लेने पहुंचे थे। इसके बाद वह विपक्षी दलों पर जमकर बरसे। केशव प्रसाद मोर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जब कुछ कहते हैं, उसके पीछे कारण होते हैं। कांग्रेस के अध्यक्ष ने क्या कहा था कि गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी नहीं मिटेगी। अखिलेश यादव यही चाहते थे कि कुछ अव्यवस्था हो जाए। उनके गठबंधन की साथी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि महाकुंभ नहीं, यह मृत्यु कुंभ है। कांग्रेस के साथी लालू यादव ने कुंभ को फालतू बताया है। यह तो हिंदुओं, श्रद्धालुओं और भारतीय संस्कृति का अपमान है। इस अपमान का हिसाब इन दलों को चुकाना पड़ेगा। उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधा। अखिलेश यादव के गंगा नदी के धुलवाए जाने वाले बयान पर कहा कि उन्हें इतनी बेचैनी क्यों है?

# दिल्ली विधानसभा के स्पीकर बनाए गए विजेंद्र गुप्ता, सीएम रेखा गुप्ता ने दी बधाई

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विजेंद्र गुप्ता सोमवार को दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष पद के लिए चुने गए। उनके नाम का प्रस्ताव मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने रखा। इस प्रस्ताव का प्रवेश वर्मा और मनजिंदर सिंह सिरसा ने समर्थन किया। इसके बाद सर्वसम्मति से विजेंद्र गुप्ता को विधानसभा के अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। विधानसभा का अध्यक्ष बनाए जाने पर विजेंद्र गुप्ता को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने बधाई दी। विजेंद्र गुप्ता रोहिणी से भाजपा विधायक हैं। उन्होंने छात्र राजनीति से अपने करियर की शुरुआत की थी। वह दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्रसंघ के उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। वह नगर निगम में पार्षद और नेता प्रतिपक्ष भी रह चुके हैं।

विधानसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू हुआ। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने मंत्रिमंडल के साथ विधानसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ मंत्री प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, कपिल मिश्रा, रविंद्र सिंह इंद्राज, पंकज कुमार सिंह और मनजिंदर सिंह सिरसा ने भी शपथ ली।

# बेर खिलाने का लालच देकर बालिका से कुकर्म, दुष्कर्मी गिरफ्तार

**नवादा (आईएएनएस)**

नवादा जिले के नरहट थाना क्षेत्र में एक 10 वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देनेवाले बाघा उर्फ विकास राजवंशी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 19 फरवरी को हुई इस घटना की जानकारी परिवार ने 24 फरवरी को पुलिस को दी। पीड़ित नाबालिक को आरोपी ने बेर का लालच देकर घर से दूर ले जाकर पोखर के पास सुनसान जगह पर दुष्कर्म किया था।एसपी अभिनव धीमन के आदेश पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी बाघा राजवंशी उर्फ विकास कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने नाबालिग और आरोपी दोनों का मेडिकल जांच भी कराया है और आगे की जांच की जा रही है। नाबालिक द्वारा परिवार को घटना की जानकारी देने के बाद, परिवार ने थाना पहुंचकर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।थाना प्रभारी उमाशंकर सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी विकास कुमार को गांव से ही गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को ही नवादा के अस्पताल में दोनों का मेडिकल जांच कराया गया है और आगे की प्रक्रिया पुलिस द्वारा की जा रही है। नाबालिक ने अपने परिवार को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद परिवार के लोग थाना पहुंचे और पुलिस को लिखित आवेदन दिया।

# पीएम ने 'पीएम किसान सम्मान निधि योजना' के छह साल पूरे होने पर दी बधाई

- कृषि विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में करीब 150 किसान भाग लेंगे, जो कृषि उत्पादक संगठन से जुड़े होंगे

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पीएम किसान सम्मान निधि योजना के छह साल पूरे होने पर देशभर के किसानों को बधाई दी। उन्होंने इस संबंध में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट भी किया।

उन्होंने कहा कि पीएम किसान के 6 वर्ष पूरे होने पर देशभर के हमारे किसान भाई-बहनों को बहुत-बहुत बधाई। मेरे लिए अत्यंत संतोष और गर्व का विषय है कि अब तक करीब साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये उनके खाते में पहुंच चुके हैं। हमारा यह प्रयास अन्नदाताओं को सम्मान, समृद्धि और नई ताकत दे रहा है। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को भागलपुर भी पहुंचेंगे, जहां वह पीएम किसान योजना की 19वीं किस्त जारी करेंगे, जिसके तहत 9.7 करोड़ से अधिक किसानों को 21,500 करोड़ रुपये से ज्यादा की वित्तीय सहायता मिलेगी।

इस मौके पर बिलासपुर जिले के कृषि विज्ञान केंद्र बरठीं में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यहां प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जाएगा, ताकि किसान इस महत्वपूर्ण आयोजन का हिस्सा बन सकें। कृषि विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में करीब 150 किसान भाग लेंगे, जो कृषि उत्पादक संगठन से जुड़े होंगे। इसके अलावा, कृषि विज्ञान केंद्र पर एक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसमें मोटे अनाज और प्राकृतिक उत्पादों के स्टॉल लगाए जाएंगे। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य किसानों को इन उत्पादों के बारे में जागरूक करना और उनके उत्पादन को बढ़ावा देना है।

### हम प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण करेंगे

बिलासपुर के कृषि उपनिदेशक राजेश कुमार ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए बताया कि यह कार्यक्रम किसानों के लिए ऐतिहासिक अवसर होगा। हम प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण करेंगे, ताकि किसान इस अवसर का लाभ उठा सकें। इसके अलावा, प्रदर्शनी में किसानों को विभिन्न कृषि और प्राकृतिक उत्पादों के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि इस कार्यक्रम में किसानों से प्रश्नोत्तरी भी की जाएगी, जिसमें कृषि से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 19वीं किस्त जारी होने से किसानों को काफी लाभ होगा, इससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

# आप की एमसीडी सरकार का बड़ा फैसला, दिल्लीवालों को मिलेगी भारी राहत




**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद संजय सिंह, दुर्गेश पाठक, मेयर महेश खींची, डिप्टी मेयर रविंद्र भारद्वाज और नेता सदन मुकेश गोयल ने दिल्लीवालों को राहत देते हुए सोमवार को एक महत्वपूर्ण घोषणा की है, जिसमें दिल्लीवालों के हित में एमसीडी सरकार द्वारा किए गए बड़े फैसलों की जानकारी दी गई है। राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि दिल्लीवालों को राहत देने के उद्देश्य से "आप" की एमसीडी सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि जो दिल्लीवाले वित्तीय वर्ष 2024-25 का हाउस टैक्स समय पर जमा करेंगे, उनका पिछला बकाया पूरा माफ कर दिया जाएगा। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 में 100 से 500 गज के मकानों का हाउस टैक्स आधा किया जाएगा। 100 गज से छोटे मकानों का हाउस टैक्स भी माफ किया जाएगा। जिन घरों में दुकानें चल रही हैं, उनका भी हाउस टैक्स माफ किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, दिल्ली के 1300 हाउसिंग अपार्टमेंट्स का भी हाउस टैक्स 25 प्रतिशत तक माफ किया जाएगा।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# ममता बनर्जी की डॉक्टरों के साथ बैठक पर विवाद

## मरीजों की देखभाल पर उठे सवाल



**कोलकाता (आईएएनएस)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सोमवार को 675 सीनियर और जूनियर डॉक्टरों के साथ होने वाली बैठक को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। विवाद इस बात पर है कि इतनी बड़ी संख्या में डॉक्टरों की बैठक में भागीदारी से राज्य के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों में रोगी देखभाल सेवाओं पर प्रभाव पड़ेगा या नहीं। इस बैठक को "डॉक्टरों का सम्मेलन" और "चिकित्सा सेवा ही मानव सेवा है" नाम दिया गया है, जिसमें राज्य के मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों के डॉक्टर शामिल होंगे। राज्य स्वास्थ्य विभाग की अधिसूचना के अनुसार, विभिन्न जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों (सीएमओएच) को अपने अधीनस्थ "संकाय, छात्र, रेजिडेंट डॉक्टर और चिकित्सा अधिकारियों" को बैठक के लिए नामित करने को कहा गया है।

## पीएम मोदी का बिहार दौरा

# जेडीयू ने तेजस्वी पर लगाया लालू को नजरबंद करने का आरोप, आरजेडी का पलटवार

**पटना (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे को लेकर प्रदेश में सियासत तेज हो गई है। राजद प्रमुख



लालू प्रसाद यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री आज बिहार में हैं, इसलिए बिहार में झूठ और जुमलों की बरसात होगी। उनके इस बयान पर अब जेडीयू ने पलटवार किया है। जेडीयू ने कहा कि लालू यादव को उनके बेटे ने नजरबंद करके रखा है। जेडीयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, "राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू यादव राजनीतिक रूप से नजरबंद हैं। लालू को उनके बेटे तेजस्वी यादव ने कार्यकर्ता दर्शन और संवाद यात्रा में जाने की इजाजत नहीं दी है। जिनको (लालू) न्यायपालिका ने राजनीतिक रूप से अयोग्य घोषित कर दिया है, वह टिप्पणी कर रहे हैं। उनको ऐसे बयान शोभा नहीं देते हैं। वो लोग प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा पर सवाल करके अपनी जगहंसाई कर रहे हैं।

वहीं, आरजेडी प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने पीएम मोदी की बिहार विजिट को लेकर निशाना साधा। उन्होंने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री को अब बिहार याद आ रहा है, जब यहां चुनाव होना है। बिहार की जनता उनका इंतजार ही कर रही है, क्योंकि यहां जुमलेबाजी की बौछार नहीं चलेगी। अब बिहार की जनता पाई-पाई का हिसाब लेगी और डबल इंजन की एनडीए की नकारा-निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकेगी। बिहार की जनता का संकल्प है कि वह तेजस्वी सरकार बनाएंगी।

# पटना में ट्रक और ऑटो की टक्कर में 7 की मौत, 4 गंभीर

**पटना (हि.स.)।** पटना में हुए सड़क हादसे से कोहराम मच गया। पटना जिले में रविवार देर रात ट्रक और ऑटो



की टक्कर में सात लोगों की जान चली गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, ऑटो पटना के मसौढ़ी से नौबतपुर की तरफ जा रहा था। रास्ते में उसकी ट्रक से भिड़ंत हो गई। ऑटो में 10 मजदूर सवार थे। दुर्घटना में जान गंवाने वाले ऑटो सवार मजदूरों के शव अस्पताल भेज दिए गए हैं। हादसे की छानबीन की जा रही है। गमजदा परिजनों का कहना है कि सभी लोग खराट गांव जा रहे थे। मृतकों में चार लोग डोरीपर गांव, दो बेगमचक के रहने वाले थे। ड्राइवर हांसडीह गांव निवासी था। मृतकों की पहचान हासाडीह निवासी 30 वर्षीय सुशील राम पिता स्वर्गीय शत्रुघन राम (ऑटो ड्राइवर), डोरीपर निवासी 40 वर्षीय मेश बिंद पिता शिवनाथ बिन्द, 40 वर्षीय विनय बिन्द पिता स्वर्गीय संतोषी बिन्द, 30 वर्षीय मतेंद्र बिन्द पिता भुलेटन बिन्द, 40 वर्षीय उमेश बिन्द पिता सोमर बिन्द, 30 वर्षीय उमेश बिन्द पिता मछरू बिन्द और बेगमचक निवासी 20 वर्षीय सूरज ठाकुर पिता अर्जुन ठाकुर के रूप में हुई है।

# योगी सरकार के प्रयासों से यूपी की महिलाएं बन रही आर्थिक प्रगति की मिसाल

**लखनऊ (आईएएनएस)**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के सकारात्मक परिणाम स्पष्ट रूप से दिख रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा योजनान्तर्गत महिलाओं की भागीदारी 42 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को दर्शाता है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 96 लाख से अधिक परिवारों की महिलाओं को शामिल किया गया है। यह योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। ग्राम स्तर पर डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए बीसी सखी योजना के तहत 39,556 बीसी सखी कार्यरत हैं, जिन्होंने अब तक 31,103 करोड़ रुपये से अधिक का वित्तीय लेन-देन संपन्न किया है। इसके माध्यम से महिलाओं ने 84.38 करोड़ रुपये का लाभांश अर्जित किया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए चलाई जा रही लखपति महिला योजना के तहत 31 लाख से अधिक दीदियों का चिन्हांकन किया गया है। इनमें से 2 लाख से अधिक महिलाएं पहले ही लखपति बन चुकी हैं। इस योजना ने ग्रामीण महिलाओं को उद्यमिता और स्वरोजगार के नए अवसर प्रदान किए हैं, जिससे वे आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रही हैं।

## सरकार की ये योजनाएं न केवल ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही हैं

प्रदेश सरकार ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। इसके अंतर्गत प्रोत्साहन राशि की व्यवस्था के लिए 300 करोड़ रुपये का प्रावधान प्रस्तावित किया गया है। इससे न केवल खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को मजबूती मिलेगी, बल्कि हजारों महिलाओं को नए रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में हो रहे ये प्रयास महिला सशक्तीकरण की एक नई मिसाल बन रहे हैं। सरकार की ये योजनाएं न केवल ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही हैं, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान कर रही हैं। योगी सरकार प्रदेश के सभी 57 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में एक-एक सूर्य सखी की तैनाती करेगी। इसके लिए राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (यूपीएसआरएलएम) के तहत लाखों महिलाओं द्वारा स्थापित उद्यमों को अब डिस्ट्रिब्यूटेड रिन्यूएबल एनर्जी (डीआरई) उत्पादों से जोड़ा जाएगा। पहले चरण में 10,000 उद्यमों को सोलर आधारित तकनीकों से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे महिलाओं को सतत रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।





**चैंपियंस ट्रॉफी 2025**

## ‘विराट कोहली 10 से 15 शतक लगाएंगे’, नवजोत ने की तारीफ

**दुबई (आईएएनएस)**



पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह बल्लेबाज अपने करियर में 10 से 15 शतक और लगा सकता है। दरअसल, रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी के अहम मुकाबले में विराट कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ सेंचुरी बनाई थी। भारत के पावरप्ले में एक विकेट गिरने के बाद बल्लेबाजी करने आए विराट कोहली ने 111 गेंदों पर नाबाद 100 रन बनाकर टीम इंडिया की जीत में अहम भूमिका निभाई। साथ ही उन्होंने अपना 51वां वनडे शतक भी बनाया। उन्होंने सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया है, जिनके वनडे में 50 शतक हैं। नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा, “कैरेक्टर संकट में नहीं बनता बल्कि प्रदर्शित होता है। यह एक ऐसा व्यक्ति (विराट कोहली) है, जो जोश और जुनून से भरा हुआ है और इस शतक के बाद मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि यह व्यक्ति अगले 2 या 3 साल तक खेलेगा और वह 10 या 15 शतक और लगाएगा। आप मेरी बात पर यकीन कर सकते हैं, क्योंकि, आप देखिए किसी के लिए भी सबसे बड़ा परीक्षण यह है कि वह कठिन समय से कैसे गुजरता है और वह कैसे कठिनाइयों को अपनाता है। सिद्धू ने जियो हॉटस्टार पर कहा, “पिछले छह महीनों में इतना कुछ हुआ है कि उसने अपना पल चुन लिया। जब उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ रन बनाए तो लोग इसे 10 साल तक नहीं भूलेंगे। 36 वर्षीय कोहली ने साल 2008 में श्रीलंका के खिलाफ भारत के लिए डेब्यू किया था। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ सेंचुरी बनाने के साथ ही 14,000 रन बनाने का आंकड़ा भी पार कर लिया है। वह सचिन तेंदुलकर और कुमार संगकारा के बाद ऐसा करने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। कोहली को यह उपलब्धि हासिल करने में 298वें वनडे मैच का सफर तय करना पड़ा है। उन्होंने वनडे में अब तक 73 हाफ सेंचुरी और 50 से अधिक शतक बनाए हैं। सिद्धू ने कहा, “वह रनों के लिए भूखा था। आज की यह पारी ऐसी थी, जिसे लेकर हम जरूर कह सकते हैं कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आसानी से अगले 3-4 साल में नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

### पाकिस्तान-बांग्लादेश का पत्ता साफ

# चैम्पियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचा भारत और न्यूजीलैंड

**एजेंसी। रावलपिंडी**

भारतीय टीम और न्यूजीलैंड ने ICC चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल में एंट्री कर ली है। इन दोनों टीमों ने अब तक अपने ग्रुप में 2-2 मैच खेले और दोनों में जीत दर्ज की है। दूसरी और पाकिस्तान और बांग्लादेश की टीमें हैं. उन्होंने भी 2-2 मैच खेले और दोनों में उन्हें हार मिली।

रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने ICC चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल में एंट्री कर ली है। उसके साथ ग्रुप-ए से सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम न्यूजीलैंड बन गई है। जबकि इसी ग्रुप में शामिल मेजबान टीम पाकिस्तान और बांग्लादेश बाहर हो गई हैं।

रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने ICC चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल में एंट्री कर ली है। उसके साथ ग्रुप-ए से सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम न्यूजीलैंड बन गई है। जबकि इसी ग्रुप में शामिल मेजबान टीम पाकिस्तान और बांग्लादेश बाहर हो गई हैं। ग्रुप-ए से भारत और न्यूजीलैंड के सेमीफाइनल में पहुंचने का फैसला सोमवार (24 फरवरी) को हुआ. इस दिन रावलपिंडी में न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के बीच करो या मरो का मुकाबला खेला गया. इस मैच में न्यूजीलैंड टीम ने 5 विकेट से जीत दर्ज की।



### रचिन के शतक से बांग्लादेश को मिली शिकस्त

न्यूज़ीलैंड-बांग्लादेश मुकाबले की बात करें तो सोमवार को हुए इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेशी टीम ने 9 विकेट पर 236 रन बनाए थे। टीम के लिए कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने 77 रनों की पारी खेली। जबकि जाकिर अली ने 45 रन जड़े। कीवी टीम के लिए मिचेल ब्रेसवेल ने सबसे ज्यादा 4 विकेट झटके।237 रनों के टारगेट के जवाब में कीवी टीम की शुरुआत बेहद खराब रही थी। टीम ने 15 रनों पर ही 2 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद रचिन रवींद्र ने मोर्चा संभाला और डेवॉन कॉन्वे के साथ 57 रनों की पार्टनरशिप की। इसके बाद रचिन ने टॉम लैथम के साथ मिलकर 136 गेंदों पर 129 रनों की साझेदारी कर डाली। इसके बदौलत कीवी टीम ने यह मुकाबला 5 विकेट से जीत लिया। मैच में रचिन रवींद्र ने 105 गेंदों पर 112 रनों की मैच विनिंग शतकीय पारी खेली। जबकि टॉम लैथम ने 55 और डेवॉन कॉन्वे ने 30 रन बनाए। बांग्लादेश के लिए तस्कीन अहमद, नाहिद राणा, मुस्तफिज़ूर रहमान और रिशद हुसैन ने 1-1 विकेट लिया।

### भारत और न्यूज़ीलैंड ने जीते 2-2 मुकाबले

इस नतीजे के साथ ही भारतीय टीम और न्यूज़ीलैंड के सेमीफाइनल में पहुंचने का फैसला हो गया. दरअसल, इन दोनों टीमों ने अब तक अपने ग्रुप में 2-2 मैच खेले और दोनों में जीत दर्ज की है। दूसरी और पाकिस्तान और बांग्लादेश की टीमें हैं। उन्होंने भी 2-2 मैच खेले और दोनों में उन्हें हार ही मिली। इस तरह पॉइंट्स के आधार पर पाकिस्तान और बांग्लादेश की टीमें चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर हो गईं। जबकि भारतीय टीम और न्यूज़ीलैंड ने सेमीफाइनल में एंट्री कर ली है। भारतीय टीम ने अपने पहले मुकाबले में बांग्लादेश को 6 विकेट से हराया था। इसके बाद पाकिस्तान को भी 6 विकेट से ही करारी शिकस्त दी। अब ग्रुप-ए में 2 मैच और खेले जाएंगे. यह दोनों ही मुकाबले औपचारिक रहने वाले हैं। इस ग्रुप का अगला मैच पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच खेला जाएगा। यह मैच 27 फरवरी को रावलपिंडी में ही होगा। जबकि ग्रुप का आखिरी मुकाबला भारतीय टीम और न्यूज़ीलैंड के बीच 2 मार्च को दुबई में खेला जाएगा।

## ‘बाबर आजम फ्रॉड है’, भारत के हाथों करारी शिकस्त के बाद आलोचनाओं से घिरा पाकिस्तान का सुपर स्टार


**एजेंसी । नई दिल्ली**

पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने बाबर आजम पर जमकर भड़ास निकाली है। शोएब अख्तर ने पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम को फ्रॉड करार दिया और विराट कोहली के साथ उनकी तुलना पर अपने विचार खुलकर रखे। बता दें कि पाकिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के पांचवें मैच में चिर-प्रतिद्वंद्वी भारत के हाथों 45 गेंदें शेष रहते 6 विकेट की शिकस्त सहनी पड़ी थी। दुबई में खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान की टीम ने पहले बल्लेबाजी की और 49.4 ओवर में 241 रन पर ऑलआउट हुई। जवाब में भारत ने 42.3 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया। इस हाई वोल्टेज मुकाबले में जहां भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली (100*) ने शतक जड़कर अपनी लय वापस हासिल की। वहीं, बाबर आजम 26 गेंदों में केवल 23 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। हार्दिक पांड्या ने विकेटकीपर राहुल के हाथों कैच आउट कराकर बाबर की पारी का अंत किया था।



### शोएब अख्तर ने क्या कहा

शोएब अख्तर ने बताया कि कैसे कोहली ने पूर्व भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर से प्रेरणा ली और उनकी विरासत का पीछा किया। वहीं उन्होंने बाबर आजम की प्रेरणा चुनने की जबरदस्त आलोचना की। हालांकि, अख्तर ने किसी का नाम नहीं लिया। शोएब अख्तर ने इंडियन एक्सप्रेस के हवाले से गेम ऑन है शो पर खुलकर अपने विचार रखे। बाबर आजम से पाकिस्तानी फैंस को भारत के खिलाफ बड़ी पारी की उम्मीद थी। दाएं हाथ के बल्लेबाज अहम मुकाबले में पारी की शुरुआत करने आए, लेकिन बुरे दौर से उबर नहीं पाए। बाबर आजम ने 26 गेंदों में पांच चौके की मदद से 23 रन बनाए और हार्दिक पांड्या का शिकार बनकर पवेलियन लौट गए।




### इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे नोवाक जोकोविच

**नई दिल्ली।** सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच एटीपी 1000-स्तरीय टूर्नामेंट इंडियन वेल्स में खेलेंगे। टूर्नामेंट के आयोजकों ने एक्स पर लिखा, “एक दिग्गज रेगिस्तान में लौट आया है”, जिससे इस बात की चिंता समाप्त हो गई कि वह खेलेंगे या नहीं। 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता पिछले महीने अलेक्जेंडर ज़ेवेरेव के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई ओपन सेमीफाइनल से हैमस्ट्रिंग की समस्या के कारण रिटायर्ड हो गए थे।वह पिछले हफ्ते कतर ओपन के पहले दौर में हार गए थे। 37 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि उन्होंने दोहा में बिना दर्द के खेला, लेकिन उनके निराशाजनक प्रदर्शन ने प्रशंसकों के बीच चिंता पैदा कर दी कि वह दक्षिणी कैलिफोर्निया के इस आयोजन में नहीं खेलेंगे।

### सेबेस्टियन बाएज ने लगातार दूसरी बार जीता रियो ओपन का खिताब

**रियो डी जेनेरियो (आईएएनएस)**



अर्जेंटीना के टेनिस खिलाड़ी सेबेस्टियन बाएज ने लगातार दूसरी बार रियो ओपन का खिताब अपने नाम कर लिया। ऐसे करने वाले पहले वह पहले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने फाइनल मुकाबले में फ्रांस के एलेक्जेंडर मुलर को 6-2, 6-3 से हराया। इस जीत के साथ ही बाएज दक्षिण अमेरिका के सबसे बड़े टेनिस टूर्नामेंट में अपनी बादशाहत कायम रखने में सफल रहे। बाएज ने पूरे मैच के दौरान शानदार खेल दिखाया और 26 विनर्स लगाए। उन्होंने मुलर की सर्विस को पांच बार तोड़ते हुए एक घंटे 27 मिनट में मुकाबला अपने नाम कर लिया। मैच के बाद अपनी जीत पर खुशी जाहिर करते हुए बाएज ने कहा, “मुझे पूरे सप्ताह अपने प्रदर्शन पर बहुत गर्व है। मैं हर मैच से बहुत खुश हूं।” उन्होंने आगे कहा, “फाइनल हमेशा अलग होते हैं क्योंकि आप टूर्नामेंट जीतना चाहते हैं। मैं मैच पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करता हूं और यही सबसे मुश्किल हिस्सा होता है, लेकिन मेरे कोच और टीम ने मुझे पूरा समर्थन दिया, जिससे मैं अपना ध्यान बनाए रख सका।

### इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे नोवाक जोकोविच

**खेल डेस्क।** आईपीएल 2025 के लिए सभी टीमें अपने-अपने स्क्वाड को मजबूत करने में जुटी हुई हैं। खासकर, आईपीएल की सबसे सफल फ्रेंचाइजी में से एक चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) ने इस बार अपने स्क्वाड को और भी मजबूत किया है। अब आईपीएल 2025 के सीजन के लिए सीएसके ने एक बड़े ऐलान के साथ अपनी टीम में एक दिग्गज खिलाड़ी को जोड़ लिया है। इस बार टीम में श्रीधरन श्रीराम का नाम शामिल है, जिनकी नियुक्ति असिस्टेंट बॉलिंग कोच के रूप में हुई है। सीएसके ने आईपीएल 2025 के लिए श्रीधरन श्रीराम को असिस्टेंट बॉलिंग कोच की जिम्मेदारी सौंपी है। श्रीराम पूर्व भारतीय क्रिकेटर हैं, और उन्होंने भारतीय टीम के लिए 2000 से 2004 के बीच आठ वनडे मैच खेले थे।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### लाल निशान में खुला भारतीय शेयर बाजार, सेंसेक्स 75,000 स्तर से नीचे



**मुंबई (आईएएनएस)।** कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच सोमवार को भारतीय बेंचमार्क सूचकांक गिरावट के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में आईटी और फाइनेंशियल सर्विस सेक्टर में बिकवाली देखी गई। सुबह करीब 9.34 बजे सेंसेक्स 541.66 अंक या 0.72 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74,769.40 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 158.40 अंक या 0.69 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,637.50 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी बैंक 447.55 अंक या 0.91 प्रतिशत की गिरावट के साथ 48,533.65 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 786.75 अंक या 1.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ 49,699.45 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 273.55 अंक या 1.75 प्रतिशत की गिरावट के साथ 15,363.35 पर था। विशेषज्ञों के अनुसार, बाजार को विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार बिकवाली और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ट्रेड टैरिफ से जुड़ी वैश्विक अनिश्चितताओं से जूझना पड़ रहा है। जानकारों ने कहा, “नकारात्मक शुरुआत के बाद, निफ्टी को 22,700 पर समर्थन मिल सकता है, उससे पहले 22,600 और 22,500 पर समर्थन मिल सकता है। ऊपरी स्तर पर 22,900 और इसके बाद 23,000 और 23,100 तत्काल प्रतिरोध हो सकते हैं। चॉइस ब्रोकिंग के हार्दिक मटालिया ने कहा, “बैंक निफ्टी के चार्ट संकेत देते हैं कि इंडेक्स को 48,500, उससे पहले 48,200 और 47,900 पर समर्थन मिल सकता है।

## अदाणी ग्रुप मध्य प्रदेश में 1.10 लाख करोड़ रुपए करेगा निवेश, 1.2 लाख नौकरियां होंगी पैदा

**भोपाल (आईएएनएस)**

भारत के लीडिंग इंटीग्रेटेड व्यापार समूह अदाणी ग्रुप की ओर से मध्य प्रदेश में पंप स्टोरेज, सीमेंट, खनन, स्मार्ट मीटर और थर्मल ऊर्जा जैसे अलग-अलग क्षेत्रों में 1.1 लाख करोड़ रुपये के भारी निवेश का ऐलान किया गया। सोमवार को राज्य की राजधानी में शुरू हुए दो दिवसीय ‘मध्य प्रदेश ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 2025’ में गई इस घोषणा से दशक के अंत तक 1,20,000 से अधिक नौकरियां पैदा होंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस समिट का उद्घाटन किया गया। गौतम अदाणी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दूरदर्शी नेतृत्व में मध्य प्रदेश के निवेश केंद्र में तब्दील होने की प्रशंसा करते हुए इस बात पर जोर दिया कि ये निवेश वित्तीय लेन-देन से कहीं बढ़कर हैं। गौतम अदाणी ने कहा, “ये साझा यात्रा में मील का पत्थर है, जो मध्य प्रदेश को भारत के औद्योगिक और आर्थिक परिदृश्य में सबसे आगे ले जाएंगे। अदाणी ग्रुप ने पहले ही मध्य प्रदेश के पावर, इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, लॉजिस्टिक्स और कृषि-व्यवसाय क्षेत्रों में 50,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है, जिससे 25,000 से अधिक नौकरियां पैदा हुई हैं। नया निवेश राज्य के औद्योगिक इकोसिस्टम को और मजबूत करने के लिए तैयार है, जो भारत की आत्मनिर्भरता और इनोवेशन की महत्वाकांक्षाओं के साथ जुड़ा है। गौतम अदाणी ने 1 लाख करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश के बारे में राज्य सरकार के साथ चल रही बातचीत के बारे में भी बताया। इसमें एक स्टेट-ऑफ-द-आर्ट ग्रीनफील्ड स्मार्ट सिटी, एक हवाई अड्डा परियोजना और एक महत्वाकांक्षी कोयला गैसीकरण पहल की योजनाएं शामिल हैं। मध्य प्रदेश ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 2025 ने नए आर्थिक अवसरों की खोज करने और अंतर-क्षेत्रीय निवेश को बढ़ावा देने के लिए उद्योग जगत के नेताओं, नीति निर्माताओं और वैश्विक निवेशकों को आकर्षित किया है। गौतम अदाणी ने हाल ही में अपने बेटे जीत की शादी के उपलक्ष्य में सामाजिक कार्यों के लिए 10,000 करोड़ रुपये दान करने की घोषणा की थी। इस उदार दान का उद्देश्य वंचितों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और कौशल विकास में किफायती और सुलभ विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करना है।



### अदाणी पावर को विदर्भ इंडस्ट्रीज पावर के अधिग्रहण के लिए मिला लेटर ऑफ इंटेंट

अदाणी पावर लिमिटेड (एपीएल) ने सोमवार को कहा कि कंपनी को विदर्भ इंडस्ट्रीज पावर के अधिग्रहण के लिए लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) मिल गया है। अदाणी पावर को विदर्भ इंडस्ट्रीज पावर लिमिटेड की कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) के तहत सफल समाधान आवेदक के रूप में चुना गया था। क्रेडिटर्स की कमेटी की ओर से भी अदाणी पावर की समाधान योजना को मंजूरी दे दी गई है। एपीएल ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा, “दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता 2016 के तहत कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया से गुजर रही कंपनी विदर्भ इंडस्ट्रीज पावर लिमिटेड के क्रेडिटर्स की कमेटी ने अदाणी पावर के समाधान योजना को मंजूरी दे दी है।

### सत्य नडेला ने शेयर की ‘कृषि पर एआई पोस्ट’, एलन मस्क ने दी प्रतिक्रिया



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला ने सोमवार को कहा कि कृषि पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का प्रभाव ‘अभूतपूर्व’ है। माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और सीईओ सत्य नडेला ने अपने एक्स हैंडल से महाराष्ट्र के बारामती में एक छोटे से खेत की उपज बढ़ाने के लिए एआई के इस्तेमाल के बारे में जानकारी दी। सत्य नडेला के ऑफिशियल एक्स हैंडल पर पोस्ट इस वीडियो को टेक अरबपति एलन मस्क ने अपने एक्स हैंडल से दोबारा शेयर कर अपनी प्रतिक्रिया दर्ज करवाई है।

### 45 प्रतिशत से अधिक भारतीय युवा निवेश के लिए शेयरों को दे रहे प्राथमिकता: रिपोर्ट

**बेंगलुरु (आईएएनएस)।** निवेश के लिए 35 वर्ष के कम के 45 प्रतिशत युवा भारतीय शेयरों को प्राथमिकता दे रहे हैं। यह जानकारी सोमवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक, शेयरों की ओर से लोगों का झुकाव बढ़ने की वजह वित्तीय जागरूकता और टेक्नोलॉजी के कारण अच्छे निवेश विकल्प उपलब्ध होना एवं लंबी अवधि में वैल्थ क्रिएशन का लक्ष्य है। रिसर्च फर्म 1लैटिस के साथ साझेदारी में स्टॉकग्रो की ओर से जारी की गई ‘इन्वेस्टर बिहेवियर इंडेक्स’ (आईबीआई 2025) रिपोर्ट के अनुसार, 81 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि वे शेयर बाजार में निवेश कर चुके हैं।

### भारतीय कपड़ा क्षेत्र के लिए 350 बिलियन डॉलर का लक्ष्य प्राप्त करने में बैंकों की अहम होगी भूमिका

**मुंबई (आईएएनएस)**



कपड़ा आयुक्त रूप राशि ने कहा कि बैंकों को कपड़ा क्षेत्र की ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए, जो 5.4 करोड़ नौकरियों को सपोर्ट करता है और जिसका मार्केट साइज 2030 तक 172 बिलियन डॉलर से बढ़कर 350 बिलियन डॉलर होने का लक्ष्य है। रूप राशि ने कहा कि हम 2030 से पहले इस लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन इस क्षेत्र को उत्पाद मानकीकरण, क्षमता निर्माण, अंतरराष्ट्रीय ब्रांडिंग और निर्यात के लिए बैंक फंडिंग की जरूरत है। सरकारी अधिकारी ने डब्ल्यूटीसी मुंबई और यस बैंक द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित ‘एक्सपोर्ट कॉन्क्लेव’ के दौरान कहा, “कताई से बुनाई तक कपड़ा वैल्यू चेन एक कैपिटल इंटेंसिव सेक्टर है, जिसे बैंक फंडिंग की जरूरत है। जबकि, बैंक बिग टिकट लोन और प्रोजेक्ट फाइनेंस को प्राथमिकता देते हैं।

### एसबीआई ने 2055 में अपने शताब्दी वर्ष के लिए नेट जीरो उत्सर्जन लक्ष्य किया निर्धारित

**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) अपने शताब्दी वर्ष 2055 तक उत्सर्जन में नेट जीरो होने का लक्ष्य रखा है। एसबीआई के चेयरमैन चल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी ने हाल ही में यह जानकारी दी। सेट्टी ने यह घोषणा ‘एसबीआई ग्रीन मैराथन सीजन 5’ कार्यक्रम में की, जिसे उन्होंने 5 किमी, 10 किमी और 21 किमी कैटेगरी में भाग लेने वाले 10,000 से ज्यादा रनर्स-कम ग्रीन इंडिया एम्बेसडर के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 2018 में अपनी स्थापना के बाद से, एसबीआई ग्रीन मैराथन भारत के ‘मिशन लाइफ : पर्यावरण के लिए जीवन शैली’ के प्रति बैंक के ठोस समर्पण का प्रतीक बन गया है। यह बैंक की एक स्थायी भविष्य के लिए इसकी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दिखाता है। इस रोमांचक कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने अलग-अलग दौड़ की कैटेगरी में बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसमें शीर्ष प्रदर्शन करने वालों को 21 किमी की दौड़ में 15,000 रुपये, 10,000 रुपये और 7,000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। इसी तरह 10 किमी की दौड़ में 10,000 रुपये, 7,000 रुपये और 5,000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया।

## झारखंड विधानसभा बजट सत्र के पहले दिन बोले स्पीकर

# गतिरोध सदन की परंपरा नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो ने विधायकों को विधायी परंपराओं की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि गतिरोध सदन की परंपरा नहीं है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में लगातार दूसरी बार गठित सरकार का पहला बजट है। सत्र 27 मार्च तक चलेगा। इस सत्र में कुल 20 बैठकें निर्धारित हैं। वर्ष 2024-25 का तृतीय अनुपूरक बजट और वित्तीय वर्ष 2025-2026 का वार्षिक बजट का उपस्थापन किया जाएगा। विधायिका के पास कार्यपालिका के कार्यों का आकलन के निमित्त बजट एक बहुत बड़ा साधन है। विधायकों को उपस्थापित होने वाले बजट की अनुदान मांगों पर कटौती प्रस्ताव के माध्यम से सरकार की योजनाओं की समीक्षा करने का अवसर प्राप्त होगा। राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान भी सार्थक बहस करने का अवसर प्राप्त होगा। इस सत्र में तीन कार्य दिवस राजकीय विधेयक के लिए भी निर्धारित है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि वह अपने अन्तर्मन से यह कहना चाहते हैं कि हमलोग यहां पर चुनकर आते हैं और जनता की बहुत सारी अपेक्षाओं के साथ चुनकर आते हैं। साढ़े तीन करोड़ जनता की इस सदन से आशाएं बंधी हैं कि उनके



हित में और उनके लिए इस महापंचायत से समुचित कार्य हो। यह भी सही है कि कई बार गतिरोध के कारण वांछित कार्य नहीं हो पाता है। उन्होंने आग्रह किया कि सदन में गतिरोध न हो। सदन में आलोचना हो, सदन में विचार व्यक्त हो, अभिव्यक्ति हो, लेकिन गतिरोध सदन की परंपरा नहीं है। दिशोम गुरू शिबू सोरेन ने राज्य निर्माण के आंदोलन के समय से ही राजनीतिक और सामाजिक रूप से सहनशील, जुझारू, निष्ठावान कार्यकर्ता तैयार करने का प्रयत्न किया है। उम्मीद है कि इस सदन में उनके विचारों का प्रतिबिम्ब परिलक्षित होगा। कार्यक्रम के पहले दिन प्रथम सत्र में सदन की गरिमा बनाए रखने में विधायकों की भूमिका विषय पर भाजपा विधायक सीपी सिंह विचार व्यक्त करेंगे। इसके बाद लोकतंत्र और समावेशी विकास विषय पर संसदीय कार्य मंत्री राधाकिशोर, जबकि संसदीय विशेषाधिकार पर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश अपने विचार रखेंगे।

इस सत्र के मुख्य अतिथि मुख्यामंत्री हेमंत सोरेन होंगे। वहीं दूसरे सत्र में संघवाद और राज्य विधायिका की चुनौतियां विषय पर होनेवाले तकनीकि सत्र की अध्यक्षता हरिवंश करेंगे।

दूसरे दिन के तकनीकी सत्र की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो करेंगे, जबकि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर होंगे। किशोर बजट और राज्यों की वित्तीय स्थिति पर विचार प्रकट करेंगे।

वहीं दूसरे सत्र का विषय विधि निर्माण के संबंध में विधायकों का दायित्व और झारखंड विधानसभा की प्रक्रिया और कार्य संचालन नियमावली की आधारभूत अवधारणा विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में विधानसभा के संयुक्त सचिव मधुकर भारद्वाज होंगे।

### सदस्यों के लिए होगा प्रशिक्षण सत्र

स्पीकर ने कहा कि इस सदन में पहली बार 21 नए सदस्य चुनकर आए हैं और वे पहली बार बजट सत्र में भाग ले रहे हैं। निर्वाचित सदस्य सदन के नियमों, परम्पराओं और परिपाटियों का गहन अध्ययन करेंगे और अपने अभिभावक समान वरिष्ठों के अनुभव का लाभ उठाकर श्रेष्ठ संसदीय परम्पराओं का पालन करते हुए इस बजट सत्र को और अधिक जनोपयोगी बनाएंगे। बजटीय प्रबंधन पर अपना महत्वपूर्ण सुझाव देंगे। यह सभा उनके नए विचारों की सभा होगी। पूर्व विधानसभा की भांति षष्टम विधानसभा गठन के उपलक्ष्य में सभी निर्वाचित सदस्यगण का प्रबोधन कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस बार विधानसभा ने एक मार्च और दो मार्च को सदस्यों के लिए प्रबोधन कार्यकम रखा है। उम्मीद है कि इससे सदस्यों को संसदीय परम्परा की बारीकियों को समझने में सहजता होगी।

### विधायकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम एक मार्च से

**रांची।** झारखंड विधानसभा के सदस्यों का दो दिवसीय प्रबोधन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन एक और दो मार्च को आयोजित किया जाएगा। विधानसभा के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित होनेवाले कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन और राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश करेंगे, जबकि कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राज्य के संसदीय कार्यमंत्री राधा कृष्ण किशोर होंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो करेंगे।

# झारखंड विस बजट सत्र में पेपर लीक का मामला विपक्ष उठाएगा

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से शुरू हो गया। सत्र के पहले दिन विपक्षी दलों ने सरकार को घेरने के लिए अपनी रणनीति तैयार कर ली है। विपक्षी दलों ने पेपर लीक मामले को लेकर सरकार को घेरने का फैसला किया है। राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान ने कहा कि विपक्षी दल भाजपा तो अपना नेता तक नहीं चुन पाई है, लेकिन हम अपने सवालों का जवाब देने के लिए तैयार हैं।

**विपक्ष के हमले का सत्तापक्ष देगा जवाब :** सत्तापक्ष ने भी विपक्ष के हमलों का जवाब देने के लिए अपनी रणनीति तैयार कर ली है। मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि पेपर लीक मामले में विपक्षी दलों की साजिश है और हम इसका जवाब देने के लिए तैयार हैं।

### पेपर लीक मामले में विपक्ष की साजिश : सुदिव्य



झारखंड के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने जैक की मैट्रिक परीक्षा में विज्ञान और हिंदी के पेपर लीक के पीछे विपक्षी दलों की साजिश बताया है। उन्होंने कहा कि यह सरकार को बदनाम करने की साजिश है और छात्रों को इसका कोई लाभ नहीं हुआ है। मंत्री ने यह भी कहा कि अगर विपक्षी दल इसी तरह के आरोप लगाते रहे तो उनकी स्थिति और भी खराब हो जाएगी।

### विपक्ष का काम सिर्फ विरोध करना है : हेमलाल



झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता हेमलाल मुर्मू ने एक सवाल के जवाब में कहा कि विपक्ष का काम सिर्फ विरोध करना है। उन्होंने कहा कि पूरी उम्मीद है कि विधानसभा का बजट सत्र बेहतरीन तरीके से चलेगा।

### सरकार योजनाओं पर निर्णय लेगी : प्रदीप



कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा है कि सरकार जन कल्याणकारी योजनाओं पर महत्वपूर्ण निर्णय लेगी। इसके अलावा, जातीय जनगणना, ओबीसी आरक्षण बढ़ाने सहित कई मुद्दों पर सार्थक निर्णय लिए जाएंगे।

### विपक्षी दल अपना नेता तक नहीं चुन पाई : सुरेश पासवान



राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान ने कहा कि विपक्षी दल भाजपा तो अपना नेता तक नहीं चुन पाई है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के हर सवाल का जवाब देने के लिए सत्तापक्ष तैयार है। जनता के विकास के लिए मुश्तैदी के साथ एक महीने तक सदन की कार्यवाही चलेगी।

**पेपर लीक सबसे बड़ा मुद्दा : जर्नादन**

जनार्दन पासवान ने कहा कि राज्य में पेपर लीक सबसे बड़ा मुद्दा है। इसके साथ-साथ खस्ताहाल विधि व्यवस्था, बेरोजगारी, बालू जैसे मुद्दे हैं, ऐसे में विपक्ष सरकार को घेरने के लिए तैयार हैं।

### झारखंड में पेपर लीक की सरकार : नवीन जायसवाल



**रांची।** नवीन जायसवाल ने आरोप लगाया कि सरकार की लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण अब सिर्फ नौकरी की परीक्षाएं ही नहीं, बल्कि दसवीं की परीक्षाएं भी प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार पेपर लीक सरकार बनकर रह गई है। बजट सत्र शुरू होने से पहले हटिया विधायक नवीन जायसवाल मीडिया को संबोधित करते हुए कहा। ब्लॉक और अंचल कार्यालयों में आम जनता को लूटने का अड्डा बना दिया गया है। कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है, राज्य में खुलेआम हत्याएं हो रही हैं। जमीन की लूट मची हुई है, लोग अपनी संपत्ति बचाने के लिए परेशान हैं। विधायक ने आरोप लगाया कि लाखों नौकरियों का वादा करके सत्ता में आई सरकार अब सिर्फ 100-200 लोगों को नौकरी देकर अपनी पीठ थपथपा रही है। बेरोजगारी भत्ते की कोई चर्चा तक नहीं हो रही है।

## संगठन पर्व का उद्देश्य पार्टी की मजबूती और सर्वस्पर्शी विस्तार : सुनील बंसल




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा संगठन पर्व को लेकर राष्ट्रीय महामंत्री व चुनाव अधिकारी सुनील बंसल, लोकसभा में पार्टी के सचेतक व चुनाव अधिकारी संजय जायसवाल सोमवार को रांची पहुंचे। रांची में प्रदेश कार्यालय में दोनों नेताओं ने प्रदेश के भाजपा नेताओं के साथ बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महामंत्री एवं चुनाव अधिकारी सुनील बंसल ने कहा कि संगठन पर्व पार्टी की मजबूती और सर्वस्पर्शी विस्तार का पर्व है। उन्होंने कहा कि भाजपा विचारधारा आधारित विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। आज देशभर में 13.50 करोड़ प्राथमिक सदस्य हैं। पूरे देश में संगठन महापर्व कार्यक्रम चल रहा है, जिसमें झारखंड भी शामिल है। उन्होंने कहा कि सशक्त भाजपा से ही विकसित भारत, स्वाभिमानी भारत का स्वप्न साकार होगा। सुनील बंसल ने कहा कि सशक्त भाजपा का मतलब सर्वस्पर्शी भाजपा, सर्वसमावेशी भाजपा, सर्वव्यापी भाजपा है। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन विस्तार में महिला सशक्तिकरण पर विशेष बल दे रही है।

सांसद संजय जायसवाल ने कहा कि झारखंड में भाजपा का मजबूत सांगठनिक जनाधार है। जिसे और विस्तृत, व्यापक बनाने की प्रक्रिया संगठन पर्व में चल रही। भाजपा का संगठन कार्य सतत चलने वाला कार्य है। संगठन पर्व भविष्य का कार्यकर्ता गढ़ने का पर्व है। पार्टी के विचारों, नीतियों और कार्यक्रमों को कार्यकर्ता ही धरातल पर ले जाने का माध्यम है।

मौके पर प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश सदस्यता प्रभारी राकेश प्रसाद, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, मनोज कुमार सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पीएन सिंह, डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, बालमुकुंद सहाय, विकास प्रीतम, भानु प्रताप शाही, नीलकंठ सिंह मुंडा, सीमा शर्मा सहित सभी जिलों के चुनाव पर्वेक्षक, चुनाव अधिकारी एवं सह चुनाव अधिकारी शामिल हुए।

### संगठन पर्व को समयबद्ध चरण में सफल बनाएं : मरांडी

प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विधानसभा चुनाव के कारण झारखंड में संगठन पर्व विलंब से शुरू हुआ। लेकिन हम इसे परिश्रम से समय पर पूर्ण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बूथ से लेकर जिला स्तर की सांगठनिक संरचना को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें। कार्यक्रम का संचालन गणेश मिश्र, विषय प्रवेश प्रदेश महामंत्री एवं चुनाव अधिकारी सांसद डॉ प्रदीप वर्मा और धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह ने किया।

## पेज एक के शेष

### बजट सत्र के पहले दिन दिवंगत...

उरांव, गुलाब सिंह मुंडा, मनोरमा सिंह, डा० कृष्णानंद झा, विश्वनाथ सिंह, गणेश पासवान, प्रीतिश नंदी जनरल पदमनाभन, शारदा सिन्हा, उस्ताद जाकिर हुसैन, श्याम बेनेगल आदि प्रमुख है।

### मंईयां सम्मान और अबुआ...

साथ ही रांची को स्मार्ट सिटी बनाने को लेकर किए जा रहे कार्यों को भी बताया। उन्होंने कहा कि अभी राजधानी में ही लोगों पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 1430 डीप बोरिंग की जा रही है। एसटी एससी छात्रों के लिए जयपाल सिंह मुंडा स्कॉलरशिप योजना की शुरूआत की गयी है।

**दुमका और बोकारो में बनेंगे 3 आवासीय विद्यालय :** राज्यपाल ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 3 आवासीय विद्यालय दुमका और बोकारो में बनाने का निर्णय लिया है। इसके अलावा मातृ भाषा आधारित सामाग्रियों को विकसित किया जा रहा है। अनाथ और दिव्यांग छात्रों के लिए वाल्मीकि छात्रवृति की शुरूआत की गई है। 2100 से अधिक विद्यालयों में किचन गार्डन की स्थापना की गई है। साथ ही आईसीटी कार्यक्रम के तहत डिजिटल स्मार्ट क्लास की उपलब्धता कराई गई है।

### महाकुंभ को गाली देने...

कांग्रेस हो या जंगलराज वाले हों, इनके लिए आप किसानों की तकलीफ कोई मायने नहीं रखती। हमने किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी शक्ति से काम किया है। किसानों को खेती के लिए अच्छे बीज की व्यवस्था हो, पर्याप्त और सस्ती खाद या किसानों को सिंचाई की सुविधा, सभी क्षेत्रों में काम किए गए। पशुओं की बीमारी और आपदा से बचाव के लिए भी काम किए गए। एनडीए सरकार ने स्थिति को बदला है। हमने सैकड़ों आधुनिक किस्म के बीज किसानों को दिए। पहले यूरिया के लिए किसान लाठी खाता था और यूरिया की कालाबाजारी होती थी। आज किसानों को पर्याप्त खाद मिलती है। आज यूरिया प्रति बोरी 300 रुपये में मिलती है। उन्होंने महाकुंभ की चर्चा करते हुए कहा कि एनडीए गौरवशाली विरासत के संरक्षण और वैभवशाली विकास को लेकर काम कर रही है। कुछ लोगों को धरोहरों और आस्था से भी नफरत है। प्रयागराज में आजकल एकता का महाकुंभ चल रहा है। इस एकता के महोत्सव में लोग डुबकी लगा रहे हैं। अब तक यूरोप की जितनी जनसंख्या है, उतने लोग डुबकी लगा चुके हैं। लेकिन, कुछ लोग इसे भी गाली दे रहे हैं।

उन्होंने भरोसा जताते हुए कहा कि ऐसे लोगों को बिहार के लोग कभी नहीं छोड़ेंगे। कांग्रेस और राजद के लंबे कुशासन ने बिहार को बदनाम और बर्बाद किया। लेकिन, अब विकसित भारत में बिहार का वही स्थान होगा, जो प्राचीन समय में पाटलिपुत्र का था। बिहार में सड़कों के नेटवर्क के लिए और जन कल्याण की योजनाओं के लिए एनडीए सरकार प्रतिबद्ध होकर काम कर रही है।


## पलाश (झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी)
## जिला मिशन प्रबंधन इकाई, चतरा

### रोजगार सृजन मेला 2025

चतरा जिले के बेरोजगार युवक और युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित करने के उद्देश्य से पलाश (JSLPS) जिला मिशन प्रबंधन इकाई, चतरा के द्वारा दिनांक 27 फरवरी 2025 दिन गुरुवार को पूर्वाहन 10-00 बजे से 3-00 बजे अपराहन तक DRDA प्रशिक्षण भवन (DMFT Hall), चतरा (सिविल कोर्ट रोड, विकास भवन के पीछे) परिसर में रोजगार सृजन मेला 2025 आयोजित किया जा रहा है। योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार निम्नलिखित दस्तावेजो के साथ उपस्थित होकर रोजगार मेला का लाभ उठायें :–

1- आधार कार्ड | 2- उच्चतम शैक्षिणिक प्रमाण पत्र | 3- आयु प्रमाण पत्र |

इस रोजगार सृजन मेला में संगठित क्षेत्र के निम्नलिखित नियोजकों के द्वारा उपस्थित रहने की सहमती प्रदान किया गया है |

| क्र. सं. | भर्तीकर्ता का नाम | नियुक्ति के लिए (मूल नियोक्ता का नाम) | पात्रता | लिंग | वेतन | नौकरी का स्थान | पद हेतु नियुक्ति | अन्य सुविधाएँ | रिक्तियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | Haier Appliances | ITI, Graduate, Polytechnic | Male & Female | 16621-20225 | PUNE | Assembly Trainee | Canteen, BUS, Insurance, Uniform, Shoes | 200 |
| 2 | | Tata electric Mobility Ltd | 12th Pass Or ITI(2 years) | Male & Female | 14520/- | Ahmedabad | Manufacturing Trainee | Canteen, BUS, Insurance, Uniform, Shoes | 300 |
| 3 | SkillzDesk Pvt Ltd | Jaya Hind Industries(Force Motors) | Polytechnic pass | Male | 22000/- | PUNE | Diploma engineer Trainee | Canteen, BUS, Insurance, Uniform, Shoes | 50 |
| 4 | | Rucha Engineering | 10th,12th,ITI | Male | 14000-16000/- | Mysore | Production Trainee | Canteen, BUS, Insurance, Uniform, Shoes | 100 |
| 5 | | Vikas Group | 12th, ITI, Polytechnic | Male & Female | 13000-18000/- | Faridabad(Delhi/NCR) | Production Trainee | Canteen, BUS, Insurance, Uniform, Shoes | 100 |
| 6 | | Apollo Tyres | ITI/DIPLOMA/ GRADUATE | Male | 16000 (ITI), 17000 (Diploma/ Graduate) | Chennai | Trainee | Canteen + Hostel+Bonus | 100 |
| 7 | 2 coms | Electrosteel Castings Limited | 100/Fitter, Welder, Turner, Electrician, Machinist, Mill Wright Fitter: Fitter 30 | Male | 16000 Stipend | SriKalahasti(Tirupati) | Apprentice Trainee | Subsidized Lunch/Dinner at Rs. 7,Subsidized Breakfast at Rs. 8+OT | 130 |
| 8 | | Exide Battery | 8th/10th/12th/ITI (8th pass for Tiruvottiyur only) | Male | 14650 Stipend | Chennai | Apprentice Trainee | Food+Accomodation Free | 50 |
| 9 | | Atlas Export Enterprises | 10th Above | Female | 10000 | Karur- Tamil Nadu | Special Machine Operator | | 75 |
| 10 | | Atlas Export Enterprises | 8th Above | Female / Male | 10000 TO 12000 | Karur- Tamil Nadu | Sewing Machine Operator - Tailor | Free Food & Accommodation, EPF, ESI, Bonus, Earn Leave Salary,Attendance Bonus, Production Incentives Etc., | 200 |
| 11 | Atlas Export Enterprises | Atlas Export Enterprises | 10th Above | Female/ Male | 10000 | Karur- Tamil Nadu | Packer | Free Food & Accommodation, EPF, ESI, Bonus, Earn Leave Salary,Attendance Bonus, Production Incentives Etc., | 200 |
| 12 | | Atlas Export Enterprises | Bsc - Nursing | Female | 10000 & Above | Karur- Tamil Nadu | Nurse | Free Food & Accommodation, EPF, ESI, Bonus, Earn Leave Salary,Attendance Bonus, Production Incentives Etc., | 5 |
| 13 | | Atlas Export Enterprises | Graduate | Male | 10000 & Above | Karur- Tamil Nadu | Security Guard | Free Food & Accommodation, EPF, ESI, Bonus, Earn Leave Salary,Attendance Bonus, Production Incentives Etc., | 20 |
| 14 | NTTF | Schneider Electric & INDO MIM (Bangalore) | 10th 12th & ITI Pass out | Male & Female | Rs.14100 to Rs. 15600 | Bangalore | Trainee | Medicalim Insurance Uniform Shoes & Study Material | 250/250 |
| 15 | Auburn Design Pvt Ltd | Auburn Design Pvt Ltd | 18-24 Year old | Female | 16000 CTC | Pancha, Ranchi Tata Road | Flat Lock & Over Lock Operator | ESIC & EPF | 200 |
| 16 | | Apollo Tyres | ITI/Diploma/Graduate | Male | 16000(ITI) / 17000(Diploma) | Chennai | Apprenticeship Trainee | Food,Acccomodation,Medical Insurance,Attendance Bonus | 300 |
| 17 | Aquila Consultants | Tata Motors Electric Passenger Vehicles | 12th/ITI/Diploma | Male/ Female | 14500 | Sanand(Gujrat) | Trainee | Food,Acccomodation,Medical Insurance,Free diploma | 200 |
| 18 | | Electrosteel Castings Limited | 12th/ITI/Diploma | Male | 17000 | Tirupati | Apprenticeship Trainee | Subsidized Lunch/Dinner at Rs. 7 Subsidized Breakfast at Rs. 8 | 200 |
| 19 | | HONDA | 10th,12th,ITI | MALE | GROSS-17400 / NET-15107/ATTENDANCE BONUS-1000/ NIGHT SHIFT ALLOWANCE-1200/ OVERTIME-158/-(PER HOUR) | BANGALORE | PRODUCTION EXECUTIVE | PF & ESI /YEARLY BONUS - 12065/LEAVE WITH ENCASHMENT - 14615/VARIABLE PAY -5500/DIWALI BONUS- 2700/DUTY TIME FOOD/TRANSPORTATION/700000 MEDICAL INSURANCE COVERAGE | 5124 |
| 20 | CREATIVE ENGINEERS | WISTRON | 10th,12th,ITI,DIPLOMA & GRADUATION | FEMALE | GROSS-18700 / NET-15293/ OVERTIME-139/-(PER HOUR) | BANGALORE | PRODUCTION EXECUTIVE | PF & ESI / QTY LEAVE WITH ENCASHMENT - 2193/ FREE TRANSPORTATION/DUTY TIME FOOD/500000 MEDICAL INSURANCE COVERAGE | 3363 |
| 21 | | FOXCONN | 10th,12th,ITI,DIPLOMA & GRADUATION | FEMALE | CTC- 17750/ GROSS-15089 / NET- 13173 | BANGALORE | PRODUCTION EXECUTIVE | PF & ESI / A SHIFT ALLOWANCE-50/B SHFT ALLOWANCE- 25/C SHIFT -50/ FREE ACCOMODATION/ FREE TRANSPORTATION/400000 MEDICAL INSURANCE COVERAGE | 3056 |
| 22 | | MATE Motherson Group Of Companies | 10th / 12th / ITI | Male/Female | 10th / 12th - Rs. 11002/-For 8 Hours ITI - Rs. 11552/- For 8 Hours Skilled /Experienced - Rs. 13373/- For 8 Hours | Manesar, Haryana | Appearentice Trainee | Over Time (As per company norms) Canteen (Optional) - Subsidized Other allownces - As per Company Rules Medical Insurance - As per company norms. | 100 |
| 23 | | Marelli Motherson Automotive Lighting India Pvt. Ltd. | 10th / 12th / ITI/Diploma | Male/ Female | 10th, 12th - 11000 ITI - 11500 Diploma - 13000 OT-Per hrs 110 Diploma OT - 125/ Hour | Bawal, Haryana | Appearentice Trainee | • Attendance Award Rs 750/Month for 26 days working • Canteen Available - Rs. 500 (1 Time Meal & 2 times and snacks) | 100 |
| 24 | | Elcon Banshu Wiring System | 10th / 12th / ITI/Diploma | Male/ Female | 10th, 12th passed -11056/ ITI -12526/- Diploma -15001/- | A-47 (A) Industrial area Khushkhera, Bhiwadi, Alwar Rajasthan-301017 | Appearentice Trainee | Attendance Award - 800 for 26 Days Canteen Yes-10 Rs Subsidized Transportation- Free | 200 |
| 25 | | UNO MINDA GROUP | 10th, 12th or ITI PASS | MALE/ Female | 10th / 12th - Rs. 14500/-For 8 Hours ITI - Rs. 16500/-For 8 Hours Skilled /Experienced - Rs. 17100/-- For 8 Hours | DEKAVADA, GUJRAT | CNC MACHINE OPERATOR, JOB | Over Time (As per company norms) Canteen (Optional) - Subsidized Other allownces - As per Company Rules Medical Insurance - As per company norms. | 250 |
| 26 | TALENT CONNECT SERVICE | FIEM INDUSTRIES | GRADUATION,ITI, DIPLOMA | Male/ Female | Graduation - 18000/- ITI - 18500/- Diploma - 20000/- | KARSANPURA, GUJARAT | Appearentice Trainee | Subsidized Food + Tea With Snacks DUTY HOURS:- 12. DAYS :- 26 | 200 |
| 27 | | VEE GEE PVT LTD | GRADUATION ,ITI, DIPLOMA | Male | Graduation - 19500 ITI - 21000/- Diploma - 24000/- | VITHLAPUR, GUJARAT | Appearentice Trainee | Over Time (As per company norms) Canteen (Optional) - Subsidized Other allownces - As per Company Rules Medical Insurance - As per company norms. | 150 |
| 28 | Sun Vaccume former india ltd | Sun Vaccume former india ltd | Diploma ( Mechanical,Electrical) | Male | 16500 | Kadi,Mehsana ,Gujarat | Machine Operator | Canteen , Safety shoes,uniform | 50 |
| 29 | ARYAN ALLIANCE PVT LTD | JBM PVT LTD | 10th / 12th / ITI | Male/ Female | 10th / 12th - Rs. 18400/--For 12 Hours ITI - Rs. 19900/-For 12 Hours Skilled /Experienced - Rs. 22000/-- For 12 Hours , Welder-23000/- For 12 Hours | VITHLAPUR, GUJARAT | MACHINE OPERATOR | Over Time (As per company norms) Canteen (Optional) - Subsidized Other allownces - PF &ESI Medical Insurance - As per company norms. | 200 |
| 30 | | MUNJAL PVT LTD | ITI OR DIPLOMA PASS | MALE/ FEMALE | ITI PASS 16500/- and DIPLOMA PASS 18500/- | VITHLAPUR, GUJARAT | MACHINE OPERATOR | Over Time (As per company norms) Canteen (Optional) - Subsidized Other allownces - As per Company Rules Medical Insurance - As per company norms. | 250 |
| 31 | Utkarsh Small Finance Bank | Utkarsh Small Finance Bank | Inter/Graduate | Male | | Pan Jharkhand | Trainee Credit Officer | PF & ESI /MONTHLY INCENTIVE - UPTO Rs 25000/ACCOMODATION FACILITY/ MEDICAL INSURANCE COVERAGE-Rs 200000 per year /- TERM INSURANCE - Rs 1000000. | 200 |
| 32 | | Anand Group | Diploma Fresher Age Up to 22 yr | M/F | 18600/- | Pan India | OET | Permanent Job with Hostel,Food,Transport,ESI. Best carrier growth | 100 |
| 33 | | MRF | Diploma/Btech/Graduate Age Up to 25yr | M | 19400 to 20500 | Gujarat | Machine Opetaror(LEAD) | Hostel,Food,Transport | 100 |
| 34 | | Jaya Hind | Diploma/Btech | M | 22,000/- CTC | Pune | DAT/DET/GET | ESI,PF,Transport,Canteen,No Hostel | 100 |
| 35 | Empolyability bridge | Diken Aircondinating | Diploma with backlog & Experiance/BSC-Chemistry,Physics, Mathematics | M | 222000/- CTC(12500/- in hand + 2530 PF + 5000 veriable pay every 3 month+ ESI+Gratuty+Term Plan) | Sricity Tada Andhra Pradesh | DET/SGT | Parmanent Job,Second year DET,3rd year Jr Enginner, second year CTC- 2,67,000/-,3rd year CTC-3,26,000/-, Very pleasant working environment, two department-Production & Quality, Free Transortaion up to 30km,sunbsdized meal,Free Uniform & Shoes | 100 |
| 36 | | Imperial Auto | ITI-Mechanical,Electrical,Fitter ETC | M | 16500/-in hand (12500 basic+ DBT+Attendence Bonus) | Faridabad Near NCR | Trainee | Hostel( Self Pay), Food& Transport on subsdized, Permanent Job | 100 |
| 37 | GSA Foundation | Silver consumer pvt ltd | 10th,12th, ITI,diploma,Graduate | male and female both | ITI,10th ,12th-14000 stipend, diploma+graduate -17000 stipend | RAJKOT GUJRAT | QC,ASSEMBLY,MACHINE OPERATOR | Canteen+ OT 68rs per hour,Room provided by the company | 300 |
| 38 | Straggle Heath Care Trading Pvt.Ltd. | Manufacturing | 8th,10th,12th, Graduation, PG, iti, Diploma | Male, Female | 13500 - 22500 | Jharkhand, Bangal, Udisha Chattisgarh | | Accommodation, EPF, ESI, Bonus, Earn Leave Salary,Attendance Bonus, Production | 180 |
| 39 | TEXTURE CLOTHING COMPANY | Garemnt Manufacturer and Exporter | 8 th , 10 th, 12th Any Graduation | Male & Female | 10500 to 18000 [ take home ] | Tirupur - Tamil Nadu | Sewing Machine operator, SMO / ST / SET / Packer ,Checker, Ironer , Fresher | Free Food & Accommodation, EPF, ESI, Bonus, Earn Leave Salary,Attendance Bonus, Production Incentives Etc., | 150 |
| 40 | Optival Health Solutions Pvt Ltd (MedPlus) | MedPlus | 10th, 12th, Graduation | Male, Female | Rs. 18,507 CTC | Banglore | CSA for Retail outlet | Room, Incentive, Retention bonus, Accidential insurance 5 Lacs, Support for higher education like BBA | 200 |
| 41 | | MedPlus | 10th Fail,10th, 12th, Graduation | Male, Female | Rs. 18,507 CTC | Banglore | Junior Assistant for Warehouse | Room, Night Allowance for Male, Accidential insurance 5 Lacs, Support for higher education like BBA, Food 2 times in a day. | 200 |
| 42 | VKS HR Services | TVS and Kiya | 10th, 12th, ITI diploma, Graduate | male and female both | 14800 ctc | Bangalore Andhra, Hosur | Warehouse , manufacturing picking packing | two time meals, transporttion for ladies | 200 |
| 43 | REEDS Society | Gokaldas Exports | 8th pass | Female | Rs 12,000 + of total 3600 | Bangalore | Sewing machine operator | Medical coverage of 1,50,000 | 600 |
| 44 | Integrated Personnel Services Limited | Integrated Personnel Services Limited | Diploma ( Mechanical,Electrical,Electronics) | Male | 18000/- | Mumbai_Khopoli | Production & Quality Mantantance | Normal Accommodation charges Weekly 1 Day off Annual Bonus Company Transport pick up and drop available | 100 |
| 45 | Shahi Exports | Shahi Exports | 8th pass | Female ,Male both | 12222/- | Bangalore | Sewing machine operator | | |
| 46 | | Quess Corp Ltd | 12th/Iti | Male/Female | 12012 Stipend+2500 Attendance Bonus | Sanand,Ahmedabad,Gujarat | Production Trainee | Subsidized Canteen And Transport | 1000 |
| 47 | Quess Corp Ltd | Quess Corp Ltd | 10,12, Iti (Female Only) & Diploma | Male/Female | RS. 18950 CTC | Kolar ,Bangalore | Operator | Canteen And Transport | 500 |
| 48 | | Quess Corp Ltd | ITI & 10th and Inter | Male/Female | Rs.16404 Ctc | Gagillpur,Hyderabad | Assembly Operator | Canteen And Transport | 100 |
| 49 | | Quess Corp Ltd | 10th,12th,Iti | Male | Rs. 17500 Nth | Chennai | Trainee | Accomodation And Canteen | 200 |

PR 347044 (Chatra) 24-25 (D)

जिला कार्यक्रम प्रबंधक,
जिला मिशन प्रबंधन इकाई जे.एस.एल.पी.एस., चतरा।

# मध्य प्रदेश ने देखा है परिवर्तन का दौर : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**भोपाल (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट का उद्घाटन करते हुए कहा कि बीते दो दशकों में राज्य ने परिवर्तन का दौर देखा है। सड़कों का नेटवर्क बढ़ा है, रेल लाइन का विद्युतीकरण हुआ है, बिजली सरप्लस राज्य होने से निवेशकों का रुझान बढ़ा है। राजधानी के राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में आयोजित दो दिवसीय ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के उद्घाटन मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश जनसंख्या के हिसाब से भारत का पांचवां बड़ा राज्य है। मध्य प्रदेश कृषि के मामले में भारत के प्रमुख राज्यों में है। खनिज के हिसाब से भी मध्य प्रदेश देश के पांच प्रमुख राज्यों में से है। मध्य प्रदेश को जीवनदायिनी मां नर्मदा का आशीर्वाद भी प्राप्त रहा है। मध्य प्रदेश संभावनाओं से भरा हुआ है। बीते दो दशकों में मध्य प्रदेश में ट्रांसफॉर्मेशन का नया दौर देखा गया है। पीएम मोदी ने कहा, "एक समय था जब यहां बिजली और पानी की बहुत सी दिक्कत थी, कानून-व्यवस्था की स्थिति तो और भी खराब थी। ऐसे हालात में यहां उद्योगों का विकास बहुत मुश्किल था, बीते दो दशक में मध्य प्रदेश के लोगों के सहयोग से यहां की भाजपा सरकार ने गवर्नेंस पर फोकस किया। दो दशक पहले तक लोग मध्य प्रदेश में निवेश करने से डरते थे, आज मध्य प्रदेश ने इन्वेस्टमेंट के लिए देश के राज्यों में टॉप के राज्यों में स्थान बना लिया है।

## रेल नेटवर्क का शत प्रतिशत विद्युतीकरण किया जा चुका है



**02** लाख इलेक्ट्रिक व्हीकल एमपी में रजिस्टर हुए हैं जनवरी 2025 तक

**80** रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत आधुनिक बनाया जा रहा है

प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि जिस मध्य प्रदेश में कभी सड़कों के कारण बसे तक नहीं चल पाती थीं, वह इलेक्ट्रिक व्हीकल के मामले में भारत के लीड राज्यों में से एक है। जनवरी 2025 तक दो लाख इलेक्ट्रिक व्हीकल एमपी में रजिस्टर हुए हैं। मध्य प्रदेश आज मैन्युफैक्चरिंग के लिए नए सेक्टर के रूप में एक शानदार डेस्टिनेशन बनता जा रहा है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि बीते दशक में भारत ने अधोसंरचना का बदलता दौर देखा है। कहा जा सकता है इसका बहुत फायदा मध्य प्रदेश को मिला। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे जो देश के दो बड़े शहरों को जोड़ रहा है, उसका बड़ा हिस्सा मध्य प्रदेश से ही होकर गुजरता है। एक तरफ मध्य प्रदेश को मुंबई के पोर्ट के लिए कनेक्टिविटी मिल रही है, दूसरी तरफ नॉर्थ इंडिया के मार्केट को भी जोड़ रहा है। आज मध्य प्रदेश में पांच लाख किलोमीटर से अधिक का रोड नेटवर्क है। उन्होंने आगे कहा कि मध्य प्रदेश में एयर कनेक्टिविटी की बात की जाए तो ग्वालियर और जबलपुर एयरपोर्ट के टर्मिनल्स का भी विस्तार किया गया है। हम यही नहीं रुके हैं, बड़ा रेल नेटवर्क है, उसको भी मॉडर्नाइज किया जा रहा है। मध्य प्रदेश में रेल नेटवर्क का शत प्रतिशत विद्युतीकरण किया जा चुका है। भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन की तस्वीर आज भी सबका मन मोह लेती है। इसी तर्ज पर एमपी के 80 रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत आधुनिक बनाया जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि बीता दशक भारत के लिए एनर्जी सेक्टर की अकल्पनीय वृद्धि कर रहा है। खास तौर पर ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में। मध्य प्रदेश को बहुत लाभ मिला, यह आज पावर सरप्लस राज्य है। यहां उत्पादित बिजली में से 30 प्रतिशत ग्रीन एनर्जी है। रीवा सोलर पार्क देश के सबसे बड़े पार्क में से एक है। कुछ दिन पहले ओंकारेश्वर में फ्लोटिंग सोलर प्लांट की शुरुआत हुई। सरकार द्वारा बीना रिफाइनरी में 50 हजार करोड़ का निवेश किया गया।

## अप्रैल में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर का उद्घाटन

- एयरपोर्ट से उत्तराखंड के प्रमुख शहरों के लिए डायरेक्ट बस सर्विस शुरु होगी

**नवीन मेल नेटवर्क**

**दिल्ली ।** अप्रैल में नोएडा इंटरनेशल एयरपोर्ट जिसे जेवर एयरपोर्ट के रुप में भी जाना जाता है का भव्य उद्घाटन किया जाएगा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और उत्तराखंड ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन के बीच हुए समझौते के बाद, अब देहरादून, हरिद्वार, ऋषिकेश, हल्द्वानी जैसे प्रमुख शहरों तक पहुंचाने के लिए बस सर्विस उपलब्ध होगी। इस सर्विस के बाद सबसे ज्यादा फायदा उत्तराखंड के लाखों लोगों का होगा।यह बस सर्विस न केवल उत्तराखंड की खूबसूरत जगहों पर ले जाएगी। इससे उत्तराखंड का टूरिज्म भी बढेगा। धार्मिक महत्व के लिए जाने जाने वाले ऋषिकेश और हरिद्वार जैसे फेमस टूरिस्ट डेस्टिनेशन यात्री आराम से आ सकते हैं। इसके अलावा बस सर्विस के जरिए आप देहरादून तक भी बस सर्विस मिलेगी, जिसके बाद आप मसूरी की ओर भी जा सकते हैं।यह एयरपोर्ट यमुना एक्सप्रेसवे द्वारा द्वारा वृन्दावन, मथुरा और आगरा जैसे पर्यटन स्थलों से जुड़ा होगा, जिससे अब आने-जाने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। इस एयरपोर्ट के आने से टूरिज्म में काफी बढ़ावा मिलेगा। नोएडा के लोगों को इससे बड़ा लाभ मिल सकता है यदि देश विदेश की उड़ानों को इससे जोड़ा जाए जो अभी दिल्ली एयरपोर्ट के बाद ट्रैफिक में परेशान होते हैं ।

## ट्यूनीशिया में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई, ड्रग्स को जब्त किया गया

**ट्यूनिस (आईएएनएस)**



ट्यूनीशियाई सुरक्षाबलों ने राजधानी ट्यूनिस में सक्रिय मादक पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। ट्यूनीशियाई राष्ट्रीय गार्ड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने कैनाबिस (ड्रग) को जब्त किया है। रविवार को बयान में कहा गया, "राष्ट्रीय गार्ड की इकाइयों ने संगठित अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चल रहे प्रयासों के तहत बेन अरूस में एक अभियान के दौरान कई प्रांतों में सक्रिय एक नेटवर्क को सफलतापूर्वक ध्वस्त कर दिया है।" सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बयान का जिक्र करते हुए बताया, "अभियान के दौरान तीन प्रमुख संदिग्धों को भी गिरफ्तार किया गया और वर्तमान में जांच जारी है।

## चुनाव आयोग की राज्यों केंद्र शासित प्रदेशों के चुनाव अधिकारियों के साथ होगी बैठक

**नवीन मेल नेटवर्क**

- सोशल मीडिया और आधुनिक चुनावी प्रबंधन पर होगी चर्चा

**दिल्ली ।** भारत निर्वाचन आयोग 4-5 मार्च को इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट, नई दिल्ली में सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित करेगा ।ज्ञानेश कुमार के सीईसी के रूप में कार्यभार संभालने के बाद आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में सीईओ, डीईओ और ईआरओ राज्य, जिला और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर महत्वपूर्ण पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे ।सम्मेलन के पहले दिन वास्तुकला, प्रभावी संचार, सोशल मीडिया आउटरीच को बढ़ाने और चुनावी प्रक्रियाओं में विभिन्न पदाधिकारियों की वैधानिक भूमिका सहित आधुनिक चुनाव प्रबंधन के प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा होगी। दूसरे दिन, राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के सीईओ पिछले दिन की विषयगत चर्चा पर अपनी-अपनी कार्य योजना प्रस्तुत करेंगे।

## बांग्लादेश में वासुसेना अड्डे पर बदमाशों का हमला

**ढाका (आईएएनएस)।** बांग्लादेश में कई बदमाशों ने देश के दक्षिण-पूर्वी तट पर कॉक्स बाजार में स्थित



वायुसेना अड्डे पर घात लगाकर हमला किया। यह घटना मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के लिए एक और झटका है जिस पर लगातार आरोप लग रहा है कि वह देश में जारी अराजकता को रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही।

### ट्रंप के दो अति चहेतों में तनातनी

# एलन मस्क की मनमानी पर काश पटेल ने लगाई नकेल

**एफबीआई कर्मचारियों से कहा है कि ट्रम्प प्रशासन से प्राप्त ईमेल का जवाब न दें, जिसमें उनसे बीते सप्ताह की अपनी उपलब्धियों को सूचीबद्ध करने के लिए कहा गया है**

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** डोनाल्ड ट्रम्प सरकार में एफ़बीआई के नए निदेशक बने काश पटेल ने अपनी एजेंसी के कर्मचारियों से कहा है कि वे डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन से प्राप्त ईमेल का जवाब न दें, जिसमें उनसे पिछले सप्ताह की अपनी उपलब्धियों (जिसमें एफबीआई के गुप्त अभियान , जाँच,योजना आदि )को सूचीबद्ध करने के लिए कहा गया है। क्योंकि टेक अरबपति एलन मस्क संघीय सरकार के आकार को कम करने के लिए अपने अभियान का विस्तार कर रहे हैं।हजारों संघीय कर्मचारियों को कार्मिक प्रबंधन कार्यालय को यह बताने के लिए 48 घंटे से थोड़ा अधिक समय दिया गया था, कि उन्होंने क्या हासिल किया, जिससे अमेरिका की शीर्ष कानून प्रवर्तन एजेंसी सहित प्रमुख एजेंसियों में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई।लेकिन एफबीआई निदेशक ( गुरुवार को सीनेट द्वारा पुष्टि की गई ) ने अनुरोध को कम कर दिया। इस बारे में एबीसी न्यूज़ के अनुसार, एजेंसी अगले कदमों पर अमेरिकी न्याय विभाग से अतिरिक्त मार्गदर्शन मांग रही थी।पटेल के संदेश में लिखा था, "एफबीआई कर्मियों को ओपीएम से जानकारी मांगने वाला ईमेल प्राप्त हो सकता है।" "निदेशक कार्यालय के माध्यम से एफ़बीआई हमारी सभी समीक्षा प्रक्रियाओं का प्रभारी है, और एफ़बीआई प्रक्रियाओं के अनुसार समीक्षा करेगा। जब और यदि आगे की जानकारी की आवश्यकता होगी, तो हम प्रतिक्रियाओं का समन्वय करेंगे। अभी के लिए, कृपया कोई भी प्रतिक्रिया रोक दें।" पटेल का यह पत्र रविवार को आई उन रिपोर्टों के बीच आया है, जिनमें संकेत दिया गया था कि उन्हें अल्कोहल, तंबाकू, आग्नेयास्त्र और विस्फोटक ब्यूरो (एटीएफ) का कार्यवाहक प्रमुख नियुक्त किए जाने की उम्मीद है, जो एक घरेलू कानून प्रवर्तन एजेंसी है, जो एफबीआई की तरह न्याय विभाग के अंतर्गत आती है।इसके अलावा, न्यूयॉर्क के पूर्वी जिले में शीर्ष संघीय अभियोजक, अमेरिकी अटॉर्नी जॉन डरहम ने भी अपने कर्मचारियों को संदेश भेजा कि वे इस पर प्रतिक्रिया न दें, आउटलेट के अनुसार।"बेशक, हमारा अधिकांश काम कानून प्रवर्तन से संबंधित है (बहुत से वर्गीकृत कामों के अलावा), इसलिए यह मानते हुए भी कि यह वैध है, हमें इस जांच का जवाब देने में सावधानी बरतनी होगी। जैसा कि उल्लेख किया गया है, समय सीमा सोमवार को रात 11.59 बजे तक नहीं है, इसलिए हमारे पास बहुत समय है," डरहम ने अपने पत्र में लिखा। और रक्षा विभाग ने कथित तौर पर कर्मचारियों को ओपीएम संदेश का जवाब देने से रोकने के लिए कहा। इस बारे में रविवार को सीएनएन की नताशा बर्ट्रेंड ने बताया कि रक्षा विभाग अपने कर्मियों के प्रदर्शन की समीक्षा करने के लिए जिम्मेदार है और अपनी प्रक्रियाओं के अनुसार ही कोई भी समीक्षा करेगा। "जब और यदि आवश्यक हो, तो विभाग ओपीएम से आपको प्राप्त ईमेल के जवाबों का समन्वय करेगा।" हालांकि, ट्रम्प के राष्ट्रीय स्वास्थ्य सचिव रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर ने स्पष्ट रूप से पटेल, डरहम और रक्षा विभाग के निर्देशों का पालन नहीं किया। बुलवार्क के सैम स्टीन द्वारा रिपोर्ट किए गए ईमेल की एक प्रति के अनुसार, उन्होंने अपने कर्मचारियों से ओपीएम निर्देश का पालन करने की मांग की। कैनेडी की एजेंसी ने कर्मचारियों को भेजे गए ईमेल में कहा, "यह एक वैध ईमेल है।" "कृपया निर्देशों को पढ़ें और उनके अनुसार जवाब दें।" मस्क, जिन्हें डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे राष्ट्रपति पद के दौरान सरकारी लागत में कटौती करने का काम सौंपा गया है, ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया नेटवर्क पर असाधारण अनुरोध को टेलीग्राम किया। मस्क ने एक्स पर पोस्ट किया, जिसके वे मालिक हैं। "ट्रंप के निर्देशों के अनुरूप, सभी संघीय कर्मचारियों को जल्द ही एक ईमेल प्राप्त होगा जिसमें यह समझने का अनुरोध किया जाएगा कि उन्होंने पिछले सप्ताह क्या किया।" "जवाब न देने पर इस्तीफा माना जाएगा।" इसके तुरंत बाद, संघीय कर्मचारियों - जिनमें कुछ न्यायाधीश, न्यायालय के कर्मचारी और संघीय जेल अधिकारी शामिल थे - को इस निर्देश के साथ तीन-लाइन का ईमेल मिला: "कृपया इस ईमेल का उत्तर लगभग 5 बुलेट के साथ दें कि आपने पिछले सप्ताह क्या किया और अपने प्रबंधक को कॉपी करें।" जवाब देने की समय सीमा सोमवार रात 11.59 बजे सूचीबद्ध की गई थी, हालांकि ईमेल में जवाब न देने वालों के बारे में मस्क की सोशल मीडिया धमकी शामिल नहीं थी।

# मस्क की टेस्ला को एंट्री देने के लिए भारत सरकार इवी नीति में दी जाएगी छूट?

**ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** विश्व के सबसे धनी व्यक्ति एलोन मस्क जो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के इन दिनों सबसे चहेते सलाहकार तथा उनकी इनर कोटरी वाले हो गये हैं , उनकी इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी टेस्ला को भारत में सस्ते में प्रवेश देने के लिए मोदी सरकार ईवी नीति में फिर बदलाव करने जा रही है। यह सब किया जा रहा है अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा भारत के उत्पादों के अमेरिका में आयात पर ज्यादा कर लगाने की धमकी देने के बाद। टेस्ला जैसी अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को आकर्षित करने के लिए, नई नीति के तहत ऑटोमोबाइल कंपनियों को अपने दूसरे साल तक 2,500 करोड़ रुपये का सालाना टर्नओवर दिखाना जरूरी हो सकता है। इसके अलावा, सरकार ईवी सेक्टर को और मजबूत करने के लिए आयात शुल्क में और छूट देने पर विचार - विमर्श कर रही है। इन बदलावों से टेस्ला और अन्य कंपनियों के लिए भारत में कारोबार शुरू करना आसान हो जाएगा। संशोधित ईवी नीति मार्च के मध्य तक आधिकारिक रूप से लागू करने की कोशिश हो रही है। जिसके बाद सरकार आवेदन स्वीकार करना शुरू कर देगी। सरकार अगस्त 2025 तक मंजूरी दे सकती है, और इसके बाद विदेश से टेस्ला का आयात शुरू हो सकता है।टेस्ला ने भारत के विभिन्न शहरों में कम से कम 13 पदों के लिए भर्ती के विज्ञापन दिए हैं। बीते कुछ माह में भारत में ईवी सेक्टर काफी तेजी से बढ़ा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा यह कहे जाने पर कि भारत में अमेरिकी उत्पादों के आयात पर सौ प्रतिशत तक टैक्स लगाया जा रहा है। उसने टेस्ला व हार्ले-डेविडसन बाइक पर भारत द्वारा बहुत ज्यादा आयात टैक्स लगाने की बात कई सभाओं में कही। और धमकी दी है कि अमेरिका अब भारत के सामानों पर भी उतना ही टैक्स लगाएगा। ट्रम्प दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद से जो कड़ा रुख अपनाए हुए हैं , उसको देखते हुए भारत सरकार ने मार्च 2025 में अपनी नई ईवी नीति पेश की , जिसके तहत ईवी आयात करने की इच्छुक कंपनियों के लिए कस्टम ड्यूटी को घटाकर कुछ शर्तों के साथ 15 % कर दिया गया ।इसके तहत भारत में इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण प्लांट लगाने के लिए कम से कम 4,150 करोड़ रुपये का निवेश अनिवार्य किया गया। इस नीति के तहत, कंपनियों को तीन साल के भीतर स्थानीय ईवी निर्माण शुरू करना होगा। और इस अवधि में कम से कम 25 प्रतिशत घरेलू मूल्य संवर्धन (डोमेस्टिक वैल्यू एडिशन) हासिल करना होगा। पांच साल के अंदर डीवीए को बढ़ाकर 50 % करना अनिवार्य होगा। अब नई नीति में प्रस्तावित संशोधनों के अनुसार, ईवी कंपनियों को अपने दूसरे साल में 2,500 करोड़ रुपये के सालाना टर्नओवर को भी प्रदर्शित करना होगा। इन बदलावों के जरिए सरकार भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने की रफ्तार को बढ़ाना चाहती है। लेकिन इस पर कई विदेशी कंपनियों ने इसे मजबूर करने वाली शर्त कहा है। जबकि कई देशों ने भारतीय उत्पात वाली कंपनियों के लिए भी वैसी ही शर्त अपने देशों में लगाने की बात चलानी शुरू कर दी है। इस तरह कूटनीतिक व व्यापारिक दांव-पेच चला जा रहा है। लेकिन अमेरिका अभी भी विश्व का सुपर पावर है , इसलिए देखना है वह क्या करता है, और किस देश को अपनी शर्तों पर कितना झुकाता है?

## यूएसएआईडी के 1600 कर्मचारियों को निकाला, अन्य को छुट्टी पर भेजा

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**

ट्रंप प्रशासन का फैसला



डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी (यूएसएआईडी) के 1,600 से अधिक कर्मचारियों को बर्खास्त करने का ऐलान किया। इसके साथ ही अतिरिक्त कर्मचारियों को सवेतन प्रशासनिक अवकाश पर भेजा गया। इस कदम की पुष्टि प्रशासक कार्यालय की ओर से यूएसएआईडी कर्मचारियों को भेजे गए एक कम्युनिकेशन के माध्यम से की गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप प्रशासन ने इन कर्मचारियों को नौकरी से निकालने का फैसला कई कानूनी चुनौतियों के बाद लिया। ट्रंप प्रशासन को हजारों यूएसएआईडी कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की कोशिश के दौरान कई कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ा था।

ट्रंप ने शुरुआत में एजेंसी को खत्म करने की कोशिश की थी, लेकिन एक फेडरल जज ने कानूनी मुश्किलें खड़ी कर दीं और अस्थायी रूप से ऐसी कार्रवाइयों को रोक दिया। हालांकि, शुक्रवार को आए एक फैसले ने रोक हटा दी, जिससे मौजूदा छंटनी जारी रखने का रास्ता साफ हो गया।

## बांग्लादेश में वासुसेना अड्डे पर बदमाशों का हमला

**ढाका (आईएएनएस) ।** बांग्लादेश में हाल के दिनों में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा की घटनाएं बढ़ गई हैं। इससे नाराज छात्रों ने अंतरिम सरकार की नाकामी के विरोध मार्च निकाला। रविवार को ढाका के कई प्रमुख कॉलेजों और विश्वविद्यालयों जैसे जगन्नाथ विश्वविद्यालय, ईडन कॉलेज, गवर्नमेंट टिटुमिर कॉलेज, यूनिवर्सिटी ऑफ लिबरल आर्ट्स बांग्लादेश (यूएलएबी) और बीआरएसी विश्वविद्यालय में विरोध प्रदर्शन हुए।

# सड़क किनारे उगने वाला यह साधारण पौधा है आयुर्वेद का 'असाधारण रत्न'

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



### जानिए कैसे बालों से लेकर लीवर तक करता है चमत्कार

गांवों और शहरों की सड़कों के किनारे, नमी वाले कोनों में उगने वाला 'भृंगराज' का पौधा देखने में भले ही मामूली लगे, लेकिन आयुर्वेद में यह एक 'रत्न' समान है। प्राचीन ग्रंथ चरक संहिता और सुश्रुत संहिता में इसे 'केशराज' और 'भृंगराज' जैसे नामों से जाना जाता है, जो इसके बालों के लिए रामबाण गुणों को उजागर करते हैं। लेकिन इसका महत्व सिर्फ बालों तक सीमित नहीं। यह पौधा लीवर को डिटॉक्स करने, ब्लड शुगर को नियंत्रित करने और पाचन को दुरुस्त रखने में भी सदियों से आयुर्वेदिक चिकित्सा का हिस्सा रहा है। भृंगराज को वनस्पति विज्ञान में एक्लिप्टा अल्बा कहा जाता है। यह आस्टेरेसी कुल का सदस्य है। भारत, चीन और ब्राजील जैसे देशों में यह बहुतायत में पाया जाता है। ग्रामीण इलाकों में इसे 'घमरा' या 'भांगड़ा' जैसे नामों से जाना जाता है। इसकी तीखी गंध और स्वाद के पीछे छिपे हैं औषधीय गुणों के भंडार, जिन्हें आयुर्वेद ने हजारों साल पहले ही पहचान लिया था।

चरक संहिता में इसे 'पित्तशामक' और 'रक्तशोधक' बताया गया है, जो लीवर की कार्यक्षमता बढ़ाने और रक्त को शुद्ध करने में सक्षम माना जाता है। वहीं, सुश्रुत संहिता में भृंगराज तेल को बालों की जड़ों को मजबूत करने और समय से पहले सफेदी रोकने की 'अग्रणी औषधि' कहा गया है।

बालों के लिए तो यह पौधा किसी वरदान से कम नहीं। आधुनिक समय में असमय सफेद होते बाल, टूटते हुए रेशे और रूसी की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए भृंगराज का तेल एक प्राकृतिक समाधान है। इसके नियमित उपयोग से बालों की जड़ें मजबूत होती हैं, रक्त संचार बेहतर होता है और केराटिन का उत्पादन बढ़ता है। यही नहीं, इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और एंटीफंगल गुण सिर की त्वचा को संक्रमण से बचाते हैं और डैंड्रफ से मुक्ति दिलाते हैं। ग्रामीण इलाकों में आज भी बुजुर्ग इसके पत्तों को पीसकर लेप बनाते हैं और बालों में लगाते हैं, जबकि शहरी इलाकों में लोग इसके तेल को महंगे ब्रांड्स से खरीदते हैं। इसका तेल घर पर भी आसानी से बनाया जा सकता है। नारियल या सरसों के तेल में भृंगराज की पत्तियों को उबालकर, जिससे इसका सार तेल में समा जाता है। बालों के अलावा, यह पौधा शरीर के आंतरिक स्वास्थ्य के लिए भी उतना ही गुणकारी है। आयुर्वेद के अनुसार, भृंगराज का रस या कैप्सूल लीवर को डिटॉक्सिफाई करने में अहम भूमिका निभाता है। यह पित्त के स्राव को संतुलित करता है और फैटी लीवर, पीलिया जैसे रोगों में राहत देता है। शोध बताते हैं कि इसमें मौजूद 'वेडेलोलैक्टोन' नामक यौगिक लीवर सेल्स के पुनर्जनन में मदद करता है। साथ ही, यह पाचन तंत्र को मजबूत बनाने वाली 'जठराग्नि' को प्रज्वलित करता है, जिससे भोजन का पाचन और पोषक तत्वों का अवशोषण बेहतर होता है। पेट की गैस, अल्सर और मतली जैसी समस्याओं में भी यह कारगर है।

डायबिटीज के मरीजों के लिए भी भृंगराज रामबाण है। इसके कसैले गुण और एंटी-हाइपरग्लाइसेमिक प्रभाव ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने में सहायक माने गए हैं। आयुर्वेदिक चिकित्सक इसे नियमित आहार में शामिल करने की सलाह देते हैं, खासकर मधुमेह के प्रारंभिक चरणों में।